RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 356 ■ मुंबई, गुरुवार 17 जुलाई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



गडकरी : भारत का कचरा एक बड़ा मौका
पेज-4



संसद में अब सांसद-विजिटर्स को मिलेगा 'सेहतमंद आहार'
पेज-7



दुनिया के सबसे एडवांस कैमरों से होगी विधानसभा की निगरानी
पेज-9



'वॉर 2' का धमाकेदार पोस्टर हुआ रिलीज
पेज-10

# भारत को टैरिफ की धमकी

## नाटो ने कहा- इंडियन PM हों या चीनी राष्ट्रपति, रूस को जंग रोकने को कहें, वरना नतीजा भुगतना होगा

**महानगर नेटवर्क**

**ब्रसेल्स**

नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है।

रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन



पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें।

रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100% सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

### रूस ने किया खारिज

रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा। नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझीदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है।



# सीरिया पर इजरायली हमला

**महानगर नेटवर्क**

**दमिश्क**

इजरायल ने बुधवार को सीरिया की सेना के मुख्यालय को निशाना बनाते हुए हमला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सीरियाई सुरक्षा बलों और ड्रूज सशस्त्र समूहों के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान इजरायल ने दमिश्क में रक्षा मंत्रालय के निकट हमला किया। मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस हमले में दमिश्क में स्थित सीरियाई सेना के मुख्यालय को भारी नुकसान पहुंचा है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि 'आईडीएफ ने सीरिया के दमिश्क क्षेत्र में सीरियाई शासन के सैन्य मुख्यालय के प्रवेश द्वार पर हमला किया है। वह स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। सेना ने कहा, 'आईडीएफ दक्षिणी सीरिया में ड्रूज नागरिकों के खिलाफ घटनाक्रम और शासन की कार्रवाई पर नजर रख रही है। आईडीएफ के अनुसार यह हमला इजरायल के राजनीतिक नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार किया गया है। सीरिया के दारा से सामने आए एक वीडियो में बताया गया है कि इजरायली सैन्य अभियान में दारा के गवर्नर के घर को निशाना बनाया गया है।

# 'कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते'

## CDS बोले- विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमें कमजोर बना रही, स्वदेशी एडवांस टेक्नोलॉजी जरूरी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा विदेश से इम्पोर्ट की गई टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध तैयारियां कमजोर करती हैं। CDS ने कहा कि यह हमें कमजोर बना रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी C-UAS (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी हैं। हमें अपनी सुरक्षा के लिए इन्वेस्टमेंट करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। CDS ने ये बातें दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में UAV (अनमैंड एरियल व्हीकल) और C-UAS (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) की प्रदर्शनी में कहीं।



### रक्षा क्षेत्र में तेजी से बदलाव

चौहान ने युद्ध में हो रहे बदलावों के बारे में बताते हुए कहा, 'धीरे-धीरे बदलावों ने हथियारों और युद्ध में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों को छोटा, तेज, हल्का, ज्यादा कुशल और सस्ता बना दिया है। हमारे पास बड़ी और भारी राइफलें थीं; अब वे छोटी, हल्की और अधिक दूरी तक मार करने वाली हैं। यही बात टैंकों और विमानों पर भी लागू होती है - वे अब हल्के, तेज और ज्यादा सुरक्षा देने वाले हैं।' युद्ध में ड्रोन के उपयोग पर कहा कि जब हम ड्रोन के बारे में बात करते हैं, तो आपको क्या लगता है कि ये क्या हैं ये युद्ध में विकासवादी बदलाव ला रहे हैं या क्रांतिकारी बदलाव मुझे लगता है कि उनका विकास विकासवादी है और युद्ध में उनका उपयोग बहुत क्रांतिकारी रहा है।

# फडणवीस का ऑफर: उद्धव जी, आप इधर आना चाहें तो आ जाएं...

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र की राजनीति के लिए बीते छह साल काफी अप्रत्याशित रहे हैं। अब एक बार फिर से महाराष्ट्र में सियासी पारा चढ़ गया है। इसकी वजह है बुधवार को महाराष्ट्र विधान परिषद में सीएम फडणवीस द्वारा उद्धव ठाकरे को दिया गया खुला ऑफर। विधान परिषद में नेता विपक्ष अंबादास दानवे की विदाई के मौके पर बोलते हुए सीएम फडणवीस ने जो कुछ कहा उसकी अगल-अलग ढंग से व्याख्या शुरू हो गई है।

महाराष्ट्र में ठाकरे ब्रदर्स के फिल्मी



तरीके से एक मंच पर आने के बाद जहां मनसे और शिवसेना यूबीटी में गठबंधन की संभावनाओं पर चर्चा हो रही है। तो इस सब के बीच फडणवीस ने विधान परिषद में कहा कि उद्धव जी 2029 तक मेरी तो उस तरफ (विपक्ष की ओर) आने की कोई संभावना है नहीं। आप इधर आना चाहें, तो रास्ता निकाला जा सकता है। लेकिन उसके लिए कुछ अलग तरीके से सोचना पड़ेगा।

फडणवीस ने सिर्फ उद्धव ठाकरे को सत्तापक्ष में आने का ऑफर नहीं दिया बल्कि यह भी बता दिया कि विधान परिषद के नेता अंबादास दानवे भले ही अब उद्धव ठाकरे के विश्वासपात्र हैं लेकिन दानवे भी कभी बीजेपी के प्रतिबद्ध कार्यकर्ता हुआ करते थे। फडणवीस ने दानवे की खूब तारीफ की और उन्हें हिंदुत्व के साथ प्रखर सावरकरवादी बताया।

महाराष्ट्र के कुछ राजनीतिक प्रेक्षक इसे सिर्फ एक मजाक मान रहे हैं तो वहीं कुछ कहना है कि फडणवीस ने अपने दिल की बात बड़े अच्छे ढंग से कह दी है। उद्धव ठाकरे को साथ आने का ऑफर देने का इससे अच्छा मौका नहीं हो सकता है, जबकि भाजपा के ही कई विधायकों का मानना है कि सीएम देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को लेकर सियासी तंज कसा है। इसे बहुत गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।

### हंसी-मजाक में कही गई बात को वैसे ही समझना चाहिए : उद्धव

फडणवीस के ऑफर के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में जहां यह घटना हॉट टॉपिक बन गया है तो वहीं दूसरी तरफ विधान परिषद से निकलने पर उद्धव ठाकरे की प्रतिक्रिया भी सामने आई। ठाकरे से जब मीडिया ने सीएम फडणवीस के ऑफर पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि सदन में ये बातें हंसी-मजाक के रूप में कही गई थीं, उन्हें वैसे ही समझना चाहिए। राजनीतिक प्रेक्षकों का कहना है उद्धव ठाकरे के लिए महाराष्ट्र में दुश्मन नंबर 1 एकनाथ शिंदे हैं बीजेपी नहीं। ऐसे में कब क्या हो जाए? कोई कुछ नहीं कह सकता।

# एयर इंडिया की फ्लाइट का रास्ते में खत्म हुआ तेल

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की कंपनी है एयर इंडिया। इसके पैसेंजर्स की दिक्कत खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। बुधवार सुबह 10:30 बजे मुंबई से दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट (IGI Airport) के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट के 167 पैसेंजर्स का जो हाल हुआ, उस स्थिति से आप भी निश्चित रूप से बचना चाहेंगे। इस फ्लाइट का बीच रास्ते में ही तेल (ATF) खत्म हो गया। जयपुर हवाई अड्डे पर जगह नहीं मिली तो अमृतसर जा कर तेल भरवाना पड़ा। उसके बाद पैसेंजर्स दिल्ली लौटे। मुंबई से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट संख्या AI-2994 के यात्रियों की सांसें अटक गई थीं।



# परेल स्टेशन पर तेज लोकल ट्रेनों के ठहराव को रेलवे प्रशासन से करेंगे अनुरोध : लोढ़ा

महानगर संवाददाता
मुंबई

परेल स्टेशन पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों और विभिन्न कॉर्पोरेट कार्यालयों के चलते भीड़-भाड़ में भारी वृद्धि हुई है। साथ ही, इस क्षेत्र में कई बड़े अस्पताल भी स्थित हैं, इसलिए इस स्टेशन पर तेज लोकल ट्रेनों का ठहराव मिलना चाहिए, यह जनता की प्रमुख मांग है। इस संदर्भ में रेलवे प्रशासन से अनुरोध किया जाएगा, ऐसा बयान महाराष्ट्र के कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने दिया है।

मुंबई महापालिका के एफ दक्षिण विभाग कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में वे बोल रहे थे। इस जनसुनवाई को जनता से जबरदस्त प्रतिसाद मिला। मंत्री लोढ़ा ने आगे कहा कि, "जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए प्रशासनिक यंत्रणा को सक्रिय होकर सीधे जनता तक पहुंचना चाहिए। उनकी समस्याओं को जानकर, उनका निराकरण करना चाहिए। ऐसी स्पष्ट दिशा महाराष्ट्र के लोकप्रिय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंत्रिमंडल के सदस्यों को दी थी। उसी के अनुरूप इस जनता दरबार का आयोजन किया गया", ऐसा मंत्री लोढ़ा ने बताया।



उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से जनता की समस्याओं को हल करके जब तक उन्हें समाधान नहीं मिलता, तब तक हम कार्यरत रहेंगे और लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करेंगे। इस जनसुनवाई की खास बात यह रही कि इसमें प्रशासन के 12 से अधिक विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, साथ ही रेलवे प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।

समस्या लेकर आए नागरिकों ने बताया कि जब सभी अधिकारी एक ही छत के नीचे उपलब्ध होते हैं, तो उन्हें बार-बार अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते।

### 200 से अधिक नागरिकों की समस्याओं का समाधान

इस दौरान नागरिकों ने अवैध पार्किंग में खड़ी लावारिस गाड़ियों, ट्रैफिक कंट्रोल, पानी के दबाव, राशन वितरण की गड़बड़ियों और हाउसिंग सोसायटियों के पुनर्विकास जैसे मुद्दे रखे। इस जनसुनवाई में 300 से अधिक नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से 200 से अधिक नागरिकों की समस्याओं का समाधान वरिष्ठ अधिकारियों ने तुरंत मौके पर ही कर दिया। शेष समस्याओं को भी नजर अंदाज न करते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के आदेश मंत्री लोढ़ा ने अधिकारियों को दिए। इस जनता दरबार में स्थानीय विधायक श्री कालिदास कोळंबकर, एफ दक्षिण विभाग के सहायक आयुक्त श्री महेश पाटिल और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे।

# विधानसभा में उठा हनी ट्रैप का मामला

### नाना पटोले की मांग, सरकार दे जानकारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राजनेता सहित 72 वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के हनी ट्रैप में फंसने की खबर से हलचल मच गई है। बुधवार को यह मामला विधानसभा में उठा। कांग्रेस के विधायक नाना पटोले ने औचित्य के मुद्दे के तहत यह मामला उठाते हुए कहा कि हनी ट्रैप में राज्य के वरिष्ठ अधिकारी, आईएएस अधिकारी और मंत्री फंसे होने की चर्चा है। राज्य के कई गोपनीय कागजात उनके पास गए हैं। राज्य के गोपनीय कागजात असामाजिक तत्वों के पास गए तो इससे संकट पैदा हो सकता है। ऐसे में सरकार को शाम तक इसकी जानकारी सदन को देनी चाहिए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि सरकार इस पर गौर करे। मिली जानकारी के अनुसार हनी ट्रैप में फंसे वरिष्ठ अधिकारी और नेता नाशिक, मुंबई और पुणे के निवासी हैं। इस घटना के संबंध में कई शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से तीन ठाणे जिला पुलिस में दर्ज हैं।

# निजी दफ्तरों के कामकाज का बदलेगा समय!

## शिफ्ट में बदलाव के लिए टास्क फोर्स का होगा गठन

## परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दी जानकारी

महानगर संवाददाता
मुंबई

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विधानसभा में कहा कि मुंबई की लोकल ट्रेनों में भीड़ को कम करने के लिए निजी दफ्तरों के कामकाज के समय में बदलाव करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। भाजपा के विधायक अतुल भातखलकर की तरफ से मुंब्रा रेलवे दुर्घटना के संबंध में उपस्थित लक्ष्यभेदी सूचना पर हुई चर्चा के जवाब में परिवहन मंत्री ने कहा कि एमएमआर क्षेत्र में तेजी से जनसंख्या बढ़ रही है और यात्री लोकल ट्रेन पकड़ने के लिए अपनी जान तक की परवाह नहीं करते और लटककर यात्रा करते हैं। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एसी लोकल की तरह साधारण लोकल में दरवाजे बंद करने की प्रणाली लागू करने के लिए केंद्रीय रेलवे मंत्री से बात की है। यदि लोकल के दरवाजे बंद होंगे तो दुर्घटनाएं नहीं होंगी।



तीन साल में 7565 यात्रियों की मौत

परिवहन मंत्री ने कहा कि मुंबई में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सरकार ने यात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए जल परिवहन, पोड टैक्सी और रोपवे जैसी वैकल्पिक परिवहन प्रणालियों पर विचार करना शुरू कर दिया है। ऐसी परिवहन सेवाओं के माध्यम से परिवहन सेवाओं को और अधिक कुशल बनाने के उपाय किए जाएंगे। मुंब्रा में 9 जून को हुए रेल हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरनाईक ने कहा कि इस घटना में जगह पर 4 यात्रियों की मौत हुई और बाद में अस्पताल में 1 व्यक्ति की मौत हुई। इस घटना में 9 लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि कल्याण के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की तारीफ करनी होगी।

### मंत्रालय में अधिकारी-कर्मचारियों को छूट

परिवहन मंत्री ने कहा कि सुबह और शाम के व्यस्त समय में लोकल ट्रेनों में भीड़ की समस्या को हल करने के लिए सरकार ने 1 जनवरी 2015 से मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करने के लिए 60 मिनट की छूट दी है। यह भी प्रावधान किया गया है कि सुबह 09.45 बजे से 10.45 बजे के बीच जितने मिनट अधिकारी-कर्मचारी विलंब से आएंगे तो उन्हें शाम 05.30 बजे के बाद उतने ही मिनट काम करना होगा। केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य में सरकारी कार्यालयों के लिए पांच दिवसीय सप्ताह लागू किया गया है। सरकारी कार्यालयों के कार्य समय में 45 मिनट की वृद्धि की गई है और इसे सुबह 9.45 बजे से शाम 6.15 बजे तक कर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों 'अग्निशिला' विशेषांक का लोकार्पण

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानभवन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों "अग्निशिला" हिंदी मासिक के 21वें स्थापना दिवस विशेषांक का लोकार्पण संपन्न हुआ। गत दो दशकों से "अग्निशिला" मासिक सामाजिक मुद्दों, जनहित, सूचना का अधिकार (RTI) और जनजागरण के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संपादक अनिल वेदव्यास गलगली के संपादकीय नेतृत्व में यह मासिक एक सशक्त जनआंदोलन बनकर उभरा है, जो समाज की बेचैनी, समस्याएं और परिवर्तन की आवाज़ को प्रभावशाली ढंग से सामने लाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने "अग्निशिला" की सामाजिक प्रतिबद्धता की सराहना की और संपादक अनिल गलगली को उनके कार्य के लिए बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



# बांद्रा पूर्व के रहिवासी दो सप्ताह से दूषित पानी पीने को मजबूर

## ■ इसी क्षेत्र में उद्धव ठाकरे का मातोश्री निवास भी

**मुंबई।** बांद्रा पूर्व कलानगर इलाके में साहित्य सहवास और पत्रकार कॉलोनी में रहने वाले नागरिक पिछले दो सप्ताह से दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। दूषित पानी के साथ-साथ इस परिसर में पानी की भी बड़े पैमाने पर समस्या हैं। मनपा एच पूर्व वार्ड में दूषित पानी को लेकर शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। दूषित पानी की सप्लाई से नागरिकों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। मजबूरी में लोग पानी को फिल्टर कर या बोतलबंद पानी खरीदकर पी रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने मनपा के कार्यप्रणाली के खिलाफ तीव्र नाराजगी जताई है और आंदोलन की तैयारी दिखाई है। कलानगर क्षेत्र में पहले चार से पांच मंजिला इमारतें थीं, लेकिन अब वहां ऊंची-ऊंची इमारतें खड़ी हो गई हैं।



### स्वच्छ पानी हमारा मौलिक अधिकार

इस इलाके में अभी भी कुछ पुरानी सोसायटियां मौजूद हैं जहां लेखक, पत्रकार, आर्किटेक्ट जैसे लोग रहते हैं। मातोश्री बंगला भी इसी क्षेत्र में स्थित है और आस-पास गांधीनगर व सरकारी सोसायटी भी हैं। इस इलाके में वर्षों से दिन में दो बार पानी की आपूर्ति होती है। पिछले दो सप्ताह से साहित्य सहवास और पत्रकार सोसायटी में दूषित पानी आ रहा है। इस संबंध में नागरिकों ने मनपा एच पूर्व वार्ड को पत्र भेजे हैं और शिवसेना (उबाठा) के विधायक वरुण सरदेसाई को भी शिकायत दी गई हैं। जिसके बाद मनपा के जल अभियंता विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया, लेकिन समस्या अब तक सुलझ नहीं पाई है। साहित्य सहवास में सात से आठ इमारतें हैं, और पत्रकार सोसायटी भी एक बड़ा परिसर है जिसमें रहने वाले अधिकांश लोग प्रभावित हैं। पत्रकार सोसायटी की निवासी शेफाली साधू ने कहा कि मनपा की कार्यशैली बेहद निराशाजनक है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद मनपा ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पानी हमारा मौलिक अधिकार है, फिर भी हमें वह नहीं मिल रहा है। साहित्य सहवास हाउसिंग सोसायटी के सचिव दत्तात्रेय मजुमदार ने बताया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास कार्य और एक हॉस्टल का निर्माण कार्य जारी है।

# सिराज मेंहदी बने रहेंगे राकांपा (एसपी) अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष

**मुंबई।** वरिष्ठ नेता सिराज मेंहदी पर भरोसा जताते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने उनके त्यागपत्र को खारिज कर दिया है। पार्टी ने उनकी निष्ठा और ईमानदारी को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग के पद से उनके त्याग पत्र को खारिज कर दिया है। साथ ही उन्हें पार्टी में बने रहने की सलाह देते हुए अपने पद पर अग्रिम आदेश तक काम करने की सलाह दी है। गौरतलब हो कि वरिष्ठ एनसीपी नेता सिराज मेंहदी ने बिगत 27 मार्च 2025 को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग के पद से त्यागपत्र पार्टी को भेजा था, जिसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार और कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने अस्वीकार किया है और उन्हें अपने काम पर जुटने और पार्टी को मजबूत करने के लिए लगने को कहा है।



# ठाणे पुलिस ने जब्त किए 30 करोड़ के ड्रग्स

## 5,778 लोग गिरफ्तार



**ठाणे।** ठाणे पुलिस ने बीते डेढ़ साल में नशे के खिलाफ जबरदस्त मुहिम चलाते हुए अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस दौरान पुलिस ने कुल 30 करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। साथ ही 5,778 आरोपियों को नशे का सेवन व बिक्री करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि ठाणे, रायगड, मुंबई उपनगर और पालघर को जोड़ने वाले मार्गों से यह नेटवर्क चलाया जा रहा था। ड्रग्स तस्कर इस मार्ग का फायदा उठाकर जिले में नशे की आपूर्ति करते थे। लेकिन ठाणे पुलिस ने आयुक्त आशुतोष डुंबरे के मार्गदर्शन में शहर से लेकर ग्रामीण भागों तक सघन कार्रवाई करते हुए इस पर प्रभावी अंकुश लगाया। अमली पदार्थ विरोधी पथक, क्राइम ब्रांच और पुलिस थानों की संयुक्त टीमों ने सिर्फ स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में जाकर ड्रग फैक्ट्रीज़ पर छापे मारकर उन्हें ध्वस्त किया है। इससे एमडी पावडर और कोडीन जैसे घातक ड्रग्स का निर्माण ही बंद कराया गया। वर्ष 2024 में 17.42 करोड़ रुपये की ड्रग्स सामग्री जब्त की गई, जिसमें एमडी, चरस, हर्बल गांजा, हायब्रिड गांजा, कफ सिरप, एलएसडी पेपर, कोकीन, ब्राउन शुगर और एमडीएमए जैसे नशीले पदार्थ शामिल थे। 2025 के पहले छह महीनों में ही 12.84 करोड़ रुपये से अधिक का माल जब्त हुआ। जांच के दौरान कोडीन पावडर की सबसे बड़ी खेप भी पकड़ी गई, जिसकी कीमत 2 करोड़ रुपये है। इसके अलावा एमडी पावडर की खेप भी हर बार करोड़ों में रही।ठाणे पुलिस ने केवल कार्रवाई तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि शालाओं और कॉलेजों में जाकर युवाओं के बीच जनजागृति अभियान भी चलाया।

# बीएसई के बाद अब एनएसई को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के बाद अब नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को भी बम से उड़ाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। यह धमकी उसी ईमेल आईडी से भेजी गई है जिससे बीएसई को धमकी भरा मेल भेजा गया था, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। बीकेसी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीकेसी पुलिस के अनुसार, एनएसई को भेजे गए ईमेल में यह दावा किया गया है कि एनएसई की इमारतों में आरडीएक्स और आईईडी विस्फोटक लगाए गए हैं और जल्द ही धमाके होंगे। यह धमकी कॉमरेड पिनाराई विजयन के नाम से भेजी गई है। रविवार को एनएसई के आधिकारिक ईमेल आईडी पर आए इस मेल में एक साथ सभी इमारतों में विस्फोट करने की चेतावनी दी गई थी। इस धमकी के बाद एनएसई के वरिष्ठ प्रबंधक कौशल कुमार ने बीकेसी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है।

# घोडबंदर मार्ग पर दुर्घटना से जाम की आफत

## 10 मिनट का सफर बना 1 घंटे की परेशानी

**ठाणे।** ठाणे के घोडबंदर मार्ग पर बुधवार को सुबह से ही भीषण जाम की स्थिति बन गई। पातलीपाडा उड्डाणपुल के पास मेट्रो मार्ग के निर्माण कार्य के लिए खड़े एक वाहन को पीछे से एक अन्य वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन से तेल सड़क पर फैल गया और इसके चलते पूरे मार्ग पर यातायात ठप्प हो गया। इस घटना के चलते पातलीपाडा से कापूरबावड़ी तक का 10 मिनट का सफर वाहन चालकों को पौना घंटा लगाकर तय करना पड़ा। बता दें कि ठाणे जिले के लिए महत्त्वपूर्ण माने जाने वाले इस मार्ग से उरण जेएनपीटी, भिवंडी से भारी वाहन, साथ ही वसई और गुजरात की दिशा में जाने वाले हल्के वाहन गुजरते हैं। इसी मार्ग पर मेट्रो चार (वडाला-घाटकोपर से कासारवडवली) और चार 'अ' (कासारवडवली से गायमुख) परियोजनाओं का काम चालू है। इसके चलते मार्ग पर जगह-जगह अवरोधक लगाए गए हैं, जिससे वाहनों की गति पर प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा, इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे भी परेशानी का सबब बन गए हैं। बुधवार को हुए इस अपघात के बाद ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने एक वाहन को तो साइड में कर दिया, लेकिन दूसरा वाहन हटाया नहीं जा सका, जिससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

# मनपा इंजीनियर का उड़ाया जा रहा मजाक

**मुंबई।** हाल ही में अंधेरी स्थित गोखले ब्रिज को पूरी तरह से आवागमन के लिए खोला गया। इस ब्रिज का निर्माण मनपा द्वारा किया गया। ब्रिज पर पैदल चलने वालों के लिए बनाया गया फुटपाथ मनपा इंजीनियरों के लिए मजाक का सबब बन गया है। गोखले ब्रिज का एक हिस्सा खोले जाने के दौरान बर्फीवाला ब्रिज के जोड़े जाने में बड़ा अंतर सामने आया था जिसके बाद मनपा अधिकारियों की बड़ी खिल्ली उडी थी। मनपा को दोनों ब्रिज को जोड़ने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। गोखले ब्रिज का एक हिस्सा खुलने के बाद मनपा की बड़ी छीछालेदर हुई थी। मनपा ने गोखले ब्रिज निर्माण के बाद पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनाया है जिसको लेकर अब सवाल खड़ा किया जा रहा है। संकरे फुटपाथ का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मई में पुल के उद्घाटन के लगभग दो महीने बाद यह वीडियो सामने आया है जिसे अब तक इसे 10 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। इस वीडियो को व्यंग्यात्मक टिप्पणी के साथ पोस्ट किया गया है। उसमें लिखा गया है, "यह है 111 करोड़ का गोखले ब्रिज, मुंबई — दो महीने पहले शुरू हुआ। फुटपाथ का आकार और डिजाइन देखिए। इंजीनियरिंग का चमत्कार।"

# महिला दलाल माही गिरफ्तार, दो पीड़िताओं का रेस्क्यू

**भायंदर।** अनैतिक मानव तस्करी प्रतिबंधक कक्ष को गुप्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई कि एक महिला दलाल जो माही नाम से जानी जाती है, देह व्यापार का संचालन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार माही ग्राहकों से मोबाइल पर संपर्क करती थी और फिर हॉटऐप (HotApp) के माध्यम से लड़कियों की तस्वीरें भेजकर पैसों के बदले में उनके साथ देह व्यापार के लिए लड़कियां उपलब्ध करवाती थी। सूचना की पुष्टि हेतु आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कर एक नकली ग्राहक और दो पंच गवाहों के साथ पुलिस टीम ने माही द्वारा बताई गई जगह मीरा रोड स्थित बालाजी होटल के पास दोपहर लगभग 2:15 बजे छापा मारा। छापेमारी में महिला दलाल खुशी उर्फ माही अरविंद रागोर, उम्र 27 वर्ष को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। उसने दो युवतियों को देह व्यापार के लिए प्रेरित किया था और ग्राहकों से 15,000 रुपये की राशि वसूली थी। पुलिस ने मौके से दोनों पीड़ित लड़कियों को छुड़ाकर उन्हें संरक्षण के लिए रेस्क्यू फाउंडेशन, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई भेजा, महिला दलाल खुशी उर्फ माही पर मामला दर्ज कर आगे की जांच करने में जुट गई डै।

# शिंदे के बगल में बैठने से उद्धव का इनकार

**मुंबई।** साल 2022 शिवसेना में पड़ी भारी फुट के बाद एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे की दुश्मनी इतनी बढ़ गई है कि एक दूसरे से बगल में बैठना भी पसंद नहीं करते। शिंदे और उद्धव ठाकरे की एक वायरल वीडियो की खूब चर्चा हो रही है। आने वाले अगस्त महीने में विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसको लेकर विधान परिषद में उनके विदाई समारोह में सभी प्रमुख नेताओं के भाषण के बाद विधानभवन की सीढ़ियों पर फोटो सेशन का कार्यक्रम आयोजन किया गया था। इस फोटो सेशन में प्रोटोकॉल के हिसाब से विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उसके बाद सभापति राम शिंदे के बाद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की कुर्सी लगाई गई थी, लेकिन उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के बगल में बैठने से परहेज किया। इसके बाद शिंदे के बगल में उपसभापति नीलम गोर्हे को बैठाया गया। यही नहीं उद्धव ठाकरे के आने के बाद मुख्यमंत्री सहित सभी ने खड़े होकर हाथ जोड़कर स्वागत किया। लेकिन एकनाथ शिंदे ने उनकी तरफ देखा तक नहीं। शिंदे और उद्धव की वायरल यह वीडियो चर्चा का विषय बना है। बुधवार को विधानपरिषद के नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे के विदाई समारोह के उपलक्ष्य में विधानभवन के सीढ़ियों पर फोटो सेशन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, सभापति राम शिंदे उपमुख्यमंत्री अजित पवार, उसभापति नीलम गोर्हे और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पहुंच गए थे, उद्धव ठाकरे बाद में पहुंचे तो सभी नेताओं ने उनका सम्मान किया। शिंदे भी अपनी सीट से उठे लेकिन उद्धव ठाकरे का सम्मान नहीं किया। वहीं सभी नेताओं ने उनसे आगे की पंक्ति में बैठने का अनुरोध किया लेकिन उद्धव शिंदे के बगल में नहीं बैठे।



# प्लास्टिक के फूलों पर लगेगा प्रतिबंध

**मुंबई।** महाराष्ट्र के फलोत्पादन मंत्री भरत गोगावले ने बुधवार को विधानसभा को सूचित किया कि चीन से आयातित प्लास्टिक के फूलों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला इसी हफ्ते लिया जाएगा। शिवसेना शिंदे गुट के विधायक महेश शिंदे ने विधानसभा में किसानों के आंदोलन का मुद्दा उठाया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए गोगावले ने कहा कि इस संबंध में मंगलवार को मुख्यमंत्री के साथ एक बैठक हुई थी। इस बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार उन्होंने कहा कि इसी हफ्ते प्लास्टिक के फूलों पर स्थायी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। पिछले हफ्ते महेश शिंदे ने विधानसभा में इस बारे में ध्यानाकर्षण सूचना पेश की थी। इस दौरान भरत गोगावले ने घोषणा की थी कि वे प्लास्टिक के फूलों पर प्रतिबंध लगाएंगे। इधर प्लास्टिक फूलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर राकांपा एसपी के विधायक रोहित पाटिल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा बेहद महत्वपूर्ण है। बताया जाता है कि इस ज्ञापन पर 150 विधायकों ने हस्ताक्षर किए हैं।

# प्रबोधनकर ठाकरे थिएटर का नाम बदलकर नाटककार जयवंत दलवी लघु नाट्यगृह



**मुंबई।** बोरीवली पश्चिम के प्रबोधनकर ठाकरे थिएटर स्थित मिनी थिएटर का नाम "नाटककार जयवंत दलवी लघु नाट्यगृह" रखा गया है। इस नामकरण फलक का उदघाटन पद्मश्री मधु मंगेश कार्णिक ने किया। वर्ष 2001 में प्रबोधनकार ठाकरे नाट्यगृह के उदघाटन से पूर्व ही महाराष्ट्र मानवसेवा संघ के अध्यक्ष डॉ. हरीश बी. शेट्टी के नेतृत्व में भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने लघु नाट्यगृह का नाम जयवंत दलवी के नाम पर रखने की मांग करते हुए आंदोलन किया था, लेकिन राजनीति के कारण ऐसा नहीं हो सका। वर्तमान में, कोंकण मराठी साहित्य परिषद, मुंबई जिला ग्रंथाली और बृहन्मुंबई महानगर पालिका के सहयोग से इस लघु नाट्यगृह का नाम "नाटककार जयवंत दलवी लघु नाट्यगृह" रखा गया।

# पुलिस स्टेशन में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

**नालासोपारा।** नालासोपारा के प्रगती नगर इलाके में पानी के मात्र 1200 रुपये के बिल को लेकर दो गुटों के बीच शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। यह मारपीट तुलींज पुलिस थाने के अंदर तक जा पहुंची। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है, जो पुलिस के नियंत्रण पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। जानकारी के अनुसार, नीलगगन अपार्टमेंट निवासी मोहम्मद सलीम शेख और जास्मिन शेख ने सोसायटी के पानी का 1200 रुपये का बिल नहीं चुकाया था। इसी बात को लेकर महेश्वरी चौधरी, आरिफ शेख और उनके परिवार के कुछ सदस्यों का मोहम्मद सलीम शेख और जास्मिन शेख के साथ-साथ गुलिस्ता, मुस्तफा, सलीम से विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान जास्मिन शेख ने अपनी सोने की चेन गायब होने का भी आरोप लगाया।



विवाद शांत न होने पर दोनों पक्ष तुलींज पुलिस थाने पहुंचे, लेकिन वहां भी स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। पुलिस थाने के बाहर दोनों गुटों के लोग एक बार फिर आमने-सामने आ गए, और महिलाओं ने भी एक-दूसरे के बाल पकड़कर मारपीट की। हालांकि, तुलींज पुलिस ने समय रहते हस्तक्षेप कर स्थिति को काबू में किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर कार्रवाई की है। मोहम्मद सलीम शेख की शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। वहीं, गुलाबसा खान की शिकायत पर भी दो लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

यह घटना पुलिस के नियंत्रण पर प्रश्नचिह्न लगाती है। क्योंकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो ने मामले को और भी अधिक गंभीर बना दिया है, जो आम जन को सोचने पर मजबूर करती है।

# वलसाड-वडनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का अतिरिक्त ठहराव

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 20959/20960 वलसाड-वडनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का आम्बलियासन स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रायोगिक आधार पर प्रदान किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार है। ट्रेन संख्या 20959 वलसाड-वडनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस को तत्काल प्रभाव से आम्बलियासन स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 11:47 बजे आम्बलियासन स्टेशन पर पहुँचेगी और 11:49 बजे प्रस्थान करेगी। महेसाणा और विसनगर स्टेशनों पर इस ट्रेन के समय में संशोधन किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 20960वडनगर-वलसाड सुपरफास्ट एक्सप्रेस तत्काल प्रभाव से आम्बलियासन स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन 17:48 बजे आम्बलियासन स्टेशन पर पहुँचेगी और 17:50 बजे प्रस्थान करेगी। गांधीनगर केपिटल स्टेशन पर इस ट्रेन के समय में संशोधन किया गया है। उपरोक्त ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।



# भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से अष्ट ज्योतिर्लिंग श्रावण विशेष यात्रा

**मुंबई।** आईआरसीटीसी का पश्चिम क्षेत्र मुंबई कार्यालय आगामी शुक्रवार 19 जुलाई 2025 को सोलापुर से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा अष्ट ज्योतिर्लिंग श्रावण विशेष यात्रा शुरू करने जा रहा है। भारत गौरव टूर पैकेज यात्रियों को इस श्रावण में एक परेशानी मुक्त और यादगार छुट्टी का अनुभव प्रदान करेगा। इस संबंध में गौरव झा, समूह महाप्रबंधक, पश्चिम क्षेत्र ने कहा कि यह पैकेज परिवारों, समूहों और अकेले यात्रियों को ज्योतिर्लिंग के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों की यात्रा का एक सहज और किफायती तरीका है, साथ ही पर्यटक ट्रेन यात्रा से आराम और सुविधा का आनंद भी उठाते हैं। सोलापुर से टूर शुक्रवार 19 जुलाई को, पैकेज मूल्य प्रति व्यक्ति लगभग 22760/- रुपये से शुरू होता है। इस टूर में द्वारका (नागेश्वर), सोमनाथ, उज्जैन (महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर), नासिक (त्र्यंबकेश्वर), औरंगाबाद (ग्रीशनेश्वर), परभणी/परली वैज्यनाथ, और मरकापुर (श्रीशैलम मल्लिकार्जुन) की यात्रा शामिल है। जिसके लिए बोर्डिंग प्वाइंट सोलापुर, कुर्दुवाड़ी, दौंड, पुणे, लोनावला, कर्जत, कल्याण, वसई रोड, दहानू रोड, वापी और सूरत है।



इस दौरान ग्रुप जनरल मैनेजर ने कहा कि हमारा लक्ष्य यात्रा को और अधिक सुलभ और आनंददायक बनाना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर यात्रा यादगार हो। ये पैकेज सुविधा, आराम और सामर्थ्य प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं, जिससे लोगों को श्रावण के दौरान भारत के सर्वश्रेष्ठ स्थानों को देखने का मौका मिले। भारत गौरव ट्रेनों में स्लीपर (नॉन-एसी), एसी III टियर और एसी II टियर कोचों की मिश्रित संरचना है। ट्रेन में ताज़ा भोजन तैयार करने के लिए एक अच्छी तरह से सुसज्जित पेंट्री है। आईआरसीटीसी ने इस सर्व-समावेशी पैकेज को बहुत अच्छी तरह से डिज़ाइन किया है, पैकेज किफायती हैं जिसमें बसों द्वारा ऑफ-बोर्ड यात्रा और भ्रमण, होटलों में ठहरने, टूर गाइड, भोजन, यात्रा बीमा आदि जैसी सेवाएँ आरामदायक ट्रेन यात्रा और संबद्ध ऑनबोर्ड सेवाओं के साथ प्रदान की जाती हैं।

# 90 फीसदी लापता महिलाएं और बच्चियां वापस पहुंची घर : फडणवीस

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

राज्य में लगातार लापता हो रही महिलाओं और लड़कियों का मुद्दा विधानपरिषद में जोर- शोर से गूंजा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि लापता हुई महिलाओं, लड़कियों और बच्चों में से 90 फीसदी महिलाओं और बच्चियों को पुलिस ने ढूंढकर उनके परिजनों को सौंप दिया है। इसके लिए पुलिस विभाग की सराहना होना चाहिए। बुधवार को विधानपरिषद सदस्य सुनील शिंदे ने प्रश्नकाल के माध्यम से लापता हुई महिलाओं और लड़कियों का मुद्द्दा उठाया था। शिंदे ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के लापता होने की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इस पर रोक लगाने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। इसके साथ -साथ लापता हुई महिलाओं में से कितनी महिलाओं को पुलिस ने ढूंढ निकाला है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि नागपुर शहर में कुल 5897 व्यक्तियों के लापता होने का मामला सामने आया है। इसमें से 5210 लोगों का पता लगाया



जा चुका है, जो 90 प्रतिशत से भी ज्यादा है। फडणवीस ने कहा कि राज्य में लापता होने वाली महिलाओं, लड़कियों और बच्चों का पता लगाने के लिए सरकार ने अलग -अलग अभियान शुरु किया है इसमें गुमशुदा बच्चों का पता लगाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन मुस्कान शुरू किया है। इस इस अभियान के तहत 4193 लड़के-लड़कियों का पता लगाया गया है, जबकि महिलाओं का पता लगाने के लिए ऑपरेशन खोज (शोध) शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत एक महीने के भीतर 4960 गुमशुदा महिलाओं और 1364 बच्चों का पता लगाया गया है। इसके अलावा, 106 महिलाएं और 703 ऐसे बच्चों का पता लगाया गया है जिसे लेकर परिजनों की तरफ से कोई शिकायत नहीं की गई थी। फडणवीस ने सदन को बताया कि महाराष्ट्र सरकार के इस अभियान पर सर्वोच्च न्यायालय ने ध्यान दिया है और कई राज्यों ने भी इस योजना को अपनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिलाओं और लड़कियों के लापता होने की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा सख्त कदम उठाए गए हैं।

### हर पुलिस स्टेशन में मिसिंग सेल

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि लापता महिलाओं और बच्चियों का पता लगाने के लिए राज्य के प्रत्येक पुलिस स्टेशन में मिसिंग सेल बनाया जाएगा, इस सेल की प्रमुख महिला पुलिस अधिकारी होंगी, जबकि महिलाओं की सुरक्षा के लिए एडीजे रैंक के आईपीएस अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कुछ महिलाएं और लड़कियां मानव तस्करी के जाल में फंस जाती हैं। इसलिए सरकार ने इस संबंध में ठोस कदम उठाए हैं। साथ ही, वन-स्टॉप सेंटर "भरोसा" महिलाओं को परामर्श, सुरक्षा और कानूनी सहायता प्रदान करता है। इस केंद्र का उपयोग घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवादों के कारण घर छोड़ने वाली महिलाएं करती हैं। स्कूल स्तर पर 'पुलिस काका-दीदी' पहल के तहत यौन शिक्षा और अच्छे/बुरे स्पर्श के बारे में जागरुकता पैदा की जाती है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अब इसमें 'गुमशुदा व्यक्तियों' की जानकारी भी शामिल की जाएगी।

### लापता का पता लगाने को चल रही कई योजनाएं

इसमें लापता महिलाओं और बच्चियों का पता लगाने के लिए कई योजना शुरू किए गए हैं। इसमें प्रमुख रूप से ऑपरेशन मुस्कान, ऑपरेशन शोध के साथ -साथ कई अन्य योजनाएं हैं। इन योजनाओं के माध्यम से लापता हुई महिलाओं और बच्चियों का पता लगाया जा रहा है। सदस्य चित्रा वाघ ने कहा बड़े पैमाने पर लापता हुई महिलाएं और लडकियां एक दो साल में अपने घर वापस आ जाती हैं लेकिन वापस आने की जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं देती हैं जिसके कारण पुलिस के रिकार्ड में दर्ज रहता है। इस सवाल के जवाब में फडणवीस ने कहा कि यह सही बात है कि पारिवारिक झगड़े के कारण घर छोड़कर जाने वाली महिलाएं एक -दो साल बाद घर वापस आने के बाद पुलिस स्टेशन में इसकी जानकारी नहीं देती हैं। दो -तीन साल पुराना मामला होने के कारण पुलिस विभाग उस पर ध्यान नहीं देता लेकिन लापता होने का रिकार्ड तो दर्ज रहता है।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल तय, आंदोलन आज

- मुख्यमंत्री से मिलने के बाद यूनियन लेगी निर्णय
- सफाई का काम ठेकेदार को देने का यूनियन कर रही है विरोध

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मनपा प्रशासन ने मुंबई में दो बार सफाई करने और कचरा उठाने से लेकर उसे डंपिंग ग्राउंड तक ले जाने के लिए ठेकेदार नियुक्त करने का निर्णय लिया है। मनपा ने इस कार्य के लिए टेंडर भी निकाला है जिस पर दो दिन में फैसला हो जाएगा। मनपा के इस निर्णय का सफाई कर्मचारी यूनियन विरोध कर रही है। उनका आरोप है कि सफाई का काम ठेके पर देने से सफाई कर्मचारियों की नौकरी खतरे में पड़ सकती है। सफाई कर्मचारियों की यूनियन मनपा के इस निर्णय का विरोध कर रही है। सफाई कर्मचारियों की सभी यूनियन ने एक समन्वय समिति का स्थापन कर मनपा निर्णय के खिलाफ हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। यूनियन ने कर्मचारियों की राय लेने के लिए मतदान का सहारा लिया, जिसमें 97 प्रतिशत कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने की अनुमति दी है।

मनपा कर्मचारियों की यूनियन ने जानकारी दी कि सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के पूर्व गुरुवार को आजाद मैदान पर आंदोलन किया जाएगा और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलकर मनपा द्वारा टेंडर को रद्द करने की गुहार लगाई जाएगी।



### 97 प्रतिशत कर्मचारी हड़ताल के पक्ष में

मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद क्या निष्कर्ष निकलता है आजाद मैदान में जमा हुए कर्मचारियों के सामने रखकर आगे की रूप रेखा तय करेगी। इस बीच सफाई कर्मचारियों की मानें तो हड़ताल पर जाने के लिए वह अटल है। उल्लेखनीय है मनपा में कुल 28 हजार सफाई कर्मचारी हैं। मंगलवार को कर्मचारियों के बीच 'हड़ताल की जाए या नहीं' इस पर हुए मतदान में 23,279 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 22,631 (97%) ने हड़ताल के पक्ष में मतदान किया। मंडप का कहना है की सफाई कर्मचारियों के पद संख्या में कोई कटौती नहीं की जाएगी क्योंकि अब दिन में दो बार साफ़ सफाई का काम किया जाएगा जिससे मोटर लोडर पद पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को अब दूसरी पाली में सड़कों की सफाई का काम सौंपा जाएगा। कर्मचारियों की यूनियनों का आरोप है कि यह निर्णय सफाई विभाग के काम का 100% निजीकरण करने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस निर्णय के विरोध में अब तक यूनियनों द्वारा कई बार मोर्चे, सभाएं और प्रदर्शन आयोजित किए गए। उन्होंने निविदा को रद्द करने की भी मांग की थी, लेकिन प्रशासन ने इसे स्वीकार नहीं किया। हड़ताल के समर्थन में भारी मत आने के बाद संघर्ष समिति ने हड़ताल के निर्णय की घोषणा के लिए एक क्रियान्वयन समिति (कृती समिति) बनाई है। पूर्व विधायक कपिल पाटिल, श्रमिक नेता सुरेश ठाकुर और कॉमरेड विजय कुलकर्णी के नेतृत्व में समिति ने आज सुबह 10 बजे आजाद मैदान में सफाई कर्मचारियों की सभा आयोजित की गई है।

# सीसीटीवी फुटेज बाहर न जाए इसके लिए सख्त नियम जल्द

## विधान परिषद में गृहराज्य मंत्री पंकज भोयर की घोषणा

**मुंबई।** सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए सभी प्राइवेट कंपनियों, होटल और निजी संस्थानों में सीसीटीवी लगाने के लिए सरकार ने आदेश जारी किया है। निजी स्थानों पर लगे सीसीटीवी का वीडियो वायरल किया जाता है वायरल हुए व्यक्ति और संस्थान की बदनामी होती है। जिस पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है। बुधवार को विधानपरिषद में प्रश्नकाल के माध्यम से कांग्रेस सदस्य सतेज उर्फ़ बंटी पाटिल ने राज्य में सीसीटीवी का मुद्दा उपस्थित किया था। इसके जवाब में गृह राज्य मंत्री (ग्रामीण) पंकज भोयर ने यह बात कही। भोयर ने कहा कि निजी



प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी की फुटेज बाहर न आए इसके लिए अगले शीतकालीन सत्र से पहले नीति तैयार की जाएगी। गृहराज्य मंत्री ने कहा कि सीसीटीवी सुरक्षा के लिए लगाया जाता है किसी प्राइवेट जानकारी को बाहर लाने के लिए नहीं। इसलिए प्राइवेट कंपनियों की सीसीटीवी फुटेज बाहर न आए इसके लिए सख्त नियम बनाने पर सरकार ने विचार किया है। भोयर ने सदन को बताया कि राज्य में विभिन्न विभागों के माध्यम से महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते हैं। विशेषकर गृह और आपदा प्रबंधन विभाग को इसकी अधिक आवश्यकता महसूस होती है। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के संबंध में एक आदर्श कार्य प्रणाली तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जबकि मुख्यमंत्री ने सरकारी प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के रखरखाव और मरम्मत के लिए जिला नियोजन समिति के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# कॉलेज-कोचिंग सांठगांठ तोड़ने के लिए जल्द बनेगा कानून

## स्कूली शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में दी जानकारी

**मुंबई।** स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि सरकार कॉलेजों और निजी कोचिंग संस्थानों के बीच सांठगांठ को तोड़ने के लिए एक कानून लाने की तैयारी कर रही है।

भुसे ने बताया कि यह कानून जवाबदेही तय करेगा और सुनिश्चित करेगा कि कॉलेज निजी कोचिंग संस्थानों को प्रमुख शैक्षणिक जिम्मेदारियां सौंपे बिना स्वतंत्र रूप से काम करें। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही कॉलेजों द्वारा निजी कोचिंग संस्थानों के साथ मिलकर काम करने की प्रथा पर अंकुश लगाने के लिए एक कानून पेश करेगी। भुसे ने यह बात विधायक हीरामन खोसकर द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में कही। मंत्री ने कहा कि सरकार पारदर्शिता बढ़ाने



और अभिभावकों के वित्तीय शोषण को रोकने के लिए स्कूलों द्वारा गैर-ट्यूशन मदों के तहत अतिरिक्त शुल्क वसूली पर अंकुश लगाने के लिए नियमों में संशोधन भी करेगी। इस बीच, सहकारिता मंत्री बाबासाहेब पाटिल ने कहा कि अवैध साहूकारों द्वारा किसानों की जमीन हड़पने की शिकायतों की जिलाधिकारी स्तर पर जांच की जाएगी। यह मुद्दा विधायक संजय देरकर ने उठाया, जबकि समीर कुणावर, नाना पटोले और अमित देशमुख ने पूरक प्रश्न पूछे। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन को बताया कि अनिवार्य मूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर 16 बीएड कॉलेजों की मान्यता रद्द कर दी गई है।

**तौलिया लपेटकर प्रदर्शन**

विपक्षी दलों के गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) के विधानमंडल सदस्यों ने विधायकों की कैंटीन के कर्मचारी पर हमला करने के लिए शिवसेना विधायक संजय गायकवाड के खिलाफ बुधवार को विधान भवन के बाहर प्रदर्शन किया।

बनियान पहने और कमर पर तौलिया लपेटे विधानमंडल सदस्यों ने सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ नारे लगाए। राज्य विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने संवाददाताओं से कहा कि विधायकों की कैंटीन में गायकवाड़ द्वारा किया गया हमला दर्शाता है कि सरकार भी ऐसे तत्वों का समर्थन कर रही है।

**ओम अष्टविनायक (शंकरवाडी) एस.आर.ए. को. हौ. सो. ली.**
पत्ता : शंकरवाडी जोगेश्वरी पूर्व, मुंबई ४०००६०
नोंदणी क्र. एम.यु.एम./एस.आर.ए./(एच.एस.जी.)/(टी. सि.)/११४४३ /वर्ष २००८

दिनांक : १६/०७/२०२५

**नोटीस**

उपरोक्त संस्था की ओर से, यह सूचित किया जाता है कि श्री संजय नंदलाल मयेकर ने हमारे संगठन में जयसिंह श्रीराम निवास के फ्लैट नंबर ए 501 को खरीदा है और उक्त संगठन की सदस्यता और शेयर प्रमाण पत्र पर नाम हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है। उनके द्वारा किए गए संस्था के आवेदन में, फॉर्म नंबर 20 (1), 21, परिशिष्ट 13 (त्यागपत्र) और कब्जा पत्र दस्तावेजों को पूरा करना आवश्यक है। हम जयसिंह श्रीराम निवास को सूचित करते हैं कि वे 14 दिनों के भीतर उचित प्रमाण के साथ सोसायटी कार्यालय में उपस्थित हों और सभी आवश्यक दस्तावेजो की पूर्तता करें। ऐसा न करने पर संजय नंदलाल मयेकर का आवेदन स्वीकार कर लिया जाएगा और हस्तांतरण प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

निर्धारित अवधि के बाद संस्था किसी के भी आवेदन पर विचार नहीं करेगी और न ही वो किसी भी मुआवजे के लिए जिम्मेदार रहेगी।

**ओम अष्टविनायक (शंकरवाडी) एस.आर.ए. को. हौ. सो. ली.**
सही/- सही/- सही/-
अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष
दिनांक : १७/०७/२०२५ तारीख : जोगेश्वरी पूर्व

## सायन किला का बदलेगा स्वरूप

**मुंबई।** पुर्तगालियों और अंग्रेजों ने दक्षिण और मध्य मुंबई में कई किलों का निर्माण किया था। इन किलों का उपयोग मुख्य रूप से शहर के चारों ओर नजर रखने और समुद्री मार्ग की निगरानी के उद्देश्य से किया गया था। इन्हीं किलों में से एक महत्वपूर्ण किला सायन किला है। अब सायन किला और उसके आसपास के इलाकों का संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण करने के लिए मनपा ने एक योजना तैयार की है और जल्द ही इस काम के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। इस सौंदर्यीकरण परियोजना के अंतर्गत वॉक वे, एम्फीथिएटर, बच्चों के खेलने के लिए खुला मैदान, अध्ययन कक्ष, जैव विविधता पार्क, बैठने की सुविधा और आंतरिक सड़क को मुख्य हाइवे से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। बता दें



कि सायन किला 1669 से 1677 के बीच बनाया गया था और 1925 में इसे ग्रेड वन हेरिटेज का दर्जा प्राप्त हुआ। यह क्षेत्र सायन टेकड़ी और पंडित जवाहरलाल नेहरू वन उद्यान से घिरा हुआ है। किले के पास उद्यान से पर्यटकों को शहर और ठाणे खाड़ी का शानदार दृश्य देखने को मिलता है। इस उद्यान की देखभाल मनपा द्वारा किया जाता है और किले के संरक्षण का कार्य भी मनपा के अधीन है। सायन किले के सौंदर्यीकरण की चर्चा वर्ष 2022 से चल रही थी। तत्कालीन सांसद राहुल शेवाळे ने भी 2022 में किले का दौरा कर उसके संरक्षण और सौंदर्यीकरण की मांग की थी।

# आठ जिला सहकारी बैंकों के पास करोड़ों के पुराने नोट!

## भाजपा विधायक ने लिखित सवाल के जरिए उठाया मुद्दा

**मुंबई।** विधानसभा में लिखित सवाल के जरिए पुराने और चलन से बाहर हो चुके 500 और 1000 नोटों का मुद्दा उठा। सहकारिता मंत्री बाबा साहेब पाटिल ने अपने लिखित उत्तर में स्वीकार किया कि राज्य की आठ जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों में आज भी करोड़ों रुपए के पुराने नोट पड़े हुए हैं। अपने लिखित उत्तर में सहकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य के नाशिक, सांगली, कोल्हापुर, पुणे, अहिल्यानगर, नागपुर और वर्धा के जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों में अभी भी 500 और 1000 रुपए के पुराने बंद हो चुके नोट हैं और इनका मामला अभी तक सुलझा नहीं है, हालांकि अमरावती जिला मध्यवर्ती बैंक के पास पुराने नोट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर 21 मार्च 2023 को निर्णय देते हुए संबंधित बैंकों को केंद्र सरकार के समक्ष एक अनुरोध आवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने सुझाव दिया है कि केंद्र सरकार 12 सप्ताह के भीतर निर्णय ले और यदि बैंक इस निर्णय से संतुष्ट नहीं हैं, तो वे उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर करें। पाटिल ने कहा कि फिलहाल संबंधित बैंकों ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव सौंपे हैं और वे प्रस्ताव केंद्र सरकार के विचाराधीन हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने इन नोटों को स्वीकार करने के लिए रिजर्व बैंक को केंद्र को प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विधानसभा में लिखित प्रश्न के माध्यम से यह मामला भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने उठाया था। उनका कहना था कि 8 जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों में अभी भी करोड़ों रुपए के पुराने नोट पड़े हुए हैं। उन्होंने सरकार से इस पर स्पष्टीकरण और तत्काल उपाय करने की मांग की।

**जलसंपदा विभाग, महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता, मुख्य द्वार उभारणी पथक क्र.५ नाशिक**

पत्ता :- कार्यकारी अभियंता, मुख्य द्वार उभारणी पथक क्र.५ दिंडोरी रोड, नाशिक
ई मेल पत्ता :- cgeu5nsk@gmail.com दुरध्वनी क्र. ०२५३-२९७०३३९
ई निविदा सुचना क्र. ०९ सन २०२५-२६

महाराष्ट्र राज्याच्या राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता, मुख्य द्वार उभारणी पथक क्र.५ नाशिक, जलसंपदा विभाग, महाराष्ट्र शासन हे सक्षम निविदाकारांकडून खालील कामाकरीता ई निविदा प्रणालीद्वारे (ऑनलाईन) निविदा मागवित आहेत. निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ http://mahatenders.gov.in. येथुन डाऊनलोड करण्यात यावीत. सविस्तर निविदा सुचना व निविदेबाबत सर्व माहिती शासनाच्या संकेतस्थळावर व विभागीय कार्यालयाच्या सुचना फलकावर उपलब्ध आहे.

निविदा स्वीकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, मुख्य द्वार उभारणी पथक क्र.५ नाशिक यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्वीकारली जाणार नाही. सदर निविदा सुचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास http://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर कळविण्यात येईल.

कामाचे नाव :- १) नांदुर मधमेश्वर प्रकल्प ता. निफाड जि. नाशिक येथील वक्रद्वारे आकार १२ x ८ मी. डावी बाजु ५ नग व उजवी बाजु -३ नग तसेच उच्चालक, थोपद्वारे गोलीएथ क्रेन दुरुस्ती कामाबाबत.
जिल्हा :- नाशिक
निविदेची किंमत ₹ :- १) ६,०२,०६,४०९/- (जीएसटी व विमा वगळून)
ई निविदा उपलब्ध कालावधी दिनांक १७/०७/२०२५ ते दिनांक ३१/०७/२०२५
ई निविदा उघडण्याचा दिनांक :- ०४/०८/२०२५

**जा.क्र. मुद्वाउपक्र.५/नाशिक/९४८/सन २०२५**
**दि. ०९/०७/२०२५**

**सही/-**
**कार्यकारी अभियंता,**
**मुख्यव्दार उभारणी पथक क्र.५**
**नाशिक-४.**

DGIPR/2025-26/C1688

### मर्सिडीज कार लेकर चालक फरार, केस दर्ज

**मुंबई।** बांद्रा पश्चिम के निवासी डॉ. गौरंग बिपीन शाह की लक्ज़री मर्सिडीज कार का एक्सीडेंट जोगेश्वरी पूर्व के स्कायवॉक के पास हो गया। इस मामले में डॉ. शाह ने अपने चालक प्रतीक आनंद झुंजार (24) के खिलाफ बांद्रा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। डॉ. शाह के अनुसार, वे निजी काम से उदयपुर गए हुए थे, तभी प्रतीक ने उनकी अनुमति के बिना कार को बाहर निकाला और उसका एक्सीडेंट कर दिया। डॉ. शाह पिछले 40 वर्षों से बांद्रा में रह रहे हैं और उनका क्लिनिक लिंकिंग रोड पर नेशनल कॉलेज के पास है।

## एमडी ड्रग्स तस्करी से अंडरवर्ल्ड की एंट्री!

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्कर साजिद इलेक्ट्रिकवाला को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल छुड़वाया है। जून महीने में साजिद और उसके एक रियल एस्टेट एजेंट मित्र का अपहरण किया गया था। इस मामले में 10 जुलाई को ओशिवारा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। अब तक इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन आरोपी उत्तर प्रदेश से और चार आरोपी मुंबई और रायगढ़ से पकड़े गए हैं। सूत्रों के अनुसार, यह पूरा मामला ड्रग्स तस्करी से जुड़ा हुआ है और इसी घटना के चलते अंडरवर्ल्ड की ड्रग्स रैकेट में 'आधिकारिक' एंट्री हुई है, ऐसा माना जा रहा है। जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। साजिद इलेक्ट्रिकवाला अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी का प्रमुख आरोपी है। उसे 2015 में महाराष्ट्र एटीएस ने एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। जेल में रहते हुए उसकी पहचान कुख्यात अपराधी हरीश मंडविलकर से हुई, जो मटका किंग रतन खत्री की हत्या का मुख्य आरोपी है।

## पुनर्विकास के विरोध में निकाला गया मोर्चा फ्लॉप

**मुंबई।** मोतीलाल नगर, गोरेगाव, के पुनर्विकास के विरोध में निकाला गया बहुचर्चित मोर्चा फ्लॉप साबित हुआ। तथाकथित विकास समिति के एक गुट द्वारा आयोजित यह मोर्चा शुरू तो हुआ, लेकिन जल्दी ही समाप्त हो गया। पुनर्विकास की प्रतीक्षा में बैठे स्थानीय लोग निलेश प्रभु द्वारा आयोजित इस मोर्चे से दूर रहे। माधवी ताई राणे, गौरव राणे, युवराज मोहिते जैसे मोतीलाल नगर के अन्य प्रमुख आवाजों ने भी इस मोर्चे से दूरी बनाए रखने का निर्णय लिया। यह भी देखा गया कि म्हाडा और सरकारी अधिकारी किन्हें वास्तव में महत्वपूर्ण मानते हैं जब वे इन प्रमुख नेताओं से मिल रहे थे, तब प्रभु को एक भी अपॉइंटमेंट नहीं मिला। सूत्रों के अनुसार, 2021 में तत्कालीन गृहनिर्माण मंत्री जितेंद्र आव्हाड के साथ हुई बैठक में, प्रभु को उनकी अव्यावहारिक मांगों की लंबी सूची के कारण बाहर का रास्ता दिखाया गया था। निलेश प्रभु ने विशेष प्रकल्प दर्जा देने वाले जीआर को रद्द करने की मांग की है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह मांग मोतीलाल नगर के हित में नहीं है। स्थानीय निवासियों को अब यह स्पष्ट हो गया है कि उन्हें प्रदर्शन नहीं, बल्कि प्रगति चाहिए। और वे ऐसे किसी व्यक्ति का अनुसरण नहीं करना चाहते, जिसकी नेतृत्व क्षमता अब अप्रासंगिक मानी जाती है।

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BOMBAY**
**TESTAMENTARY AND INTESTATE JURISDICTION**
**Petition No. 386 of 2015**

Petition for Letters of Administration with last WILL & TESTAMENTARY of Smt. Ramdulahari Chunnilal Agarwal, a Hindu; Indian Inhabitant of Mumbai, Occupation: Retired who residing at the time of his death at Flat No. 3, Dhoot Papeshwar Prasad Building, Mangal Wadi, Mumbai - 4 .....**Deceased**

**CITATION**

**Poonam Anil Agarwal** )
**Age About 50 Years,** )
A Hindu, Indian Inhabitant of Mumbai, )
Housewife, Residing at 4E/Harmony Tower, )
Dr. E Moses Road, Worli Naka, Mumbai - 18, )
The beneficiary in named under the last )
Testament of the deceased abovenamed ) .....**Petitioner**

**To,**
**1. Pushpa Chandrabhan Agarwal**
**2. Saraoj Chandrabhan Agarwal**
**3. Sita Chandrabhan Agrawal**
Addressed of all not known

If you claim to have any interest in the estate of the above named deceased you are hereby cited to come and see the proceedings before the grant of Letters of Administration with Will.

In case you intend to oppose the grant of Letters of Administration with Will, you should file in the Office of the Prothonotary and Senior Master a caveat within **14 days** from the service of this citation upon you.

"You are hereby informed that the free legal services from the State Legal Services Authorities, High Court Legal Services Committees, District Legal Services Authorities and Taluka Legal Services Committees as per eligibility criteria are available to you and in case, you are eligible and desire to avail the free legal services, you may contact any of the above Legal Services Authorities/Committees."

Witness **SHRI. ALOK ARADHE** Chief Justice at Bombay **aforesaid, this 30th day of June 2025**

**Sd/-**
**For Prothonotary and Senior Master**

seal

**Sd/-**
**SEALER**
**The 30th day of June, 2025**
**Sd/-**
**R. R. Verma**
**Advocate for the Petitioners**

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**
**- सार्वजनिक सूचना -**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 (जनवरी 2019 तक संशोधित अनुसार) की धारा 8 (3) (क) अंतर्गत प्रावधानों के अनुपालन में **परिमंडल – I** में डी वार्ड से **04** प्रस्ताव, अर्थात प्रभावित वृक्षों के निष्कासन हेतु कुल **04** प्रस्ताव, महाराष्ट्र राज्य वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी का वृक्ष प्राधिकरण/मनपा आयुक्त, चेयरमैन, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) की मंजूरी के लिये प्राप्त हुये हैं.

उपरोक्त निर्दिष्ट प्रस्तावों के अंतर्गत वृक्षों की कटाई/पुनर्रोपण करने बाबत विस्तृत जानकारी बीएमसी की वेबसाइट – https://mcgm.gov.in → About us → wards / Departments → Department manuals → Gardens & Tree Authority → Tree Authority Public Notice 7 days → **321-7days-Z-I** अंतर्गत उपलब्ध है.

उपरोक्त निर्दिष्ट प्रस्तावों हेतु नागरिकों से आपत्तियां/सुझाव, यदि है, उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में उक्त सूचना प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते हैं.

आप निर्धारित प्रारूप में अपने सुझाव/आपत्तियां उक्त ईमेल आईडी पर भी जमा कर सकते हैं. निर्धारित समय में निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in पर प्राप्त आपके सुझाव/आपत्तियों पर ही विचार किया जायेगा. उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त ईमेल्स अथवा लिखित सुझाव/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा. आपत्तियों/सुझावों हेतु सुनवाई उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में **दि. 28.07.2025 को सायं. 4.30 बजे से सायं. 5.00 बजे** तक आयोजित की जायेगी. जो व्यक्ति उक्त सुनवाई में उपस्थित रहना चाहते हैं, वे अपने ईमेल, सुझावों/आपत्तियों की एक प्रति के साथ उपस्थित रह सकते हैं.

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी**

उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी का कार्यालय
2री मंजिल, हम्बोल्ट पेंग्विन बिल्डिंग,
वी.जे.बी. उद्यान एवं प्राणिसंग्रहालय, संत सावता माली मार्ग,
भायखला (पूर्व), मुंबई – 400 027,
टेली. नं. 23742162
ईमेल : dysg.ta@mcgm.gov.in

**हस्ता./-**
**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी**

**पीआरओ/1029/विज्ञा./2025-26**

**अगर महसूस हो बुखार और कंपकंपी, तो जांच करायें अपने खून की**

# भारत स्पेस से निडर, कॉन्फिडेंट और गर्व से पूर्ण

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की धरती पर सकुशल वापसी हम सभी के लिए बहुत ही हर्ष और खुशी का विषय है। उनकी धरती पर सकुशल वापसी यह दिखाती है कि यदि मन में विश्वास, दृढ़ संकल्प, कुछ कर गुजरने की तमन्ना, समर्पण, साहस और जज्बा हो तो उसे सफलता जरूर हासिल होती है। शुभांशु 18 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद धरती पर लौटे हैं और उन्होंने करोड़ों लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि अंतरिक्ष में विभिन्न अध्ययनों के बाद शुभांशु की धरती पर वापसी भारत के लिए एक बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धि है। शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) से धरती पर लौटे तो यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण बन गया। शुभांशु व तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के इस मिशन की कामयाबी के लिए हम सब लगातार दुआएं मांग रहे थे, क्योंकि हमने यह देखा था कि किस प्रकार से सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर को नौ महीने तक अंतरिक्ष में रुकना पड़ा था। उसके कारण इस मिशन को लेकर भी कई तरह की आशंकाएं हमारे मन में थीं। वास्तव में, इस मिशन के लिए इसरो,नासा के साथ ही उनके वैज्ञानिक और तकनीशियन भूरि-भूरि प्रशंसा के हकदार हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत,लगन से कामयाबी के शिखर को छुआ है। आज मानव अंतरिक्ष के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है, और इस मिशन ने मनुष्य सामर्थ्य का एक नया अध्याय खोलकर मानवता के समक्ष रख दिया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारतीय अंतरिक्ष अभियानों के लिए यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा। भारत के लिए यह पल उपलब्धियों भरा इसलिए भी है, क्योंकि 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में पहुंचा था। जिस ग्रेस यान से शुभांशु तीन अन्य सहयात्रियों के साथ धरती पर लौटे, वह 580 पाउंड (लगभग 263 किलोग्राम) सामान लेकर लौटा है, जिसमें नासा का हार्डवेयर, प्रयोगों का डेटा और इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आइएसएस) का कुछ कचरा शामिल है। इंटरनेशनल स्पेस सेंटर यानी कि आइएसएस पर अपने प्रवास के दौरान शुभांशु ने कुछ ऐसे सैम्पल भी लिए हैं, जो भविष्य में बड़े अंतरिक्ष अभियानों के लिए भोजन, बॉयोफ्यूल व ऑक्सीजन का स्रोत बन सकते हैं। पाठकों को बताता चलूं कि अंतरिक्ष यात्री किस प्रकार से वातावरण के साथ सामंजस्य और तालमेल बिठाते हैं तथा अंतरिक्ष में रहकर वो कैसा महसूस करते हैं,वह भी इस मिशन में (एक्सिओम-4 मिशन) रिसर्च का विषय रहा है,जिसका फायदा अंतरिक्ष यात्रियों को भविष्य में मिलेगा।चाहे पृथ्वी से अंतरिक्ष में जाना हो अथवा अंतरिक्ष से पृथ्वी पर वापस लौटना हो, दोनों ही प्रक्रियाएं बहुत ही जटिल होतीं हैं, तथा जिसमें बाधाएं आने का खतरा सदैव बना रहता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि स्पेसक्राफ्ट का आइएसएस से जुड़ना जितना जटिल है उतना ही जटिल उससे अलग होना भी है। वैसे भी जब भी कोई वस्तु पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करती है तो गुरुत्वाकर्षण(ग्रेविटी) और प्रतिरोध(रेसिस्टेंस) समेत कुछ दूसरे बल भी काम करते हैं, ऐसे में बहुत दिक्कतें आतीं हैं। निश्चित ही यह मिशन भारत को अंतरिक्ष, विज्ञान के क्षेत्र में और तकनीक के क्षेत्र में नई उपलब्धियां दिलाने वाला साबित होगा और इससे अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े विभिन्न एक्सपेरिमेंट्स को निश्चित ही मजबूती भी मिल सकेगी।सच तो यह है कि इस मिशन से भारत की अंतरिक्ष में बढ़ती भूमिका को मजबूती व एक नई दिशा मिली है। हमने संपूर्ण विश्व के समक्ष यह साबित कर दिया है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में हम वैश्विक स्तर पर एक सिरमौर देश बनने जा रहे हैं। हमने इससे पूर्व भी अंतरिक्ष के क्षेत्र में चांद पर उतरकर, सूर्य मिशन व अन्य मिशनों में अपनी श्रेष्ठता को साबित किया है। अगले लगभग हफ्ते के एकांतवास के बाद शुभांशु आम लोगों के बीच आएंगे और इसरो के वैज्ञानिक उनके प्रयोगों-अनुभवों से अंतरिक्ष में आगे की राह तलाशेंगे। हाल फिलहाल पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस अभियान के लिए लगभग 550 करोड़ रुपये का योगदान किया है। उसकी भविष्य की योजनाओं में इस अभियान से अर्जित विभिन्न तथ्य व सूचनाएं बेहद कारगर साबित होने वाले हैं।शुभांशु ने अंतरिक्ष में रहकर साठ से ज्यादा प्रयोग किए, जिनमें माइक्रोग्रैविटी में जैविक प्रक्रियाओं, रेडिएशन के प्रभाव, और मानव शरीर पर अंतरिक्ष के प्रभावों का अध्ययन शामिल था। वास्तव में,इन प्रयोगों से हासिल हुआ डेटा न सिर्फ गगनयान मिशन के लिए अहम है, बल्कि यह मेडिकल साइंस, खास तौर पर ब्लड ग्लूकोज प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी योगदान देगा और यह भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं के लिए उपयोगी होगा। शुभांशु ने आईएसएस पर रहते हुए कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक और तकनीकी अनुभव हासिल किए हैं। एक्सियम स्पेस के अनुसार, उन्होंने 'वॉयेजर डिस्प्ले' अध्ययन में हिस्सा लिया। इस स्टडी के जरिए यह समझा जाना था कि स्पेस में लंबे वक्त तक कंप्यूटर स्क्रीन को देखते रहने से आंखों पर और हैंड-आई को-ऑर्डिनेशन पर क्या असर पड़ता है।इसके अलावा शुभांशु ने इस सफर पर 'अक्वायर्ड इक्विवेलेंस टेस्ट' के जरिए से अंतरिक्ष में सीखने और अनुकूलन की क्षमता का अध्ययन भी किया गया। पाठकों को बताता चलूं कि इस मिशन पर रेड नैनो डोजीमीटर जैसे उपकरणों का उपयोग कर रेडिएशन के प्रभावों की निगरानी की गई, जो अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा के लिए अहम है। इतना ही नहीं, शुभांशु ने मेथी और मूंग की खेती जैसे प्रयोग भी किए, जो अंतरिक्ष में खाना उगाने की संभावनाओं को तलाशने के लिए बहुत ही अहम और महत्वपूर्ण हैं। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि शुभांशु की इस अंतरिक्ष यात्रा से विशेषकर हमारे देश के 'गगनयान अभियान' को इससे बहुत बल मिलेगा और इस बात को स्वयं हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रेखांकित किया है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान 2027 में लॉन्च होने की संभावना है। अंत में यही कहूंगा कि शुभांशु की यह अंतरिक्ष यात्रा भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*थोड़ी-सी सख्ती किया, जब चुनाव आयोग*
*बिलबिला उठे विपक्षी, लगे बताने ढोंग*
*लगे बताने ढोंग, खलों की नीयति ऐसी*
*हिंदू से है रार, दुलारें बंग्लादेशी*
*कह सुरेश नासूर बने फुंसी-फोड़ी भी*
*ई ललुआ को लाज नहीं आए थोड़ी-सी*

# गडकरी : भारत का कचरा एक बड़ा मौका

> गडकरी ने कहा कि कचरे से ऊर्जा बनाकर देश में रोजगार बढ़ाया जा सकता है। इससे पर्यावरण को भी फायदा होगा। इसके लिए गडकरी ने अपने क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे कचरे से पैसा कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'पिछले नौ सालों से मैं अपने क्षेत्र से ट्रीट किए हुए टॉयलेट के पानी को बेच रहा हूं, जिससे हर साल 300 करोड़ रुपये कमा रहा हूं।'



किसी समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो बहुत वायरल हो रहा था जिसमें वह कहते सुने जा रहे थे कि वे एक ऐसी मशीन लाऊंगा जिसमें एक तरफ आलू डालेंगे तो दूसरी तरफ सोना निकलेगा। अब पता नहीं वह बात हकीकत थी या मजाक। पर अब केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत का कचरा एक बड़ा मौका है। उन्होंने कहा कि अगर ठोस और तरल कचरे को उपयोगी चीजों में बदल दिया जाए तो यह 5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार बन सकता है। मुंबई में टाइम्स ऑफ इंडिया सोशल इम्पैक्ट समिट में गडकरी ने कहा कि कचरे से ऊर्जा बनाकर देश में रोजगार बढ़ाया जा सकता है। इससे पर्यावरण को भी फायदा होगा। इसके लिए गडकरी ने अपने क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे कचरे से पैसा कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'पिछले नौ सालों से मैं अपने क्षेत्र से ट्रीट किए हुए टॉयलेट के पानी को बेच रहा हूं, जिससे हर साल 300 करोड़ रुपये कमा रहा हूं।' उन्होंने मथुरा में चल रहे एक कचरा ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वहां कचरे को ऑर्गेनिक तरीके से ट्रीट किया जाता है। इससे निकलने वाले कीचड़ को बायो-फ्लोकुलेंट्स में बदला जाता है। गडकरी ने बताया कि पहले यह गंदा पानी यमुना नदी में जाता था। अब इंडियन ऑयल रिफाइनरी इसे इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा, 'अगर हम इसे पूरे देश में लागू करें तो इसमें बहुत संभावनाएं हैं।' गडकरी ने कहा कि हम सही तरीके से कचरे को धन में बदल सकते हैं, नौकरियां पैदा कर सकते हैं और पर्यावरण की समस्याओं को हल कर सकते हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि प्लास्टिक से ईंधन बनाया जा सकता है, सीवेज के पानी को इंडस्ट्रियल पानी में बदला जा सकता है और कचरे से ऐसी चीजें बनाई जा सकती हैं जिन्हें बेचा जा सके। उन्होंने बिजली बनाने के लिए बायोमास (जैविक कचरा) के इस्तेमाल पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पहले थर्मल प्लांट कोयले से बिजली बनाते थे। अब एनटीपीसी और महाराष्ट्र सरकार बायोमास का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसे 'वाइट कोल' भी कहते हैं। उन्होंने बताया कि इससे बिजली बनाने में 7 रुपये प्रति यूनिट का खर्च आता है, लेकिन यह कोयले से ज्यादा साफ है। गडकरी ने जमीन को फिर से उपजाऊ बनाने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने 1.5 लाख हेक्टेयर जमीन को विकसित करने के लिए 5 करोड़ रुपये का निवेश किया है।' उनके अनुसार भारत की 17 प्रतिशत जमीन बंजर है। उन्होंने सुझाव दिया कि बायोमास बनाने के लिए बांस के पेड़ लगाए जा सकते हैं। खनन क्षेत्रों के पास पेड़ लगाकर कार्बन क्रेडिट कमाया जा सकता है। कार्बन क्रेडिट यानी पर्यावरण को बचाने के लिए मिलने वाला इनाम। ठीक है गडकरी आज यह बात कह रहे है इसके पूर्व मेरठ में भाजपा नेता धर्मपाल सिंह ने एक अनोखा बयान दिया था कि "कचरे से बनेंगे कंचन"। धर्मपाल सिंह कूड़े से सोना बनाने की मशीन के बारे में ऐलान किया, और बताया कि यह मशीन जल्द ही मेरठ में तैयार की जाएगी। मंत्री का कहना था कि यह एक सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा, जिससे कचरे का सही तरीके से निस्तारण किया जा सकेगा और नई ऊर्जा और संसाधनों का निर्माण किया जा सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि कचरा प्रबंधन के तहत यह मशीन कूड़े से सोना बनाने का काम करेगी, जिससे शहर को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी और साथ ही यह आर्थिक रूप से भी लाभकारी साबित होगा। बताया जाता है कि ई-कचरे को 550 से 700 डिग्री सेल्सियस तक दो से तीन घंटे तक गरम किया जाता है। इसके बाद इससे सोना चांदी तांबा समेत अन्य विभिन्न प्रकार की धातुएं बाहर निकलती हैं।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर केके पंत के नेतृत्व में छात्रों द्वारा ही एक ऐसी तकनीक को विकसित किया गया है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) को रिसाइकिल करके सोना एवं चांदी समेत कई अन्य धातुओं को निकाला जा सकेगा। जानकारी के मुताबिक, केंद्र सरकार के विज्ञान एवं तकनीक विभाग के कचरा प्रबंधन कार्यक्रम के अधीन इस तकनीक को विकसित किया है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मलेन में सिंगापुर से बातचीत में बताया कि यह एक तरह की मशीन है, जिससे हर दिन 50 किलो के ई-वेस्ट को रिसाइकिल किया जा सकता है। इस मशीन के अंदर ई-वेस्ट जैसे मोबाइल, लैपटॉप, बैटरी आदि को डालकर उसे 550 से 700 डिग्री सेल्सियस तक दो से तीन घंटे तक गरम किया जाता है। इसके बाद इससे सोना, चांदी, तांबा समेत अन्य विभिन्न प्रकार की धातुएं बाहर निकलती हैं। बताया जा रहा है कि ऐसे में अगर एक टन ई-वेस्ट को रिसाइकिल किया जाए तो इससे 300 ग्राम सोना, 650 ग्राम चांदी एवं 200 ग्राम तक तांबा निकलेगा। उन्होंने बताया कि गुणवत्ता की दृष्टि से अच्छे मोबाइल फोन से ज्यादा मात्रा में सोना-चांदी निकलता है। इन मोबाइल फोन को अगर रिसाइकिल किया जाए तो सोना-चांदी निकलने की मात्रा में और इजाफा हो सकता है। प्रो. केके पंत ने बताया कि तीन साल की कड़ी मेहनत के बाद इस तकनीक को विकसित किया है। अभी इस पर और भी काम चल रहे हैं। संस्थान की लैब के अंदर इसे तैयार किया गया है। इसमें संस्थान के केमिकल इंजीनियरिंग से पीएचडी कर रहे छात्र प्रशांत यादव ने भी काम किया है। प्रशांत ने छात्रों का नेतृत्व किया है। पंत ने बताया है कि भविष्य में इस मशीन के जरिये प्लास्टिक को भी रिसाइकिल किया जा सकेगा। जिसका उपयोग ईंधन के रूप में किया जा सकेगा। इस तकनीक को निजी क्षेत्र में भी पहुंचाने के लिए बातचीत की जा रही है। साथ ही सरकार के साथ मिलकर भी कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में इस पर काम किया जाएगा। यह तकनीक कचरा प्रबंधन क्षेत्र, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग एवं धातुएं बनाने वाले उद्योग के लिए भी लाभदायक होगी। यहां पर बता दें कि ई-कचरा सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ी समस्या बन चुका है, क्योंकि इसे नष्ट करना बेहद दूभर होता है। खासकर प्लास्टिक और धातु से बने सामान को नष्ट करना काफी लंबी प्रक्रिया है। भारत समेत दुनिया के तमाम बड़े देश ई-कचरा के प्रबंधन पर तेजी से काम कर रहे हैं, जिससे आने वाले कुछ सालों में इस पर लगाम लगाई जा सके और ई-कचरा को उचित तरीके से ठिकाने लगाया जा सके।

-अशोक भाटिया

# त्रिनिदाद और टोबैगो के गिरमिटिया का भारत से संबंध

भारतीयों की पहचान उनकी मेहनत, सफलता और हर मुसीबत से लड़ने की कर्मठता के लिए जानी जाती है। ये अपनी संस्कृति के साथ हर नई जगह में घुलमिल जाते हैं। यही वजह है कि भारतीय सदियों से दुनिया भर में प्रवास करते रहे हैं। भारतीयों की कार्यकुशलता, शिक्षा और उद्यमशीलता का लोहा आज दुनिया मान रही है। एक समय ऐसा भी था जब भारतीयों को जबरन दूसरे देशों में मजदूरी के लिए ले जाया जाता था। धीरे-धीरे गुलाम जैसी जिंदगी से आगे बढ़े और जहाँ बसे वहाँ की पहचान बन गए। पराधीनता, दर्द और पीड़ा से मुक्त होकर अपना नाम कमाया। वेनेजुएला के पास एक छोटा सा द्वीप है जिसे त्रिनिदाद और टोबैगो के नाम से जाना जाता है। इसका इतिहास भारत से जुड़ा हुआ है क्योंकि भारतीय यहाँ भी ले जाकर बसाए गए थे। 5 देशों के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब त्रिनिदाद और टोबैगो पहुँचे तो उसका जमकर स्वागत किया गया। कोवा में नेशनल साइक्लिंग वेलोड्रोम में एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, "मैं जानता हूँ कि त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय की मौजूदगी उनके साहस और कार्यकुशलता के बारे में बताती है," भगवान राम के जयकारे सुनकर पीएम मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने कहा, "मैं भी इसी तरह की भक्ति भावना के साथ कुछ लेकर आया हूँ, अयोध्या में स्थित राम मंदिर की प्रतिकृति और सरयू नदी का कुछ जल" पीएम ने कहा, "हम अपने प्रवासी समुदाय की ताकत और समर्थन को बहुत महत्व देते हैं। दुनिया भर में फैले 35 मिलियन से अधिक लोगों के साथ, भारतीय प्रवासी हमारा गौरव हैं। जैसा कि मैंने अक्सर कहा है, आप में से प्रत्येक एक राष्ट्रदूत है, भारत के मूल्यों, संस्कृति और विरासत का एक राजदूत है। आपके पूर्वजों ने जिन परिस्थितियों का सामना किया, वो मजबूत इरादे वाले लोगों को भी तोड़ सकती थी लेकिन उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और समस्याओं का डटकर सामना किया। पूर्वजों ने गंगा और यमुना को पीछे छोड़ दिया लेकिन अपने दिलों में रामायण को बसाए रखा। उन्होंने अपनी मिट्टी छोड़ी, लेकिन अपनी आत्मा नहीं।" प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासियों को "एक शाश्वत सभ्यता के




संदेशवाहक" के रूप में भी याद किया। प्रवासियों के योगदान से देश को सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक फायदा हुआ। इस खूबसूरत देश पर आप का प्रभाव दिख रहा है।" 19वीं शताब्दी में भारत के लोगों को मजदूरी करने के लिए अंग्रेजों ने अपने उपनिवेशों में भेजा। कम मजदूरी और दयनीय हालत के बावजूद भारतीय मजदूर बड़ी संख्या में अनुबंध समाप्त होने के बाद वहीं रह गए। इसकी शुरुआत 1834 में मॉरीशस से हुई। 87 साल की औपनिवेशिक अनुबंध के तहत 1.5 मिलियन से ज्यादा भारतीय दूसरे देशों में बंधुआ मजदूरों के रूप में लाए गए। अनुबंध समाप्त होने के बाद इनमें से कई अप्रवासियों ने विदेशी धरती पर ही रहने का फैसला किया। इन लोगों ने समृद्ध बस्तियाँ बनाईं और अपनी परंपराओं को आगे बढ़ाया। त्रिनिदाद और टोबैको की पहली महिला और वर्तमान प्रधानमंत्री कमला सुशीला प्रसाद-बिसेसर एक हिंदू हैं। उनकी विरासत दक्षिण भारत और उत्तर भारत दोनों से मिलती है। उनके पूर्वज भारतीय अनुबंध प्रणाली के तहत त्रिनिदाद और टोबैको आए और यहीं बस गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "भारत में लोग प्रधानमंत्री कमला को बिहार की बेटी मानते हैं। उनकी तरह यहाँ भी ऐसे कई लोग हैं जिनकी जड़ें बिहार में हैं। बिहार की विरासत हम सभी के लिए गर्व की बात है।" दुनिया के महान प्रवासी भारतीयों की शानदार उपलब्धियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कई प्रतिष्ठित हस्तियों का नाम भी लिया। कौन हैं गिरमिटिया? 1833 में ब्रिटिश साम्राज्य, 1848 में फ्रांसीसी उपनिवेशों और 1863 में डच साम्राज्य में दास प्रथा का अंत हो गया। ब्रिटेन में भारतीयों की गिरमिटिया दासता 1920 के दशक तक जारी रही। इससे इंडो-साउथ अफ्रीकी, इंडो-कैरिबियन, इंडो-मॉरीशस और इंडो-फिजियन समुदायों का विकास हुआ। जानकारी के अनुसार दास प्रथा खत्म होने के बाद काम करवाने के लिए अंग्रेजी साम्राज्य को मजदूरों की जरूरत पड़ी। तब भारत से 5 साल के अनुबंध पर इन मजदूरों को 1834 के दशक में अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप भेजा गया। 5 साल बीत जाने के बाद आने के पैसे नहीं थे इसलिए ज्यादातर लोग यहाँ बस गए और इन्हें गिरमिटिया कहा गया। भारत से बाहर भेजे गए मजदूरों के लिए गिरमिटिया शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले अंग्रेजों ने ही किया। जब मजदूरों को अनुबंध के तहत भेजा जाता था तो उसे गिरमिटिया कहा जाता था। गिरमिटिया की पूरी कहानी ब्रिटिश उपनिवेशवाद से जुड़ी हुई है। दरअसल ब्रिटिश साम्राज्य को स्थापित करने और उसे मजबूत बनाने के लिए सस्ते और मेहनतकश लोगों की जरूरत थी। उस वक्त ब्रिटिश शासन ने भारतीय किसानों पर भारी टैक्स लगा दिया था और कर्ज के चंगुल में किसान लगातार फँसते जा रहे थे। ऐसे में गिरमिटिया बनकर बड़ी संख्या में लोगों ने पलायन किया। बताया जाता है 1498 में क्रिस्टोफर कोलंबस के त्रिनिदाद और टोबैगो के समुद्र तट पर कदम रखा। इससे पहले इस द्वीप को कोई नहीं जानता था। बाद में जब इस द्वीप का दुनिया से सामना हुआ तो यहाँ के लोगों को दास के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया गया। 1802 में इस क्षेत्र को ब्रिटिश क्राउन को सौंप दिया गया और ये द्वीप ब्रिटिश उपनिवेश का हिस्सा बन गया। अंग्रेजी निवेशक त्रिनिदाद के चीनी क्षेत्र को बढ़ावा देना चाहते थे। अंग्रेजी कंपनियों को इससे जबरदस्त फायदा हो रहा था। द्वीप के चीनी और कोको बागानों में काम करने के लिए अफ्रीकी देशों से मजदूरों को दास के रूप में लाया गया था। 1838 में ब्रिटिश संसद ने दास प्रथा को गैरकानूनी घोषित कर दिया। इसका असर त्रिनिदाद पर पड़ा। यहाँ की कृषि अर्थव्यवस्था तब ढहने के कगार पर पहुँच गई थी। यहाँ अफ्रीकी लोगों ने खेतों, बागानों में काम करने से इनकार कर दिया। तब इन्होंने चीनी और चॉकलेट उद्योगों को बंद होने से बचाने के लिए नए मजदूरों को लाना शुरू किया।

-रामस्वरूप रावतसरे

# मनोविकारों से बाहर निकलो

गुरु पूर्णिमा के दिन संत नगरी ऋषिकेश में पूज्य संतों की शरण में बैठकर ध्यान लगाने का अवसर प्राप्त हुआ। संतों के प्रवचनों को सुनने का बहुत ही सुखद अनुभव मिला। विचारणीय है कि भारतीय ज्ञान परंपरा में साधु, संतों, महात्माओं आदि की बड़ी भूमिका रही है और संत समाज के मार्गदर्शक हैं। संत समाज के मार्गदर्शक होने के साथ-साथ मनुष्य के अंदर की बुराइयों को दूर करते हैं। व्यक्ति के अंदर बैठे अंधकार को मिटाकर उसे शुद्ध-स्वच्छ कर देते हैं। व्यक्ति के मानसिक विकारों को दूर कर पावन पवित्र कर देते हैं। मनुष्य में मनुष्यता का गुण भर देते हैं। आज भारतीय जनमानस के एक बहुत बड़े वर्ग को मानसिक द्वंद से बाहर निकलना होगा। कितने ही लोग हर दृष्टि से समर्थ होने के बाद भी अपने को असमर्थ कह रहे हैं। विचार किया जाए तो मानव की क्या आवश्यकता है? इसका उत्तर है रोटी, कपड़ा और मकान। जब व्यक्ति को खाने को दो जून रोटी मिल गई है, शरीर ढकने के लिए कपड़ा है और सिर पर छत भी आ गई है। व्यक्ति अपनी जिज्ञासों का फलक क्यों फैला रहा है। सरकार गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को फ्री में राशन दे रही है। फिर भी व्यक्ति क्यों भीख मांग रहा है, वह बार-बार भिक्षुक क्यों बन रहा है? जिसके चलते विश्व मानचित्र पर भारत की छवि खराब होती है। कितनी ही फिल्मों दिखाया गया है कि विदेशी लोग भारत में घूमने के लिए आते हैं और अपने कैमरे में दर्शनीय स्थलों के फोटो लेने के साथ-साथ भीख मांगते लोगों के भी फोटो खींच लेते हैं। कई पुरानी फिल्मों में तो भीख मांगने को व्यापार के रूप में दिखाया है। किसी भी तीर्थ स्थल पर चले जाओ, भिक्षुक सामान्य जन को घेर लेते हैं। अमर्यादित यह जन समूह अव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है। भीख मांगने वालो ने अपने-अपने क्षेत्र बांट रखे हैं। महानगरीय जीवन में लाल बत्ती पर कितने ही भीख मांगने वाले खड़े रहते हैं। कई बार तो यह लोग गाड़ियों से कीमती सामान भी निकाल लेते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को इस काम में लगाया जाता है जबकि भारत सरकार ने फ्री शिक्षा और मिड डे मील की व्यवस्था कर रखी है। प्रशासन भी मौन दिखाई देता है। यह देश मांगने वालों का देश नहीं है, यह देश विश्व का भरण पोषण करने वालों का है। रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं कि विश्व भरन पोषण पर जोई। ताकर नाम भारत अस होई।। श्रीभरत जी का चरित्र विश्व के भरण पोषण की बात करता है। भगवान श्रीराम तो स्वयं ही विश्व को चलाने वाले हैं। रामचरितमानस में लिखा है कि बिनु सत्संग विवेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई। हमारे संतों ने हमारे शास्त्रों के विषय में बड़ा ही सुंदर बताया, सुनाया और लिखा है। लोगों की बुद्धि से अज्ञान का पर्दा हटाया है, फिर भी लोग अंधकार में क्यों भटक रहे हैं? हमारे संत, महात्मा, योगी, विद्वाना आदि बताते-समझाते हैं कि ऐसे व्यक्तियों का साथ करें जिससे कि आपका विवेक और ज्ञान क्षमता दोनों ही बढ़ जाएं। जब आपका विवेक और ज्ञान क्षमता बढ़ती है तो आपके अंदर के मनोविकार दूर होते हैं। भारतीय समाज में भी हमें इस दृष्टि और दृष्टिकोण को आगे बढ़ना होगा, साथ ही समाज को नई दिशा देनी होगी। मानसिक मनोरोगों से घिरे लोगों को बाहर निकलना होगा। लोगों को राष्ट्र चिंतन करना होगा।

-डॉ. नीरज भारद्वाज

आज का कार्टून




साभार

# फ़लक को छूने की ख्वाहिश

नबील अहमद "नबील" साहेब का यह शेर है जो दूरदर्शन की नई अंगड़ाईयों पर मौजू है.! दूरदर्शन अब अपनी परंपरागत छवि को बरकरार रखते हुए एक नई लड़ाई के लिए मैदान में उतर चुका है। दूरदर्शन जिस तरह के विविधतापूर्ण कंटेंट्स को लेकर "वेव्स" के जरिए इंटरटेनमेंट के विशालकाय समर में उतरा है, उसने तमाम ओटीटी प्लेटफार्मों में खलबली मचा दी है। वेव्स ओटीटी ने बेहतरीन कंटेंट् के साथ मनोरंजन के क्षेत्र में एक ऐसी प्रतिस्पर्धा का बिगुल फूंक दिया है कि आने वाले एक साल के भीतर अन्य ओटीटी प्लेटफार्मों को भी यह सोचना पड़ेगा कि केवल गालियां, हिंसा, बलात्कार, सेक्स ही ओटीटी का मूल विषय नहीं हो सकता बल्कि तमाम ऐसे सब्जेक्ट हैं जिन्हें न तो छिपकर देखने की जरूरत है और न कान में लीड लगाकर। बदलाव की इस आहट से दिल्ली में मंडी हाउस के आसपास फैला सन्नाटा अब टूटने लगा है। एक बार फिर से मंडी हाउस के बाहर निर्माता-निर्देशकों और कलाकारों की आवा-जाही शुरू हो गई है। मंडी हाउस एक बार फिर से 1984 और 1996 के उस वक्त की याद दिलाने लगा है जब यहां पैर रखने की जगह नहीं हुआ करती थी। धारावाहिक "हम लोग" जो कि 7 जुलाई, 1984 को और "बुनियाद" जो कि 1986 में प्रसारित हुए थे, ने मंडी हाउस को स्टोरी राइटरों, कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों...के लिहाज से किसी धार्मिक स्थल के रूप में बदल दिया था। प्रादेशिक स्तर पर एक नया प्लेटफॉर्म खुला और नीम का पेड़, बीबी नातियों वाली.. जैसे धारावाहिकों ने कंटेंट के लिहाज से एक अलग ही लड़ाई शुरू कर दी थी। वह दौर क्या एक बार फिर लौटेगा? ..और फिर से वही दौर लौटने की आहट ने मंडी हाउस के आसपास के कई थिएटरों- कमानी ऑडिटोरियम, एलटीजी ऑडिटोरियम, श्री राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, त्रिवेणी कला संगम में भी थिरकन पैदा कर दी है..क्योंकि वेव्स ने सैकड़ों कलाकारों को उम्मीदों से भर दिया है। वह ऐसे नये कंटेंट्स की तलाश में लग गया है जिसे परिवार के साथ भी बैठ कर देखा जा सकता है। दरकते और दहकते हुए सामाजिक ढ़ांचे को फिर से मजबूत करने की दशा व दिशा के साथ वेव्स ओटीटी की एक नई परिभाषा गढ़ना चाहता है। वेव्स भी मोहब्बत की कहानियां ओटीटी पर उतारना चाहता है लेकिन नजाकत और नफासत के साथ। वेव्स ओटीटी की पहचान बन चुके "गालियों और सेक्स" व अश्लीलता से बजबजाये हुए "आइटम सांग" से इतर नये कंटेंट लेकर आ रहा है। कुछ अतीत, कुछ वर्तमान और कुछ भविष्य के कथानकों को समेटकर वेब्स ओटीटी, यह मानक गढ़ना चाहता है कि "चोली के पीछे क्या है"..से इतर कुछ ऐसा गढ़ा-बुना-रचा जाए जो बेटा अपने पिता के साथ और दादा, पोते के साथ देख सके..! इसके अलावा वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म की सबसे बड़ी ताकत है मुफ्त में मनोरंजन प्रदान करना जिसमें फिल्में, वेब सीरीज, टीवी शो और लाइव टीवी चैनल सब कुछ शामिल हैं..! भारत में करीब 57 ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं. भारत में डिज्नी प्लस हॉटस्टार, अमेजन प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स, ऑल्ट बालाजी, जियो सिनेमा, जी5, Aha, Hoichoi, सोनी लिव जैसे कई पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं और इन सभी प्लेटफॉर्म्स के अलग-अलग प्लान्स हैं जबकि वेव्स ओटीटी का कोई प्लान नहीं है, वह मुफ्त है! ये सारे प्लेटफार्म जहां बोल्ड कंटेंट्स के साथ-साथ, अपराध और भ्रष्टाचार पर जबरदस्त हमलावर हैं और युवाओं के बीच इसीलिए जगह बना चुके हैं। ऐसे में वेव्स ओटीटी इस लड़ाई को कैसे लड़ेगा, यह देखने की बात होगी..! मुंबई के एक प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक का कहना है वेव्स के पास खुला आसमान है। वो आसानी से महिलाओं, अधेड़ उम्र व बुजुर्ग दर्शकों को अपने कंटेंट के साथ जोड़ सकता है। उसे मेहनत करनी है युवाओं को जोड़ने की..! इसके लिए बेहतर होगा कि व्यवस्था पर हास्य-व्यंग्य के जरिए हमलावर हों..! जैसे फिर से आफिस-आफिस जैसा धारावाहिक नये रूप में लिया गया है। दूरदर्शन ने अपने दौर में तमाम ऐसे कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों को मौका दिया जो आगे चलकर फिल्म इंडस्ट्रीज में छा गये। कुछ नाम मुझे याद आते हैं। म्युजिक-मस्ती और धूम के जरिए नोमान मलिक ने अन्नू कपूर को मौका दिया। सागर सरहदी ने 1977 में ये इश्क नहीं आसां बनाया और फिर फिल्में कभी कभी", "सिलसिला", "चांदनी", "बाजार", "दीवाना", "कहो ना... प्यार है" जैसी फिल्मों की पटकथा लिखी और "बाजार" फिल्म का निर्देशन भी किया। फौजी धारावाहिक से शाहरुख खान और कच्ची धूप से भाग्य-श्री का भाग्योदय हुआ। रामानंद सागर, अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया, सुनील लाहिरी, बाल कलाकार मयूरेश क्षत्रपति, सुधीर दलवी, और विजयकान्त की पहचान दूरदर्शन से बनी।

-पवन सिंह

PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF THE SHAREHOLDERS OF

# CHEMBOND CHEMICALS LIMITED

*(formerly Chembond Chemical Specialties Limited)*

## FOR COMPLIANCE PURPOSES ONLY. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES NOR IS IT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT.

Registered Office: EL-37, Mahape MIDC, Navi Mumbai, MH, India 400710. • CIN: U20116MH2023PLC415282 • Tel: +91 22 65753000 • Website: www.chembondindia.com • Email: cs@chembondindia.com

STATUTORY ADVERTISEMENT IN COMPLIANCE OF PART II(A)(5) OF SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SEBI) MASTER CIRCULAR # SEBI/HO/CFD/POD-2/P/CIR/2023/93 DATED JUNE 20, 2023 READ WITH RULE 19(7) OF THE SECURITIES CONTRACTS (REGULATION) RULES, 1957 (SCRR) PURSUANT TO GRANT OF RELAXATION BY SEBI FROM THE APPLICABILITY OF RULE 19(2)(b) OF SCRR.

**ABOUT THE COMPANY AND COMPOSITE SCHEME OF ARRANGEMENT**

**The Company was originally incorporated as Chembond Chemical Specialties Limited, (the "Company" / the "Resulting Company" / "CCL") a public limited company under the Companies Act, 2013 and received its certificate of incorporation from the Registrar of Companies, Mumbai, on December 12, 2023. Pursuant to an order of the Hon'ble National Company Law Tribunal, Mumbai Bench, the name of the Company was changed to Chembond Chemicals Limited and a fresh certificate of incorporation dated June 24, 2025, was issued by the Registrar of Companies, Mumbai. The Registered Office of Resulting Company is situated at EL-37, Mahape MIDC, Navi Mumbai, MH, India 400710. It was formed with the object of carrying on the business of manufacturing and selling specialty chemicals including but not limited to Construction Chemicals and Water Treatment Chemicals. The Corporate Identification Number of Resulting Company is U20116MH2023PLC415282.**

The Hon'ble National Company Law Tribunal, Mumbai Bench vide its order dated April 7, 2025 (certified true copy of the order received on April 22, 2025), has sanctioned the Composite Scheme of Arrangement in nature of demerger of "CC & WT Business Undertaking" of **Chembond Material Technologies Limited** (*formerly Chembond Chemicals Limited* ) (**"Demerged Company"/ "CMTL"**) into Chembond Chemicals Limited *(formerly Chembond Chemical Specialties Limited)*, a wholly owned subsidiary of CMTL and post demerger, amalgamation of Chembond Clean Water Technologies Limited ("Transferor Company No. 1") with the Resulting Company ("Amalgamation – I") and amalgamation of Chembond Material Technologies Private Limited ("Transferor Company No. 2"), Phiroze Sethna Private Limited ("Transferor Company No. 3"), Gramos Chemicals (India) Private Limited ("Transferor Company No. 4") with the Demerged Company ("Amalgamation – II") and their respective shareholders ("Scheme") with effect from the Appointed Date (i.e from the opening business hours on April 1 2024). In accordance with the said Scheme, 2,68,96,576 equity shares of the Company were issued as per applicable regulations, and shall be listed and admitted to trading on the BSE Limited ("BSE") and National Stock Exchange of India limited ("NSE"). The Effective Date of the scheme is May 3, 2025.

**A. Name of the Company:** Chembond Chemicals Limited *(formerly Chembond Chemical Specialties Limited)*

**B. Registered Office address of the Company:** EL-37, Mahape MIDC, Navi Mumbai, MH, India 400710

**C. Details of change of name and/or object clause:**

(i) Name Change: Incorporated as Chembond Chemical Specialties Limited, pursuant to a certificate of incorporation dated December 12, 2023. Pursuant to the Composite Scheme of Arrangement, the Company has changed its name from Chembond Chemical Specialties Limited to Chembond Chemicals Limited, effective **June 24, 2025.**

(ii) Object Clause : The Company has not changed its objects since its incorporation. It was incorporated with the following main objects as set out in the Memorandum of Association:

*"To carry on the business whether in India or outside India of manufacturing, producing, processing, trading, mixing, blending, refining, formulating, buying, selling, distributing or otherwise dealing in all kinds and varieties of chemicals including but not limited to speciality chemicals, intermediates, or chemical mixtures, admixtures, repair and bonding chemicals, water proofing chemicals, surface treatment, tiling chemicals, sealants, additives, adhesives, grouts and anchors, cleaning agents, bonding agents, waterproofing compound, chemicals for coating or otherwise, organic / inorganic chemicals, resins, resins based chemicals, corrosion inhibitors, surface treatment of ferrous and non-ferrous metals and other substrates for anti-corrosive, paint adhesion or lubricity purposes, electrolytic cleaners, chemical paint strippers, chemically treated cloth, face mask and other material for dust control and removal, chemicals and polishes for finished products, plastic compounds, particularly polyvinyl chloride, liquid plastic membranes, liquid plastic coating materials and chemicals of all types, all kinds of paints, enamels, varnishes, coatings, enzymes, sealants etc, whole range of water and waste water treatment chemicals, systems and machineries, water management solutions, water treatment membranes, oilfield and process chemicals, textile chemicals, bio-based chemicals, bio-remediation cultures and chemicals, engineering polymers and materials, Bio based polyamides used as engineering and performance plastics, high performance polymers for commodity and automobile applications, high performance and high temperature withstanding plasticisers as lubricating additive for rolling steel application, synthesise and characterization of monomers for high performance differentiated polyimides, Electronic instruments and smart automation products."*

**D. Changes in Pre and Post Scheme of Arrangement Share Capital :**

The changes to the Authorized, Issued, Subscribed and Paid-up Share Capital of the Company are as follows:

| Pre-Scheme | | Post-Scheme | |
|---|---|---|---|
| Authorized Share Capital<br>10,000 (Ten Thousand) Equity Shares of Rs. 5 (Rupees Five) face value each | Rs. 50,000 | Authorized Share Capital<br>2,80,10,000 (Two Crore Eighty Lakhs Ten Thousand) Equity Shares of Rs.5 (Rupees Five) face value each | Rs. 14,00,50,000 |
| Issued, Subscribed and Paid-up Share Capital<br>10,000 (Ten Thousand) Equity Shares of Rs. 5 (Rupees Five) face value each | Rs. 50,000 | Issued, Subscribed and Paid-up Share Capital<br>2,68,96,576 (Two crore Sixty-Eight Lakhs Ninety-SixThousand Five Hundred Seventy-Six) Equity Shares of Rs.5 (Rupees Five) face value each | Rs. 13,44,82,880 |

**E. Shareholding Pattern of the Company:**

| Shareholder Category | Pre-Scheme | | | Post-Scheme | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | # of shareholders | # of fully paid up equity shares held | Holding | # of shareholders | # of fully paid-up equity shares held | Holding |
| **Promoter and Promoter Group** | 1* | 10,000 | 100.00 % | 27 | 1,81,95,738 | 67.65 % |
| **Public** | NIL | NIL | NIL | 12,952 | 87,00,838 | 32.35 % |
| **Total** | 1 | 10,000 | 100.00 % | 12,979 | 2,68,96,576 | 100.00 % |

*CMTL *( formerly Chembond Chemicals Ltd)* holds shares through its 6 nominees

**F. Pre and Post Scheme shareholding pattern of promoter group and group companies with details of shareholding and interest, if any:**

| Name of the Person / Entity | Category | Pre-Scheme of Arrangement | | | | Post- Scheme of Arrangement | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Demerged Company | | Resulting Company | | Demerged Company | | Resulting Company | |
| | | Number of Equity shares allotted | % of total paid up share capital | Number of Equity shares allotted | % of total paid up share capital | Number of Equity shares allotted | % of total paid up share capital | Number of Equity shares allotted | % of total paid up share capital |
| Nirmal V. Shah | Promoter | 17,95,190 | 13.35 | - | - | 17,95,190 | 13.35 | 35,90,380 | 13.35 |
| Sameer V. Shah | Promoter | 17,00,144 | 12.64 | - | - | 17,00,144 | 12.64 | 34,00,288 | 12.64 |
| Padma V. Shah | Promoter | 16,91,100 | 12.57 | - | - | 16,91,100 | 12.57 | 33,82,200 | 12.57 |
| Ashwin R. Nagarwadia | Promoter | 5,00,000 | 3.72 | - | - | 500,000 | 3.72 | 10,00,000 | 3.72 |
| Kumud A. Nagarwadia | Promoter Group | 5,00,000 | 3.72 | - | - | 500,000 | 3.72 | 10,00,000 | 3.72 |
| Bhadresh Shah | Promoter | 1,88,934 | 1.40 | - | - | 188,934 | 1.40 | 3,77,868 | 1.40 |
| Alpana S. Shah | Promoter Group | 1,29,844 | 0.97 | - | - | 129,844 | 0.97 | 2,59,688 | 0.97 |
| Sameer V. Shah HUF | Promoter Group | 1,17,481 | 0.87 | - | - | 117,481 | 0.87 | 2,34,962 | 0.87 |
| Jyoti N. Mehta | Promoter Group | 94,480 | 0.70 | - | - | 94,480 | 0.70 | 1,88,960 | 0.70 |
| Mamta N. Shah | Promoter Group | 93,300 | 0.69 | - | - | 93,300 | 0.69 | 1,86,600 | 0.69 |
| Shilpa S. Shah | Promoter Group | 66,695 | 0.50 | - | - | 66,695 | 0.50 | 1,33,390 | 0.50 |
| Sandeep H. Shah | Promoter Group | 65,135 | 0.48 | - | - | 65,135 | 0.48 | 1,30,270 | 0.48 |
| Parul Shah | Promoter Group | 55,600 | 0.41 | - | - | 55,600 | 0.41 | 1,11,200 | 0.41 |
| Amrita S. Shah | Promoter Group | 45,218 | 0.34 | - | - | 45,218 | 0.34 | 90,436 | 0.34 |
| Kalpana S. Shah | Promoter Group | 43,200 | 0.32 | - | - | 43,200 | 0.32 | 86,400 | 0.32 |
| Nikhil J. Mehta | Promoter Group | 40,400 | 0.30 | - | - | 40,400 | 0.30 | 80,800 | 0.30 |
| Mallika S. Shah | Promoter Group | 33,700 | 0.25 | - | - | 33,700 | 0.25 | 67,400 | 0.25 |
| Kshitija N. Shah | Promoter Group | 27,100 | 0.20 | - | - | 27,100 | 0.20 | 54,200 | 0.20 |
| Sandeep H. Shah HUF | Promoter Group | 21,624 | 0.16 | - | - | 21,624 | 0.16 | 43,248 | 0.16 |
| Raunaq S. Shah | Promoter Group | 15,060 | 0.11 | - | - | 15,060 | 0.11 | 30,120 | 0.11 |
| Nikhil J. Mehta HUF | Promoter Group | 8,400 | 0.06 | - | - | 8,400 | 0.06 | 16,800 | 0.06 |
| Nirmal V. Shah HUF | Promoter Group | 7,134 | 0.05 | - | - | 7,134 | 0.05 | 14,268 | 0.05 |
| Sunil D. Shah | Promoter Group | 6,000 | 0.04 | - | - | 6,000 | 0.04 | 12,000 | 0.04 |
| Rahil N. Shah | Promoter Group | 4,300 | 0.03 | - | - | 4,300 | 0.03 | 8,600 | 0.03 |
| Visan Holdings Pvt Ltd | Promoter Group | 13,10,630 | 9.75 | - | - | 13,10,630 | 9.75 | 26,21,260 | 9.75 |
| Finor Piplaj Chemicals Ltd | Promoter Group | 2,75,000 | 2.04 | - | - | 2,75,000 | 2.04 | 5,50,000 | 2.04 |
| S&N Ventures Pvt Ltd | Promoter Group | 2,62,200 | 1.95 | - | - | 2,62,200 | 1.95 | 5,24,400 | 1.95 |
| CMTL *(formerly Chembond Chemicals Ltd)* | | - | - | *10,000* | *100* | - | - | - | - |
| | Total | 90,97,869 | 67.65 | 10,000 | 100 | 90,97,869 | 67.65 | 1,81,95,738 | 67.65 |

* Pursuant to the Composite Scheme of Arrangement, on May 13, 2025, two new equity shares of ₹5 each were allotted for every one equity share of ₹5 each to the shareholders of Demerged Company, whose names appeared in the register of members as on the record date of May 9, 2025. Consequently, the shares held by Demerged Company in Resulting Company stand cancelled. The Resulting Company, Chembond Chemicals Limited *(formerly Chembond Chemical Specialties Ltd)*, is now treated as a separate entity. The Demerged Company *(formerly Chembond Chemicals Limited)* has been renamed Chembond Material Technologies Limited (CMTL) on May 27, 2025.

**G. Top 10 public shareholders other than Promoter and Promoter Group :**

| Name of the Shareholder | Number of Equity Shares | Percentage of Equity Share Capital (%) |
|---|---|---|
| Ajay C. Laloo | 5,48,158 | 2.04 |
| Amit A. Thawani | 2,59,494 | 0.96 |
| Acadian Emerging Markets Micro-Cap Equity Master Fund | 1,64,280 | 0.61 |
| Ashok J. Thawani | 1,30,390 | 0.48 |
| Pegasus Growth Fund 1 | 1,08,000 | 0.40 |
| Awriga Capital Advisors LLP | 1,06,524 | 0.40 |
| Dena Bank | 95,200 | 0.35 |
| Shepherd's Hill Private Investment Fund | 90,468 | 0.34 |
| Manish A. Parikh HUF | 85,860 | 0.32 |
| Vrushal Trading Private Limited | 82,600 | 0.31 |

**H. Name and details of Promoters:**

Following are details of the promoters. Address of the Promoters is EL-37, Mahape MIDC, Mahape, Navi Mumbai 400710.

1. **Mr. Nirmal V. Shah** holds a degree in Economics and a Diploma in Business Management. He was the Vice-Chairman and Managing Director of Chembond Material Technologies Limited *(formerly Chembond Chemicals Limited)*, a Demerged Company, until May 30, 2025. Following his resignation from this role, he assumed the position of Chairman and Managing Director of Chembond Chemicals Limited *(formerly Chembond Chemical Specialties Limited)*, effective immediately thereafter. This transition marks a strategic leadership shift in alignment with the Company's restructuring under the Composite Scheme of Arrangement. He continues to be the Managing Director of Chembond Water Technologies Limited (wholly owned subsidiary of the Resulting Company). Mr. Nirmal V. Shah hails from the promoter family of Chembond being the son of the founder – Dr. Vinod D. Shah. Over his career spanning almost 30 years, he has held various managerial positions in the Company, its Joint Ventures and subsidiaries managing diverse businesses. His core strengths are in organisational management and strategy development.
2. **Mr. Sameer V. Shah** is a member of the promoter family of the Chembond Group of Companies and has held several managerial positions within the Company, as well as its Joint Ventures and subsidiaries. He holds a degree in Chemical Engineering. Mr. Sameer V. Shah has been serving as the Chairman and Managing Director of Chembond Material Technologies Limited *(formerly Chembond Chemicals Limited)*. Under his leadership, Chembond focused on expanding its core businesses, including material technologies, industrial coatings and bio-based polyamides. With over 30 years of experience in the chemical and financial sectors, he has been instrumental in steering the company towards growth and innovation.
3. **Mrs. Padma V Shah** is a key member of the promoter family of Chembond Group and has been closely associated with the company since its inception. With a strong background in administration, she has played a pivotal role in supporting the company's growth and operational stability over the years. With a deep understanding of Chembond' values and long-term vision, she continues to play a significant role in reinforcing its organizational foundation.
4. **Mr. Ashwin R. Nagarwadia** is a seasoned technocrat with extensive experience in the manufacturing industry. Over the course of his distinguished career, he has held several senior leadership positions most importantly serving as the Chairman and Managing Director of Ingersoll Rand (India) Ltd. His vast managerial expertise and strategic insights have been instrumental in driving organizational strategy and operational excellence.
5. **Mr. Bhadresh Shah** holds bachelor's degrees in commerce and law. Associated with Chembond for 50 years, he has served the Company in various capacities and is currently a part of the Internal Audit Department of Chembond Material Technologies Ltd *(formerly Chembond Chemicals Limited)*. Throughout his long-standing tenure, Mr. Shah has gained extensive experience in commerce, sales, procurement, and secretarial functions, and has led multiple departments, contributing significantly to the Company's growth and governance

**I. Name and details of Board of Directors (experience including current / past position held in other firms):**

1. **Mr. Nirmal V. Shah (DIN00083853)** – in addition to the details mentioned in point H above, Mr. Nirmal V. Shah holds directorship positions in Chembond Water Technologies Ltd, Chembond Distribution Ltd, Chembond Calvatis Industrial Hygiene Systems Ltd, Chembond Material Technologies Ltd *(formerly Chembond Chemicals Limited)*, Finor Piplaj Chemicals Ltd, Visan Holdings Pvt Ltd, and Rewasoft Solutions Pvt Ltd. In the past, he also served as a Director on the boards of S&N Ventures Pvt Ltd, Henkel Chembond Surface Technologies Pvt Ltd, Protochem Products Pvt Ltd, NJP Healthcare Pvt Ltd, Gramos Chemicals (India) Pvt Ltd, Phiroze Sethna Pvt Ltd, Chembond Material Technologies Pvt Ltd, and Chembond Clean Water Technologies Ltd.
2. **Mr. Sameer V. Shah (DIN 00105721)** – in addition to the details mentioned in point H above, Mr. Sameer V. Shah holds directorship positions in Chembond Material Technologies Ltd (*formerly Chembond Chemicals Limited*), Chembond Biosciences Ltd, CCL Optoelectronics Pvt Ltd, Visan Holdings Pvt Ltd, and S&N Ventures Pvt Ltd. He had served as a Director on the boards of Henkel Chembond Surface Technologies Pvt Ltd, Gramos Chemicals (India) Pvt Ltd, Phiroze Sethna Pvt Ltd, Chembond Material Technologies Pvt Ltd, Chembond Clean Water Technologies Ltd, Arraycom (India) Ltd, Oriano Clean Energy Pvt Ltd, and Lauren Engineers & Constructors Pvt Ltd.
3. **Mr. Mahendra K. Ghelani (DIN 01108297)** holds a Master of Arts degree and a Bachelor of Laws (LL.B.) from the prestigious Government Law College, Mumbai University, graduating in 1967. With an illustrious career spanning over 55 years, he brings extensive expertise in legal practice, strategic planning, and dispute resolution. Mr. Ghelani is a seasoned legal professional and has served as a Solicitor with a strong foundation in real estate law, civil litigation, and corporate governance. His vast experience includes negotiation, drafting pleadings, and advising on complex legal matters across a wide spectrum of industries. He has deep proficiency in alternative dispute resolution (ADR). Throughout his career, Mr. Ghelani has been recognized for his strategic insight, meticulous legal acumen, and ability to navigate both domestic and international legal frameworks. He holds directorship positions in Chembond Water Technologies Ltd and Variety Investments Pvt Ltd. In the past he has served as a Director on the boards of Chembond Material Technologies Ltd (*formerly Chembond Chemicals Limited*), Gramos Chemicals (India) Pvt Ltd, Phiroze Sethna Pvt Ltd, Chembond Material Technologies Pvt Ltd, Chembond Clean Water Technologies Ltd, Arraycom (India) Ltd. and Henkel Chembond Surface Technologies Pvt Ltd.
4. **Mr. Sushil U. Lakhani (DIN 01578957)** graduated in 1979 with a Bachelor of Commerce degree from Narsee Monjee College of Commerce and Economics, one of India's premier institutions. He subsequently qualified as a Chartered Accountant in 1981, earning his membership from the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI). With over 40 years of distinguished experience in the field of taxation and finance, Mr. Lakhani is a seasoned expert specializing in advising clients on the tax implications and strategic planning of complex cross-border transactions. His expertise encompasses a wide range of areas including international tax structuring, transfer pricing, regulatory compliance, and obtaining approvals from various governmental and regulatory authorities for foreign investments. His comprehensive knowledge of both domestic and international taxation, combined with a practical approach, has made him a trusted advisor in the industry. Mr. Lakhani is also known for his thought leadership, regularly contributing to seminars, workshops, and publications on topics related to international taxation and regulatory policies. His commitment to excellence and continuous learning has cemented his reputation as a go-to expert for complex tax matters. He is the designated partner of Sushil Lakhani & Associates LLP and is on the Boards of Chembond Water Technologies Ltd and Delsoft Consultancy Pvt Ltd. In the past, he has served as a Director of Chembond Clean Water Technologies Ltd, Chembond Material Technologies Ltd (*formerly Chembond Chemicals Limited*), Comber Engineering Pvt Ltd, and T.P. Ostwal Info Advisor Pvt Ltd.
5. **Prof. Aniruddha B. Pandit (DIN 02471158)** holds a Ph.D. in Chemical Engineering (1984) from the University Department of Chemical Technology (UDCT), Mumbai, and a Bachelor of Technology in Chemical Engineering (1980) from the Institute of Technology, Banaras Hindu University. Currently serving as the Vice Chancellor of the Institute of Chemical Technology, India, Prof. Pandit brings extensive academic and industry expertise to his role. He has held prestigious positions such as Vice President (Academic, Professional, and International Affairs) of the Indian National Academy of Engineering (INAE) and President of the Asia Oceania Sonochemical Society Board. His teaching and research interests encompass Environmental Engineering, Process Safety, Chemical Project Economics, Design of Multiphase Reactors, Project Engineering & Economics, Separation Processes, and Unit Operations. Prof. Pandit is a distinguished research supervisor, having guided over 60 Ph.D. and 100 Master's students. An accomplished researcher, he has authored hundreds of international publications with significant citations and an impressive H-index. He holds numerous national and international patents and has received several awards and recognitions for his contributions to science and engineering. Prof. Pandit is a Fellow of all major Science Academies in India and a Fellow of the United States National Academy of Engineering, underscoring his global standing in the field of chemical engineering. He holds directorship positions in Aarti Industries Ltd, HYCA Technologies Pvt Ltd, Revolteq Technologies Pvt Ltd, Astra Aegis Pvt Ltd, Sathi Foundation ICT Mumbai India, ICT-Nice Venture Incubator & Foundation, ICT Mumbai Research Foundation and Sunshield Chemicals Ltd. In the past he was a Director of Scopgenx Pvt Ltd.
6. **Mrs. Anuradha S. Paraskar (DIN 02331564)** has completed an Executive Education program on Customer Centricity for Profitable Growth from Harvard Business School. She brings over 34 years of extensive experience across Marketing, Branding, Media, Public Relations, Sales, and Business Development. Her diverse career spans several key sectors including FMCG, Urban Development, Tourism, Hospitality, Real Estate, and currently, Engineering Products. Ms. Paraskar has successfully managed and scaled multiple brands, beginning her impactful journey at Godrej Consumer Products Ltd. Later, she spearheaded the creation and establishment of Lavasa, a pioneering new hill city near Pune. Most recently, she served as President (Group Brand and Marketing) at the Piramal Group, where she led strategic marketing initiatives and brand-building efforts across the organization. Ms. Paraskar's strategic vision and customer-centric approach have consistently driven profitable growth and strong brand equity in competitive markets. She holds directorship positions in Bang Overseas Ltd and Thomas Scott (India) Ltd. Previously, she served as a Director in Dasve Retail Ltd, Knowledge Vistas Ltd, Lavasa Bamboocrafts Ltd, Full Spectrum Adventure Ltd, Verzon Hospitality Ltd, Warasgaon Tourism Ltd, Whistling Thrush Facilities Services Ltd, SOL Hospitality Ltd, Nature Lovers Retail Ltd, Rhapsody Commercial Space Ltd, My City Technology Ltd, Reasonable Housing Ltd, Hill City Service Apartments Ltd, Spotless Laundry Services Ltd, and Green Hills Residences Ltd, Valley View Entertainment Ltd, Andromeda Hotels Ltd, Sirrah Palace Hotels Private Ltd and Future City Multiservices SEZ Ltd.

**J. Business / Business Overview and Strategy:**

Chembond Chemicals Limited *(formerly Chembond Chemical Specialties Limited)* was incorporated as a public limited company under the Companies Act, 2013 and received its Certificate of Incorporation from the Registrar of Companies on December 12, 2023. Prior to the effectiveness of the Composite Scheme of Arrangement, the Company was a wholly owned subsidiary of Chembond Material Technologies Limited ( *formerly Chembond Chemicals Limited*). Following the implementation of the Scheme, effective April 1, 2024, the Construction Chemicals ("CC") and Water Treatment ("WT") businesses have been demerged from Chembond Material Technologies Limited *(formerly Chembond Chemicals Limited)* and vested into Chembond Chemicals Limited *(formerly Chembond Chemical Specialties Limited)*. The primary objective of the Company is to engage in the manufacture and sale of specialty chemicals and systems, particularly those serving the water treatment and construction industries. Our business is underpinned by a customer-centric philosophy, a strong focus on safety and regulatory compliance, and a steadfast commitment to sustainability - principles that shape our strategy for long-term growth and resilience in an evolving market.

Chembond Water Technologies (WT) is a leading provider of water treatment chemicals, systems, and services, with operations across India and select international markets. With nearly five decades of industry expertise, the company is recognized as a pioneer in India's water treatment sector. Our extensive product and service portfolio includes cooling and boiler water treatment, membrane treatment, raw water clarification, wastewater treatment, bioremediation solutions, and automated online monitoring and control systems. Our holistic approach to Total Water Management enables us to offer value-driven, sustainable, and integrated solutions tailored to the needs of industrial and infrastructure clients.

Chembond Construction Chemicals (CC) provides a comprehensive range of specialized products for the building and infrastructure sectors. Our manufacturing operations are supported by two company-owned plants and a network of strategically located toll blending facilities, ensuring efficient production and distribution. A central application and development laboratory at our Gujarat facility reinforces our commitment to innovation and product quality. Our solutions serve a wide spectrum of projects, including infrastructure developments such as highways, bridges, airports, and railways, as well as industrial and commercial construction. While we have a nationwide presence, our primary markets are concentrated in the Western and Southern regions of India.

The Company continues to explore new growth opportunities including in the Water Technologies and Construction Chemicals segments. By leveraging our technical capabilities, experienced workforce, and strong market presence, we aim to expand our offerings, enter new geographies, and develop sustainable solutions that meet the evolving needs of our customers and stakeholders.

**K. Reason for the Scheme:**

Chembond Material Technologies Limited *(formerly Chembond Chemicals Limited)* and its subsidiaries, step-down subsidiaries and step-down associates, is a well-known name in India and is engaged in manufacturing a diverse range of specialty chemicals and products catering to an even more diverse set of customer segments. The Demerged Company has excellent infrastructure facilities like a well-equipped R&D laboratory, multiple regional offices, and production plants, well trained personnel and references across several business segments from the best-known companies in the field. The Demerged Company has come a long way and has evolved from being a fledging start-up to India's leading specialty chemicals manufacturer. The Demerged Company's several businesses carried on by itself and through its subsidiary and step-down subsidiary companies and associate companies including the Construction Chemicals and Water Technologies businesses have significant potential for growth. The nature of risk and competition involved in each of these businesses is distinct from others and consequently each business or undertaking can attract a different set of investors, strategic partners, lenders, and other stakeholders. There are also differences in the manner in which each of these businesses are required to be managed. In order to enable distinct focus of investors to invest in some of the key businesses and to lend greater focus to the operation of each of its diverse businesses, Demerged Company has re-organized and segregated, by way of a demerger of its Demerged Undertaking and vesting of the same in the Resulting Company and subsequently, amalgamation of the Transferor Companies with the Transferee Company.

The demerger is expected to result in the following benefits:

a. segregation and unbundling of the construction chemicals & water technologies business of the Demerged Company into the Resulting Company, which will enable enhanced focus on Retained Business the Demerged Company and Resulting Company for exploiting opportunities of each of their businesses;

b. unlocking of value for the shareholders of the Demerged Company, attracting investors and providing better flexibility in accessing capital, focused strategy and specialisation for sustained growth;

c. logistics alignment leading to economies of scale for the Resulting Company and creation of sectoral efficiencies and benefitting stakeholders as well as optimization of operation and capital expenditure; and

d. enhancing competitive strength, achieving cost optimisation, ensuring benefits through focused management of the financial, managerial and technical resources, personnel capabilities, skills, expertise and technologies of the Resulting Company and the Demerged Company thereby significantly contributing to future growth and maximizing shareholders' value.

The Scheme which involves demerger and amalgamation steps, is expected to deliver a streamlined business structure and the following benefits:

a. it will lead to greater efficiencies in overall operations including enhanced economies of scale, cash flow management and unfettered access to cash flow generated by the combined business which can be deployed more efficiently for the purpose of development of businesses of the combined entity and their growth opportunities, eliminate inter corporate dependencies, minimize the administrative compliances and maximize shareholders value;

b. it will provide for more productive and optimum utilization of various resources by pooling of the managerial, technical and financial resources for each business unit, which will fuel the growth of the business and help effectively address the growing competition;

c. it will result in a reduction in overheads including administrative, managerial and other expenditure, operational rationalization, organizational efficiency and optimal utilization of resources by elimination of unnecessary duplication of activities and related costs which will in turn promote maximization of stakeholders value;

d. it will result in a reduction in the multiplicity of legal and regulatory compliances required at present to be separately carried out by the Transferor Company No. 1, Resulting Company, Transferor Companies and the Transferee Company; and

e. in summary, the restructuring focuses on optimizing the operational structure to enable better focus, specialization, and efficiency across different business segments, ultimately leading to increased shareholder value and sustained growth for the entities involved.

The restructuring is in the interest of the shareholders, creditors, employees, and other stakeholders in each of the Companies.

**L. Restated Audited Financials of the Company since inception:**

The Company was incorporated on **December 12, 2023** and the appointed date was **April 01, 2024**. The restated audited financials are therefore given below for the year ended 31-03-2024 and 31-03-2025. All figures are in Rs. Lakhs unless otherwise stated:

| Statement of Assets and Liabilities | Standalone | | Consolidated | |
|---|---|---|---|---|
| **Particulars** | **As at 31-Mar-2025**<br>**Audited** | **As at 31-Mar-2024**<br>**Audited Restated** | **As at 31-Mar-2025**<br>**Audited** | **As at 31-Mar-2024**<br>**Audited Restated** |
| **ASSETS** | | | | |
| Non-current Assets | | | | |
| (a) Property, plant and equipment | 1,456.15 | 1,673.97 | 2081.19 | 2135.73 |
| (b) Capital work-in-progress | 30.27 | 17.05 | 30.27 | 17.05 |
| (c) Investment property | | - | 0.00 | |
| (d) Goodwill | - | - | 0.00 | |
| (e) Other Intangible Assets | 24.11 | 38.86 | 26.74 | 42.00 |
| (f) Financial Assets | | - | | |
| i) Investments | 5,012.66 | 5,012.66 | 2.00 | 2.00 |
| ii) Other financial assets | 8.93 | 4.83 | 680.81 | 503.83 |
| (g) Deferred tax Assets (Net) | - | - | 261.42 | 312.45 |
| (h) Income tax assets (Net) | - | 47.65 | 243.05 | 102.09 |
| (i) Other non-current assets | 0.5 | 0.31 | 0.52 | 3.78 |
| **Total non-current assets** | **6,532.62** | **6,795.33** | **3326.00** | **3118.94** |

*Continued on the next page*

*Continued from the previous page*

| Statement of Assets and Liabilities | Standalone | | Consolidated | |
|---|---|---|---|---|
| **Particulars** | **As at 31-Mar-2025 Audited** | **As at 31-Mar-2024 Audited Restated** | **As at 31-Mar-2025 Audited** | **As at 31-Mar-2024 Audited Restated** |
| Non-Current Asset Held for Sale | | | | |
| Current Assets | | | | |
| (a) Inventories | 521.01 | 481.24 | 1825.90 | 1733.66 |
| (b) Financial Assets | | | | |
| (I) Investments | 1,195.58 | 1064.33 | 3543.99 | 2730.75 |
| (ii) Trade receivables | 2,022.06 | 1524.67 | 10035.61 | 7718.54 |
| iii) Cash and cash equivalents | 137.19 | 89.07 | 710.21 | 650.72 |
| iv) Bank balances other than (iii) above | 5.29 | 8.87 | 1875.34 | 2059.20 |
| v) Loans | 0.52 | 0.77 | 2.66 | 2.49 |
| vi) Other financial assets | 48.15 | 46.42 | 112.76 | 102.75 |
| (c) Current Tax asset (Net) | - | - | 25.49 | 17.67 |
| (d) Other current assets | 39.21 | 55.70 | 154.32 | 168.11 |
| **Total current assets** | **3,969.00** | **3,271.08** | **18286.27** | **15183.89** |
| **Total Assets** | **10,501.62** | **10,066.41** | **21612.27** | **18302.82** |
| **EQUITY AND LIABILITIES** | | | | |
| Equity | | | | |
| (a) Equity shares pending allotment (upon Demerger) | 1,344.83 | 1,344.83 | 1344.83 | 1344.83 |
| (b) Other equity | 8,019.38 | 7,570.33 | 16076.29 | 13005.22 |
| Equity attributable to the owners of the company | - | - | 17421.12 | 14350.05 |
| (c) Non Controlling interest | - | - | 61.28 | 73.36 |
| **Total Equity** | **9,364.21** | **8,915.16** | **17482.41** | **14423.41** |
| Liabilities | | | | |
| Non-Current Liabilities | | | | |
| (a) Financial liabilities | | | | |
| i) Borrowings | | | - | - |
| ii) Other financial liabilities | - | - | - | - |
| (b) Provisions | 22.26 | 15.3 | 29.81 | 16.38 |
| (c) Deferred tax liabilities (Net) | 180.54 | 252.43 | 194.10 | 253.63 |
| (d) Other non-current liabilities | 65.79 | 62.91 | 101.52 | 96.03 |
| **Total Non-current liabilities** | **268.59** | **330.65** | **325.43** | **366.04** |
| Current liabilities | | | | |
| (a) Financial liabilities | | | | |
| I) Borrowings | | | | |
| ii) Trade payables | | | | |
| Trade payables -MSMED | 90.40 | 18.87 | 625.03 | 153.16 |
| Trade payables -Others | 452.22 | 599.87 | 2080.39 | 2558.31 |
| iii) Other financial liabilities | - | - | 0.00 | 0.00 |
| (b) Other current liabilities | 214.50 | 195.19 | 919.75 | 746.04 |
| (c) Provisions | 7.91 | 6.66 | 75.48 | 55.87 |
| (d) Current Tax Liabilites (Net) | 103.79 | - | 103.79 | - |
| **Total current liabilities** | **868.82** | **820.60** | **3804.45** | **3513.38** |
| **Total Equity and Liabilities** | **10,501.62** | **10,066.41** | **21612.27** | **18302.82** |

| Restated Standalone Profit and Loss Account | Standalone | | Consolidated | |
|---|---|---|---|---|
| **Particulars** | **31-Mar-2025 Audited** | **31-Mar-2024 Audited Restated** | **31-Mar-2025 Audited** | **31-Mar-2024 Audited Restated** |
| Revenue from operations | 6,940.04 | 6,886.05 | 29,227.34 | 28323.95 |
| Other Income | 381.08 | 376.54 | 582.98 | 370.43 |
| **Total Income** | **7,321.12** | **7,262.59** | **29,810.32** | **28694.38** |
| Expenses | | | | |
| a. Cost of materials consumed | 3,102.02 | 2,884.02 | 11,147.37 | 9861.08 |
| b. Purchases of Stock-in trade | 945.63 | 914.48 | 3,216.95 | 3739.50 |
| c. Changes in inventories of FG, WIP and Stock-in-trade | (61.29) | 12.53 | (19.64) | 57.67 |
| d. Employees Benefit Expenses | 1,168.20 | 1,016.10 | 5,187.44 | 4744.46 |
| e. Finance Costs | 10.59 | 10.10 | 66.76 | 59.35 |
| f. Depreciation and Amortisation Expenses | 259.16 | 127.32 | 493.26 | 261.19 |
| g. Other Expenses | 1,138.44 | 1,197.92 | 5,501.21 | 5726.34 |
| **Total Expenses (3-4)** | **6,562.73** | **6,162.46** | **25,593.34** | **24449.58** |
| **Profit/(Loss) before exceptional items & associate profit share** | **758.39** | **1,100.13** | **4,216.98** | **4244.80** |
| Share of Profit/(Loss) of Step Down Associate | - | - | 0.45 | 0.50 |
| **Profit before Exceptional items and Tax** | **758.39** | **1,100.13** | **4,217.43** | **4245.31** |
| Exceptional Items | - | - | - | - |
| **Profit before Tax** | **758.39** | **1,100.13** | **4,217.43** | **4245.31** |
| Tax Expense | | | | |
| - Current Tax | 225.88 | 71.64 | 1,191.31 | 1157.65 |
| - Deferred Tax | (70.35) | 285.46 | (65.78) | 85.36 |
| **Total Tax Expenses** | **155.53** | **357.10** | **1,125.53** | **1243.01** |
| **Profit/(Loss) For the Year** | **602.86** | **743.03** | **3,091.90** | **3002.29** |
| Other Comprehensive Income | | | | |
| (1) i) Items that will not be reclassified to profit or loss | (5.10) | 1.68 | (27.83) | (18.28) |
| (1) ii) Income Tax relating to items that will not be reclassified to profit or loss | 1.28 | (0.47) | 7.00 | 4.55 |
| (2) i) Items that will be reclassified to profit or loss | - | - | - | |
| (2) ii) Income Tax relating to items that will be reclassified to profit or loss | - | - | - | |
| Other Comprehensive Income / (loss) | (3.82) | 1.21 | (20.83) | (13.73) |
| Total Comprehensive Income / (loss) for the Period / Year (11+12) | 599.05 | 744.24 | 3,071.08 | 2988.56 |
| **Profit attributable to:** | | | | |
| Owners of the Company | - | - | 3,104.24 | 3011.18 |
| Non Controlling Interests | - | - | (12.33) | (8.89) |
| **Other Comprehensive Income attributable to-** | | | | |
| Owners of the Company | - | - | (21.09) | (14.00) |
| Non Controlling Interests | - | - | 0.26 | 0.27 |
| **Total Comprehensive Income attributable to-** | | | | |
| Owners of the Company | - | - | 3,083.15 | 2997.18 |
| Non Controlling Interests | - | - | (12.07) | (8.61) |
| **Paid-up equity share capital (face value of Rs 5 per share) (Includes equity shares issued upon demerger allotment)** | **1,344.83** | **1,344.83** | **1,344.83** | **1,344.83** |
| **Other equity excluding Revaluation Reserve as per balance sheet** | **8,019.38** | **7,570.33** | **16,076.29** | **13005.22** |
| **Earning Per Share (amount in Rs.5 each) (not annualised for period ended)** | | | | |
| Basic EPS (in Rs) | 2.24 | 2.76 | 11.54 | 11.20 |
| Diluted EPS (in Rs) | 2.24 | 2.76 | 11.54 | 11.20 |

| Restated Statement of Cash Flow | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2024-25 | | 2023-24 | | 2024-25 | | 2023-24 | |
| **Profit Before Tax** | | **758.39** | | **1,100.13** | | **4,216.98** | | **4,244.81** |
| **Cash Flow from Operating Activities** | | | | | | | | |
| Profit Before Tax | | | | | | | | |
| Add Adjustments for : | | | | | | | | |
| Depreciation and amortisation | 259.16 | | 127.31 | | 493.26 | | 261.19 | |
| Loss on Sale of Property, plant & equipment | | | | | | | | |
| Finance Cost | 10.59 | | 10.10 | | 66.76 | | 59.35 | |
| Foreign Exchange Fluctuation Loss | 6.41 | 276.15 | 0.79 | 138.22 | 40.39 | 600.41 | 32.14 | 352.68 |
| Less : | | | | | | | | |
| Foreign Exchange Fluctuation Gain | - | | | | 16.35 | | 4.24 | |
| Net Gain on sale of Investments | 25.60 | | 9.10 | | 67.71 | | 62.00 | |
| Fair valuation of Investments (Net) | 65.67 | | 67.88 | | 185.83 | | 141.96 | |
| Interest from fixed deposits, Refunds and loans at effective interest rate | 3.46 | | 1.03 | | 163.13 | | 112.01 | |
| Gain from sale of property plant & equipment | 13.28 | | - | | 13.28 | | 0.00 | |
| Rent Income | - | | | | 5.65 | | 5.17 | |
| Dividend Received | 200.00 | (308.01) | 301.21 | (379.22) | - | (451.96) | - | (325.38) |
| Operating Profit before working capital changes | | 726.53 | | 859.12 | | 4,365.43 | | 4,272.11 |
| Adjustments for : | | | | | | | | |
| Trade and Other Receivables | (441.83) | | (1,642.37) | | (2,425.10) | | (10,586.60) | |
| Inventories | (39.76) | | (481.24) | | (92.24) | | (1,733.66) | |
| Trade and Other Payables | (45.74) | (527.33) | 898.81 | (1,224.80) | 250.46 | (2,266.89) | 3,625.79 | (8,694.46) |
| Cash generated from operations | | 199.19 | | (365.67) | | 2,098.54 | | (4,422.36) |
| Income taxes paid (Net of Refund) | | (122.09) | | (119.29) | | (1,125.53) | | (1,139.99) |
| **Net Cash from Operating Activities (A)** | | **77.11** | | **(484.97)** | | **973.02** | | **(5,562.34)** |
| **Cash Flow from Investing Activities** | | | | | | | | |
| Payment to acquire Property, plant & equipment | (47.30) | | (1,857.20) | | (457.99) | | (1,981.64) | |
| Gain from sale of Property plant & Equipment | | | | | | | | |
| Proceeds from Sale of Property, plant & equipment | 15.43 | | | | 15.43 | | 0.00 | |
| Purchase of Investments | (190.00) | | (418.42) | | (979.99) | | (1,818.42) | |
| Sale of Investments | 150.00 | | 218.42 | | 407.00 | | 546.38 | |
| Dividend Income | 200.00 | | 301.21 | | - | | - | |
| Interest from fixed deposits and loans at effective interest rate | 3.46 | | 1.03 | | 163.13 | | 112.01 | |
| Merger and demerger effect pursuant to scheme of arrangement | - | | 905.20 | | - | | 7,975.48 | |
| Rent Income | - | | | | 5.65 | | 5.17 | |
| **Net Cash used in Investing Activities (B)** | | **131.60** | | **(849.76)** | | **(846.76)** | | **4,838.98** |
| **Cash Flow from Financing Activities** | | | | | | | | |
| Proceeds/(Repayment) of Short Term Borrowings | | | | | - | | | |
| Share capital issued upon merger (pending allotment) | - | | 1,344.83 | | | | 1344.83 | |
| Dividend paid | (150.00) | | - | | - | | - | |
| Proceeds/(Repayment) of Long Term Borrowings | - | | - | | - | | - | |
| Finance Cost | (10.59) | | (10.10) | | (66.76) | | (59.35) | |
| **Net Cash from Financing Activities (C)** | | **(160.59)** | | **1,334.73** | | **(66.76)** | | **1,285.48** |
| **Net (Decrease)/Increase in Cash & Cash Activities (A+B+C)** | | **48.12** | | **-** | | **59.49** | | **562.12** |

| Statement of Cash Flow | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2024-25 | | 2023-24 | | 2024-25 | | 2023-24 | |
| Cash and Cash Equivalents as on Opening | | 89.07 | | 0.47 | | 650.71 | | |
| Cash and Cash Equivalents received pursuant to the Composite Scheme of Merger | | - | | 88.60 | | | | 88.60 |
| **Cash and Cash Equivalents as on Closing** | | **137.19** | | **89.07** | | **710.21** | | **650.72** |
| Components of Cash & Bank Balance | | | | | | | | |
| Cash in Hand | | 0.01 | | 0.47 | | 0.03 | | 0.11 |
| Balance with Banks | | 137.18 | | - | | 710.18 | | 650.61 |
| Cash and Cash Equivalents received pursuant to the Composite Scheme of Merger | | | | 88.60 | | | | |
| **Total** | | **137.19** | | **89.07** | | **710.21** | | **650.72** |

**M. Latest restated audited financials along with notes to accounts and any audit qualifications:**
The restated audited financials for the year ended March 31, 2025 have been provided in **Point L** above based on the audit report of the auditor. There are no audit qualifications for the period. The restated audited financials for the year ended March 31, 2025 along with notes are also available on the Investors page of the Company website i.e. at **www.chembondindia.com**

**N. Change in accounting policies since inception and their effect on profits and reserves :** No changes have been made to the policies.

**O. Summary table of contingent liabilities as disclosed in the restated financial statements:**
The details of the contingent liabilities (as per Ind AS 37 and Schedule III of the Companies Act, 2013) are set forth below (₹ Lakhs):

| Contingent liabilities | As at March 31, 2025 | As at March 31, 2024 |
|---|---|---|
| Direct Taxes | 0.01 | 0.01 |
| Indirect Taxes | Nil | Nil |
| Guarantees | Nil | Nil |
| Claims made by the parties not acknowledged as debts | Nil | Nil |
| Estimated amount of contracts remaining to be executed on capital account | Nil | Nil |
| Others | Nil | Nil |
| **Total** | **0.01** | **0.01** |

**P. Summary table of related party transactions since inception as disclosed in the restated financial statements:**
The following are the details of the related party transactions for Fiscal 2024 and Fiscal 2025, as per Ind AS 24 – Related Party Disclosures, derived from the audited financial statements (₹ Lakhs):

| SN | Name of the parties to the contract | Particulars | As of 31-Mar-2025 | For the period 12-Dec-2023 to 31-Mar-2024 (Re-instated) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Chembond Water Technologies Limited | Finished Goods Sales | 1,490.70 | 68.25 |
| | | Purchase | 978.78 | 16.03 |
| | | Rent Received | 63.54 | 15.89 |
| | | Rent Paid | 1.20 | 0.30 |
| | | Subcontract Receipt (Revenue) | 572.57 | 190.27 |
| | | Subcontract Receipt (Expense) / Sale of Service | 7.67 | 50.00 |
| | | Dividend Received | 200.00 | - |
| | | Dividend Paid | 150.00 | - |
| | | Trade Receivable | 338.46 | 268.58 |
| | | Trade Payable | 21.96 | 15.90 |
| 2. | Chembond Clavatis Industrial Hygiene Systems Limited | Finished Goods Sales | 83.44 | 26.37 |
| | | Purchase | 0.69 | 0.03 |
| | | Trade Receivable | 43.52 | 20.47 |
| | | Trade Payable | 0.01 | - |
| 3. | Chembond Distribution Limited | Finished Goods Sales | 129.62 | 18.89 |
| | | Purchase | 243.21 | 118.15 |
| | | Rent Received | 0.24 | 0.06 |
| | | Trade Receivable | 59.54 | 17.90 |
| | | Trade Payable | 37.37 | 60.89 |
| 4. | Finor Piplaj Chemicals Limited | Finished Goods Sales | 4.24 | 3.83 |
| | | Purchases | 646.84 | 48.42 |
| | | Rent Received | 3.00 | 0.75 |
| | | Rent Paid | 6.00 | 1.50 |
| | | Trade Receivable | (0.95) | 11.58 |
| | | Trade Payable | 71.91 | 62.12 |
| 5. | Chembond Material Technologies Limited *(formerly Chembond Chemicals Ltd)* | Purchases | 7.69 | 5.45 |
| | | *Corporate Guarantee Fees* | 1.50 | 0.37 |
| | | Trade Payable | 1.29 | 1.52 |
| 6. | Rewa Soft Solutions Pvt Ltd | Purchase | - | 5.67 |
| | | Trade Payable | - | 3.90 |
| 7. | Director's Remuneration | Nirmal V. Shah | 100.75 | 81.02 |
| | | Sushil Lakhani - Sitting Fee | 0.40 | 0.10 |
| | | Sushil Lakhani - Commission Paid | 1.50 | - |
| | | Mahendra Ghelani- Sitting Fee | 0.40 | 0.10 |

**Q. Details of its other group companies including their capital structure and financial statements:**
In terms of the SEBI ICDR Regulations and the Materiality Policy, Chembond Material Technologies Limited (*formerly Chembond Chemicals Limited*) is the only Group Company. The financials of the group company are available on our website **www.chembondindia.com**

**R. Internal Risk Factors:**

a. The Company was incorporated on December 12, 2023 and there may be certain uncertainties in the integration of the Demerged Undertaking into a newly incorporated entity, such as our Company.
b. Our manufacturing operation is currently concentrated in three states namely Gujarat, Himachal Pradesh and Tamil Nadu. Consequently, we are exposed to risks from economic, regulatory and other developments which could adversely affect our business, results of operations, cash flows and financial condition. As part of expansion plans, we may enter new geographies and business lines where company has limited credentials.
c. If we are unable to maintain and enhance our brand, our business may suffer, which would have a material adverse effect on our business, results of operations, cash flows and financial condition.
d. We are dependent on a number of key managerial personnel, including our senior management, and the loss of, or our inability to attract or retain such persons with specialized technical know-how could adversely affect our business, results of operations, cash flows and financial condition.
e. Our Promoters and certain of our Directors hold Equity Shares in our Company and are therefore interested in our performance in addition to their remuneration and reimbursement of expenses.
f. Our insurance cover may be inadequate to fully protect us from all losses and may in turn adversely affect our financial condition.
g. Our operations are subject to various operational hazards, environmental, health and safety laws and other government regulations, which could expose us to the risk of loss of revenues and increased expenses or material liabilities.
h. Our business could be adversely affected by labour disruptions. We have substantial working capital requirements to finance the manufacturing business and may require additional financing to meet those requirements.

**S. Outstanding litigations and defaults of the transferee entity, promoters, directors or any of the group companies:**

| Category of individuals entities | Criminal proceedings | Tax proceedings | Statutory or reguamountlatory proceedings | Disciplinary actions by SEBI or Stock Exchanges against our Promoter in the last five years, including outstanding action | Material civil litigation | Aggregate / amount involved (₹in lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **Company** | | | |
| By CCSL | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Against CCSL | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil |
| | | | **Directors** | | | |
| By Directors | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Against Directors | 2* | Nil | Nil | Nil | Nil | N.A. |
| | | | **Promoters** | | | |
| By Promoters | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Against Promoters | 2* | Nil | Nil | Nil | Nil | N.A. |
| | | | **Subsidiaries** | | | |
| By Subsidiaries | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil |
| Against Subsidiaries | Nil | 2 ^ | Nil | Nil | Nil | 16.55 |

^ Contingent liabilities of the subsidiaries is of Rs.4.63 Lakhs relating to Income Tax Demand for AY 2009-10 & Rs.11.92 Lakhs relating to disallowance of Input Tax Credit under GST.

* Davendra Feeds India Pvt Ltd has lodged F.I.R no.231/2022 dated 24th June 2022 with police station Safidon, Dist. Jind, Haryana against Chembond Material Technologies Limited (*formerly Chembond Chemicals Limited*), Mr. Sameer Shah its Chairman & Managing Director and 3 other current and ex-employees, with respect to damage caused by inferior quality of Products supplied in the year 2018-19. The Company has disclaimed liability and is defending the action. It is not practical to estimate the potential effect of this claim, as the matter is being currently considered by the Competent Authorities and Courts.

* Rajkumar Mor of Mor Hatcheries has lodged. F.I.R. no.004/2023 dated 4th January 2023 with police station Pillukhera, Dist. Jind, Haryana against one of our Distributors in Haryana and Mr. Sameer Shah, Managing Director of Chembond Biosciences Ltd, regarding alleged defective supply of vitamin premix. The Company has disclaimed liability and is defending the action. It is not practical to estimate the potential effect of this claim, as the matter is currently being considered by the Competent Authorities and Courts.

* Since both the matters are interlinked, they have been clubbed together and the litigations are going on at the High Court of Judicature at Punjab and Haryana.

**T. Regulatory Action, if any or disciplinary action taken by SEBI or Stock Exchanges against the Promoters in the last 5 financial years:** No action has been taken against any of the Promoters in the last 5 financial years.

**U. Brief details of outstanding criminal proceedings against the Promoters:** Please refer Point 'S'

**V. Particulars of high, low and average prices of the shares of the listed transferor entity during the preceding three years:**

| Year | BSE | | | NSE | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | High | Low | Average | High | Low | Average |
| 2025 | 630.00 | 229.30 | 429.65 | 625.00 | 231.00 | 428.00 |
| 2024 | 746.15 | 442.40 | 594.28 | 743.20 | 436.00 | 589.60 |
| 2023 | 588.00 | 232.25 | 410.13 | 588.40 | 230.50 | 409.45 |
| The average price was calculated using simple arithmetic method | | | | | | |

**W. Any material developments post the date of the balance sheet:** There are no material developments post the balance sheet date.

**X. Such other information as may be specified by the Board from time to time:**

1. Our Company has received an in-principle listing approval from the NSE and the BSE vide their letters dated June 23, 2025 and June 24, 2025 respectively, and has been granted exemption from the application of Rule 19(2) (b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957 by the SEBI vide their letter dated July 11, 2025.
2. Pursuant to Section IV, Clause 42 of the Composite Scheme of Arrangement, and as approved by the Hon'ble National Company Law Tribunal (NCLT), the name of the Demerged Company has been changed from Chembond Chemicals Limited to Chembond Material Technologies Limited, effective May 27, 2025. The new name of the Demerged Company is duly reflected in the records of the Registrar of Companies (ROC), as well as on the websites of BSE and NSE.

   Further, pursuant to Section IV, Clause 42 of the Composite Scheme of Arrangement, the name of the Resulting Company has been changed from *Chembond Chemical Specialties Limited to Chembond Chemicals Limited*, effective **June 24, 2025**

**Y. Availability of Information Memorandum of the Company :** The Information Memorandum of the Company is available on the Company website i.e. www.chembondindia.com

**For and on behalf of the Board of Directors**
Sd/-
Nirmal Vinod Shah
Chairman and Managing Director
**Chembond Chemicals Limited**
*(formerly Chembond Chemical Specialties Limited)*
DIN-00083853

# संसद में अब सांसद-विजिटर्स को मिलेगा 'सेहतमंद आहार'

**मेन्यू में ग्रिल्ड मछली से लेकर शुगर फ्री बाजरा खीर तक शामिल**

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

संसद में कामकाज की उत्पादकता बढ़ाने के बाद अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों, अधिकारियों और आगंतुकों की सेहत का भी खास ख्याल रखने की योजना बनाई है। इसके तहत अब संसद में रागी बाजरा इडली और ज्वार उपमा से लेकर मूंग दाल का चीला और उबली सब्जियों के साथ ग्रिल्ड मछली तक कई सेहतमंद आहार उपलब्ध कराए जाएंगे। सेहतमंद आहार का मेन्यू लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कहने पर तैयार किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष का मानना है कि स्वास्थ्य से किसी तरह का समझौता किए बिना जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाना है। संसद की कैंटीन में सेहत को ध्यान में रखते हुए भोजन उपलब्ध कराने की पहल इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि सत्र के दौरान कार्यवाही लंबे समय तक और कई बार देर रात तक चलती है।



### कैंटीन में विशेष मेन्यू की पहल

स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए संसद की कैंटीन ने पोषण को अहमियत देते हुए विशेष मेन्यू की पहल की है। अब संसद में लजीज पकवानों के साथ ही बाजरे से बने पकवान, फाइबर युक्त सलाद और प्रोटीन-पैक सूप उपलब्ध होगा, जो एक स्वस्थ आहार को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

### मेन्यू में मोटा अनाज को प्राथमिकता

मेन्यू में उन खाद्य पदार्थों को प्रमुखता से स्थान मिला है, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 में शामिल थे। मुख्य आकर्षणों में सांबर के साथ रागी बाजरा इडली और चटनी (270 किलो कैलोरी), ज्वार उपमा (206 किलो कैलोरी) और चीनी-मुक्त मिक्स बाजरा खीर (161 किलो कैलोरी) शामिल है। चना चाट और मूंग दाल चीला जैसे लोकप्रिय भारतीय व्यंजन भी प्रमुखता से शामिल है। हल्के नाश्ते के लिए सांसद जौ और ज्वार का सलाद (294 किलो कैलोरी) और गार्डन फ्रेश सलाद (113 किलो कैलोरी) जैसे रंग-बिरंगे सलाद के साथ-साथ भुने टमाटर, तुलसी का शोरबा और सब्जियों के गरमागरम सूप का आनंद ले सकते है।

### मांसाहार का सेवन करने वालों के लिए भी विकल्प

मांसाहार का सेवन करने वाले सदस्यों की सेहत का भी ख्याल रखा गया है। उनके लिए ग्रिल्ड उबली सब्जियों के साथ ग्रिल्ड चिकन (157 किलो कैलोरी) और ग्रिल्ड फिश (378 किलो कैलोरी) जैसे पोषक विकल्प उपलब्ध है। पेय पदार्थों के मेन्यू में 'हेल्थ-फर्स्ट' दृष्टिकोण को दर्शाया गया है, जिसमें ग्रीन और हर्बल चाय, मसाला सत्तू और गुड़ के स्वाद वाला आम पन्ना होगा, जो चीनी से भरपूर सोडे और पारंपरिक मिठाइयों की जगह ले रहा है। सेहतमंद विकल्पों को बढ़ावा देने की तात्कालिकता को समझते हुए मोदी ने हाल ही में अपने 'मन की बात' संबोधन में मोटापे से निपटने के लिए देशव्यापी जागरूकता और सामूहिक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया था और उन्होंने विशेष रूप से खाद्य तेल की खपत को कम करने की अपील की थी।

---

21 जुलाई से संसद का मानसून सत्र

# आठ विधेयकों को पेश करने की तैयारी में केंद्र सरकार

**• जोरदार हंगामे के आसार**



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस मानसून सत्र में सरकार आठ नए विधेयक पेश करेगी। इनमें मणिपुर में राष्ट्रपति शासन से जुड़ा विधेयक भी शामिल है। सरकार मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने पर विचार कर रही है। इससे साफ है कि सरकार की इस उत्तर पूर्वी राज्य में फिलहाल राष्ट्रपति शासन हटाने की कोई योजना नहीं है। मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। राष्ट्रपति शासन के लिए सरकार को हर छह महीने में संसद की मंजूरी लेनी होती है। फिलहाल राज्य में राष्ट्रपति शासन की समयसीमा 13 अगस्त है। संसद के आगामी सत्र में सरकार मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय संस्थान प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रखरखाव) विधेयक 2025, खान एवं खान (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को लोकसभा में पेश और पारित करा सकती है। साथ ही गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक 2024, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 और आयकर विधेयक 2025 को भी लोकसभा में पारित किए जाने की उम्मीद है।

---

# सुप्रीम कोर्ट वकीलों के विशेषाधिकारों की सुरक्षा पर सुनवाई को तैयार

**केंद्र और बार काउंसिल को जारी किया नोटिस**



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों के सामने आने वाली समस्याओं, खासकर उनके विशेषाधिकारों के उल्लंघन को लेकर दायर एक याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने शीर्ष अदालत के अधिवक्ता आदित्य गोरे की ओर से दायर याचिका पर केंद्र, बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) और अन्य को नोटिस जारी किए। सुप्रीम कोर्ट में वकीलों की समस्याओं को लेकर याचिका दायर करने वाले गोरे केंद्र सरकार से साल 2014 से अधिवक्ता (संरक्षण) विधेयक को आगे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

पीठ ने गोरे की याचिका को जांच एजेंसियों की ओर से मामलों की जांच के दौरान कानूनी राय देने या पक्षों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को तलब करने के मुद्दे पर लंबित स्वतः संज्ञान मामले के साथ संलग्न कर दिया। गोरे की ओर से पेश वकील निशांत आर कटनेश्वरकर ने कहा कि याचिकाकर्ता एक वकील हैं और वह लगभग 11 वर्षों से बार काउंसिल सहित संबंधित प्राधिकारियों से इस विधेयक का मसौदा तैयार करने का अनुरोध कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि विधेयक विचाराधीन है।

### बीसीआई को लिखा गया पत्र

याचिका में कहा गया है कि अधिवक्ता (संरक्षण) विधेयक के भारतीय विधि आयोग के समक्ष विचाराधीन रहने के दौरान याचिकाकर्ता ने अधिवक्ता अधिनियम की धारा 7 (डी) के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए अधिवक्ताओं के विशेषाधिकारों की रक्षा से जुड़े नियम लागू करने के लिए बीसीआई को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया है, 'मौजूदा याचिका, जो जनहित में दायर की जा रही है, विभिन्न घटनाओं के कारण आवश्यक हो गई है, जिनसे पता चलता है कि बार काउंसिल के लिए विशेषाधिकारों के उल्लंघन से जुड़ी चिंताओं को संबोधित करना और ऐसे उल्लंघनों से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी उपाय करना जरूरी है।'

---

**CM सरमा का बड़ा बयान**

# वोटर लिस्ट रिवीजन और NRC से नहीं हो सकता असम में डेमोग्राफिक चेंज की समस्या का हल

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



एक ओर बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर घमासान चल रहा है और चुनाव आयोग ने कहा है कि वोटर लिस्ट का रिवीजन न सिर्फ बिहार बल्कि देश के सभी राज्यों में किया जाएगा, लेकिन असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की इस मामले में अलग ही राय है। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि डेमोग्राफिक चेंज की समस्या का वोटर लिस्ट रिवीजन और नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजंस जैसे कदम उठाकर दूर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने इस मामले में 'स्वदेशी समाधान' की जरूरत पर जोर दिया। 2019 में असम में NRC को लेकर बहुत बवाल हुआ था। इसमें 3.3 करोड़ लोगों में से 19.6 लाख लोगों को बाहर रखा गया था। असम सरकार का कहना था कि और इसमें असम के 'मूल निवासी' शामिल नहीं हैं, जबकि 'विदेशियों' को शामिल किया गया है। बीजेपी के नेतृत्व वाली असम सरकार लगातार NRC के सैंपल के री वेरिफिकेशन पर जोर दे रही है। मुख्यमंत्री सरमा का कहना है कि उन्हें ऐसा नहीं लगता कि NRC या वोटर लिस्ट रिवीजन डेमोग्राफिक चेंज का कोई जवाब है। मुख्यमंत्री का कहना है कि मिडिल और लोअर असम में जहां बंगाली मूल के मुसलमानों की आबादी ज्यादा है, वहां पर बड़े पैमाने पर डेमोग्राफिक चेंज हुआ है और ऊपरी असम में भी इसी तरह के हालत बने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में NRC इसलिए फेल हो गई क्योंकि सीमा से लगने वाले जिलों में इसे ठीक ढंग से लागू करने के लिए जरूरी मैकेनिज्म नहीं था।

---

# हथौड़े से पीट-पीटकर मां-बाप की हत्या

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले से दिल दहला देने वाली एक वारदात सामने आई है। शराब की लत के शिकार एक ऑटो चालक ने कथित तौर पर अपने बुजुर्ग माता-पिता की हथौड़े से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी बेटा रातभर मां-बाप के खून से लथपथ शवों के पास बैठा रहा। अगली सुबह जब पड़ोसियों ने सन्नाटे के कारण अंदर घुसने की कोशिश की तो नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। यह रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना मणगलवार रात बैसिंगा थाना क्षेत्र के ढोनापाल गांव में हुई। मृतकों की पहचान हादीबंधु साहू (81) और शांति साहू (72) के रूप में हुई है।

---

# निमिषा पर फिर सजा-ए-मौत की तलवार

**तलाल का भाई बोला- खून का सौदा नहीं होगा**

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**





यमन में सजा-ए-मौत का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के लिए राहत का वक्त कुछ घंटे ही रहा। अब तलाल आबदो मेहदी के परिवार ने फिर से साफ कर दिया है कि वे ब्लड मनी स्वीकार नहीं करेंगे। तलाल आबदो मेहदी पर आरोप है कि उसने निमिषा प्रिया का उत्पीड़न किया था और उसका पासपोर्ट रख लिया था। उसे हासिल करने के लिए ही निमिषा ने उसे ड्रग्स दिया था और उसकी ओवरडोज से वह मर गया था। इस मामले में निमिषा प्रिया को सजा-ए-मौत सुनाई गई है। उन्हें आज यानी 16 जुलाई के दिन सजा मिलनी थी, लेकिन केरल के ग्रैंड मुफ्ती अबू बकर मुसलियार के दखल से इसे टाल दिया गया था।

कहा गया कि निमिषा प्रिया के वकील और परिजनों को वक्त दिया जाएगा कि वे तलाल के परिवार को ब्लड मनी के लिए राजी कर लें। लेकिन ऐसा होता मुश्किल दिख रहा है। तलाल के भाई का कहना है कि वे ब्लड मनी स्वीकार नहीं करेंगे। तलाल के भाई अब्देलफतेह मेहदी ने कहा कि हमारे परिवार ने समझौते के सभी ऑफर खारिज कर दिए हैं। हम चाहते हैं कि भाई की कातिल को सजा-ए-मौत ही मिले। माफी के सवाल पर अब्देलफतेह मेहदी ने कहा कि यह बेहद गंभीर अपराध है और इसमें कोई माफी नहीं दी जा सकती।


CNR No. MHLC-000945-2025
जावक क. ३५७३/२०२५
कामगार न्यायालय, मुंबई
नवीन प्रशासकीय इमारत, तळ मजला, शासकीय वसाहत, वांद्रे (पूर्व), मुंबई- ४०० ०५१.
दिनांक : १६/०७/२०२५

**कर्मचारी भरपाई आयुक्त, मुंबई और न्यायाधीश, १० वे कामगार न्यायालय, मुंबई श्रीमती जे.आर.राउत, इनके सामने,**

**अर्ज (नुकसान भरपाई अर्ज) क्र. २०४/ए-२५/२०२५**

**१. श्रीमती रेखाकुमारी २. बंटी कुमारी रमेश कुमार ३. अनुभवकुमार ४. राणीकुमारी रमेश कुमार ५. पार्वतीदेवी**
**पता :** रेल्वे क्वार्टर्स नं.६०ई, युनिट जी, वेस्टर्न रेल्वे कॉलनी, घोलवड, पालघर ४०१७०२ **... अर्जदार**

**विरुद्ध**

**वेस्टर्न रेल्वे ....प्रतिवादी**
**पता :** सनियर डीएफएम ऑफीस, मुंबई सेंट्रल, मुंबई

**जाहिर सूचना**

इस सूचना के व्दारा अवगत किया जाता है की, **मृत रमेशकुमार लखन महातो** का काम करते समय दिनांक ०३/०९/२०२४ को दुर्घटना के कारण से निधन हो गया और उनके निधन के पश्चात यह आवेदक इनके कानूनी वारिस है और इस न्यायालय में अर्जी दाखील किये है। इस कंपनीने रक्कम धनादेश के व्दारा कर्मचारी भरपाई आयुक्त, मुंबई मे जमा किया गया है। नुकसान भरपाई रक्कम **₹ १३,३८,६७५/- (₹ तेरह लाख अडतीस हजार छहसौ पचहत्तर मात्र)** इतनी रक्कम उपरोक्त आवेदक ने कर्मचारी भरपाई आयुक्त कार्यालय, मुंबई में जमा कि गयी उनको वितरण करने के लिये अर्जी दाखिल कि है।

अत: इस सुचना तहत अवगत किया जाता है की इस न्यायालय, मे जमा कि गयी नुकसान भरपाई रक्कम आवेदको को प्रदान करने पर अगर किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियो की आपत्ती है या उसे विरोध है तो उस प्रकार कि सुचना प्रकाशीत होने के ३० दिन के भितर न्यायालय मे दाखल करे । ३० दिन की अवधी समाप्त होने के पश्चात प्राप्त विरोध या सुचना पर विचार नही किया जाएगा। इससे संबंधित लोक ध्यान रखें ।

दिनांक : ०५/०७/२०२५ तहत हस्ताक्षर शिक्का सहित हस्ताक्षर कर गयी है।
**सुनवाई कि तारीख : ३१/०७/२०२५.**

सील

हस्ता/-
आदेशानुसार,
प्रभारी सचिव
कामगार न्यायालय, मुंबई


---

# राहुल को विदेश नीति के बारे में कुछ नहीं पता, फिर भी सवाल उठाते रहते हैं : BJP

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर पलटवार किया है। राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात पर सरकार के चीन के मुद्दे को संभालने के तरीके पर 'सर्कस' जैसा तंज कसा था। इस पर आलोक ने कहा कि राहुल गांधी को फॉरेन पॉलिसी का 'एफ' भी नहीं पता है, लेकिन वे सवाल उठाते रहते हैं। आलोक ने कहा, 'जब हमारे विदेश मंत्री शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की बैठक के लिए चीन जाते हैं और अगर वे अपने चीनी समकक्ष और देश के राष्ट्रपति से नहीं मिलेंगे, तो वे किससे मिलेंगे? क्या वे इटली के प्रधानमंत्री से मिलेंगे?'

**विदेश मंत्री पर राहुल ने कसा था तंज**

SCO के दौरान ही विदेश मंत्री जयशंकर ने शी से मुलाकात की और उन्हें भारत-चीन संबंधों के बारे में बताया। इस पर राहुल गांधी ने एक खबर को टैग करते हुए कहा था कि विदेश मंत्री 'भारत की विदेश नीति को बर्बाद करने के लिए एक पूरा सर्कस चला रहे हैं'। राहुल गांधी ने यह भी कहा था, 'मुझे लगता है कि चीनी विदेश मंत्री आएंगे और मोदी को चीन-भारत संबंधों के बारे में बताएंगे। विदेश मंत्री अब भारत की विदेश नीति को बर्बाद करने के लिए एक पूरा सर्कस चला रहे हैं।'

**'आदतन झूठे और अपराधी हैं राहुल गांधी'**

उधर लखनऊ की एक अदालत ने राहुल गांधी को जमानत दी है। यह जमानत उन्हें सशस्त्र बलों के 'खिलाफ' उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी पर दायर मानहानि के मामले में मिली थी। अजय आलोक ने राहुल गांधी पर इसको लेकर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी 'आदतन झूठे और अपराधी' हैं। आलोक ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अक्सर सशस्त्र बलों के खिलाफ अपमानजनक बातें करते हैं। उन्होंने राहुल गांधी की कुछ पुरानी बातों का भी जिक्र किया। जैसे 'खून की दलाली' और 'चीनी हमारे सैनिकों को पीट रहे हैं'। आलोक ने इन बातों को याद दिलाकर राहुल गांधी पर निशाना साधा। आरएसएस ने संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों को जोड़ने पर फिर से विचार करने की बात कही है। इस पर आलोक ने कहा कि इस पर देश में बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संशोधन बीआर अंबेडकर का 'अपमान' था। यह तब किया गया था, जब विपक्षी नेता जेल में थे।

---

# बिहार चुनाव से पहले बेंगलुरु में कांग्रेस का बड़ा दांव

**OBC मीट में 50% आरक्षण सीमा तोड़ने का संकल्प**

**बेंगलुरु।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग को रिझाने के लिए शिक्षा, नौकरियों और अन्य क्षेत्रों में आरक्षण की 50% की सीमा को तोड़ने का संकल्प लिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कांग्रेस की ओबीसी परिषद की बैठक में इसका ऐलान किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) की ओबीसी सलाहकार परिषद की दो दिवसीय बैठक बेंगलुरु में आयोजित की गई थी। बुधवार बैठक का दूसरा और आखिरी दिन है। कांग्रेस द्वारा गठित ओबीसी सलाहकार परिषद को देश भर में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर रणनीति बनाने का काम सौंपा गया है। परिषद की बैठक में केंद्र से तेलंगाना जाति सर्वेक्षण के मॉडल के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित जातिगत गणना कराने का आह्वान किया गया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में यहां हुई दो दिवसीय बैठक में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया। सिद्धारमैया ने परिषद में पारित प्रस्तावों को 'बेंगलुरु घोषणा' नाम देते हुए कहा, ''जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति और जाति के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक पहलुओं को शामिल किया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि दूसरा प्रस्ताव आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को समाप्त करने का था, जिससे शिक्षा, सेवा, राजनीतिक और अन्य क्षेत्रों में ओबीसी के लिए उपयुक्त आरक्षण सुनिश्चित हो सके।




### निजी शिक्षण संस्थानों में ओबीसी के लिए आरक्षण

सिद्धारमैया ने कहा कि बैठक में पारित तीसरे प्रस्ताव में कहा गया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15(4) के अनुसार निजी शिक्षण संस्थानों में ओबीसी के लिए आरक्षण होना चाहिए। सलाहकार परिषद ने सर्वसम्मति से 'न्याय योद्धा' राहुल गांधी को समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के लिए सामाजिक न्याय का मुद्दा उठाने के लिए धन्यवाद दिया।

---

# नौसेना के बेड़े में शामिल होने को तैयार 'निस्तार'....

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना शुक्रवार यानी 18 जुलाई को विशाखापत्तनम के नेवल डॉकयार्ड में अपना पहला स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल (DSV) 'निस्तार' को बेड़े में शामिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह जहाज गहरे समुद्र में गोताखोरी में सक्षम है। यह पनडुब्बियों से जुड़े रेस्क्यू ऑपरेशन में बहुत बड़ा योगदान देने वाला है। 'निस्तार' डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू वेसल (DSRV) के तौर पर 'मदर शिप' के रूप में भी काम करेगा। यह समुद्र के भीतर पनडुब्बी में किसी भी आपात स्थिति में फंसे लोगों को बचाने और निकालने में मदद करेगा, इस तरह से यह दुश्मनों की आंखों में कांटे की तरह चुभता रहेगा। नौसेना के प्रवक्ता के अनुसार, 'गहरे समुद्र में अत्याधुनिक गोताखोरी प्रणालियों से लैस, निस्तार हमारी परिचालन क्षमता को मजबूत करता है और संकटग्रस्त पनडुब्बियों से कर्मियों को बचाने के लिए तैयार है।' इसका मतलब है कि निस्तार आधुनिक उपकरणों से लैस है और यह मुश्किल में फंसी पनडुब्बियों में फंसे लोगों को बचाने में मदद करेगा।

---

# जम्मू-कश्मीर को मिले पूर्ण राज्य का दर्जा, मॉनसून सत्र में लाएं कानून

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संसद के आगामी मॉनसून सत्र में विधेयक लाया जाए। उन्होंने यह मांग भी उठाई कि सरकार केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत शामिल करने के लिए भी विधेयक लाए। संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा।


**MAHARASHTRA INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION**
**(A Government of Maharashtra Undertaking)**
**E Tender Notice No. 28/2025-2026 (Mumbai)**

E Tenders are invited for below work from registered contractor.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost |
|---|---|---|
| 1 | M & R to Barvi Water Works...Strengthening and Special Repairs to HSR-II and III at Jambhul. | ₹ 8,64,16,887.00 |

The blank tender forms for above work will be available from 21/07/2025 to 14/08/2025 following website https://mahatenders.gov.in.

Interested agencies may upload their queries before 28/07/2025 on above website. Answers to the queries/MIDC Clarification will be available from 31/07/2025 on above website.


---

# कैबिनेट बैठक में शुभांशु के लिए प्रस्ताव पारित

**कहा- विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी ऊर्जा**

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया। कैबिनेट बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन ने भारत को अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के एक कदम और करीब पहुंचा दिया।

**'पूरे देश के लिए गौरव और खुशी का अवसर'**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से वापसी पर एक प्रस्ताव पारित किया है। यह पूरे देश के लिए गौरव और खुशी का अवसर है। आज पूरे देश के साथ मंत्रिमंडल भी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को पृथ्वी पर उनकी सफल वापसी पर बधाई देता है।



**'इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की पूरी टीम को बधाई'**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिनों का ऐतिहासिक मिशन पूरा किया है। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नया अध्याय है। यह हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम के भविष्य की एक सुनहरी झलक पेश करता है। मंत्रिमंडल इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की पूरी टीम को बधाई देता है।

**'2047 तक देश को नई ताकत मिलेगी'**

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का मिशन केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं है, यह भारत की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का एक उदाहरण है। इससे हमारे बच्चों और युवाओं में जिज्ञासा बढ़ेगी और वैज्ञानिक सोच का विकास होगा। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा विज्ञान और नवाचार को अपना कैरियर बनाएंगे। मंत्रिमंडल का दृढ़ विश्वास है कि यह मिशन विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देगा। भारत को एक विकसित देश बनाने का सपना प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 तक देश को नई ताकत मिलेगी।

**18 दिनों के प्रवास के बाद शुभांशु शुक्ला पृथ्वी पर लौटे**

इससे पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिनों के प्रवास के बाद शुभांशु शुक्ला मंगलवार को खुशी और मुस्कुराहट के साथ पृथ्वी पर लौट आए थे, लेकिन उनकी स्वदेश वापसी अभी करीब एक महीने दूर है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के अनुसार मिशन के बाद की औपचारिकताओं को पूरा कर शुभांशु अगले महीने 17 अगस्त तक भारत आ पाएंगे। शुभांशु की इस उपलब्धि के साथ भारत की मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान गगनयान मिशन की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने की तैयारी शुरू हो गई है।


**पुणे महानगरपालिका, पुणे**
**निविदा प्रकिया कक्ष विद्युत विभाग**
**निविदा जाहिरात - नविन कामे**

जाहिरात क्र. 2/454
दि. 16/07/25

विक्री कालावधी दिनांक : 17-07-2025 ते 24-07-2025 14:30 दुपारी पर्यंत
स्वीकृती दिनांक:- 17-07-2025 ते 24-07-2025 14:30 दुपारी पर्यंत
तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक : 25-07-2025 15:00 दुपारी

| निविदा क्रमांक | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किंमत ₹ | अंदाजित पूर्व गणित रक्कम ₹ | बयाणा रक्कम ₹ | कामाची मुदत (महिने) | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दूरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC/ELECTRICAL/2025/75 | विद्युत | विश्रातवाडी चौक येथे नव्याने तयार होणाऱ्या उड्डाणपूल ग्रेड सेपरेटर च्या कामामध्ये अडथळा ठरणारे एलटी एचटी केबल फिडर पिलर स्थलांतरित करणे | ₹ 11979/- | ₹ 34683662/- | ₹ 173418/- | 3 | मंगेश मिसाळ 9689987447 |

अ) सदर कामाबाबत निविदा अटी / शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामाचे निविदा www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यसाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्वीकृत सदर वेबसाईटवरुन फक्त ऑनलाईन पधतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पधतीने मागविण्यात येत आहेत.
ब) निविदा प्रक्रियाच्या शेवटच्या दिवशी संच प्राप्त न आल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्व जबाबदारी टेंडरदाराची राहील.
क) ऑनलाईन निविदा प्रकिया बाबतची संपूर्ण माहिती टेंडर सेल विभाग पुणे म.न. पा. येथे मिळेल.
ड) कार्यालयीन आदेश क्र. अतिमआ (वि) / 32 दिनांक 22/04/2016 नुसार बयाना रक्कम इ.सी एस./आर.टी.जी. एस./ एन. एफ. टी सुविधेमार्फतच स्वीकारनेत येणार आहे.

सही/-
Pramod Unde
कार्यकारी अभियंता
विद्युत
पुणे महानगरपालिका

# 'चिराग को एक भी खरोंच आई तो खून बहाने से पीछे नहीं हटेंगे'

महानगर नेटवर्क

गया

जमुई के सांसद और LJPR प्रमुख चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती ने गयाजी में एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान की जान को खतरा है। अरुण भारती ने सुरक्षा को लेकर बात करते हुए कहा कि अगर चिराग पासवान को एक भी खरोंच आई, तो उनकी पार्टी के कार्यकर्ता खून बहाने से पीछे नहीं हटेंगे। उनके इस बयान से विवाद खड़ा हो गया है। अरुण भारती ने यह बात गया में नव संकल्प सभा के दौरान कही। उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे चिराग पासवान की सुरक्षा में मुस्तैद रहें। उन्होंने कहा कि उन्हें अगर एक भी खरोंच आई तो कितना ब्लड पड़ेगा किसी को पता नहीं चलेगा। माना जा रहा है कि अरुण भारती के बयान से सियासी बवाल तय है। बता



दें कि 26 जुलाई को गया में चिराग पासवान का कार्यक्रम है। बता दें कि कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर चिराग पासवान को धमकी मिली थी। बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी मोहम्मद मिराज को पुलिस ने बेगूसराय से गिरफ्तार किया है। मिराज ने इंस्टाग्राम पर कमेंट करके चिराग पासवान को जान से मारने की धमकी दी थी। यह मामला 11 जुलाई को सामने आया था। एक यूट्यूबर ने चिराग पासवान का इंटरव्यू लिया था। इसके बाद टाइगर मिराज नाम के एक शख्स ने कमेंट में लिखा था कि 20 जुलाई को

### मामले की जांच जारी

साइबर क्राइम DSP दुर्गेश दीपक ने बताया कि 11 जुलाई को चिराग पासवान को सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम अकाउंट से जान से मारने की धमकी मिली थी। इस मामले में पटना साइबर थाने में कांड संख्या 1592/25 दर्ज है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी ने धमकी क्यों दी और इसके पीछे उसका क्या मकसद था।

चिराग पासवान की बम से उड़ाकर मेरे हाथों हत्या होगी। पुलिस को शक था कि धमकी देने वाला आसपास का ही है। लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने पटना साइबर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। समस्तीपुर में पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार उर्फ हीरा सिंह ने भी साइबर थाने में FIR के लिए आवेदन दिया था।

देश के लिए जरूरी हैं PM मोदी

# मोतिहारी रैली से पहले बेतिया में गरजे ललन सिंह



महानगर नेटवर्क

पश्चिम चंपारण

18 जुलाई को मोतिहारी के गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले, चंपारण के बेतिया स्थित एक निजी होटल में NDA कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने अपने संबोधन में NDA गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री की सभा में आने का निमंत्रण दिया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और पूरे विश्व में देश का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। ललन सिंह ने स्पष्ट किया कि भारत ₹वसुधैव कुटुंबकम₹ के सिद्धांत को मानता है, लेकिन जो भी देश के नागरिकों को आंख दिखाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# बिहार चुनाव से पहले सीएम नीतीश ने दी बड़ी सौगात

### शिक्षक नियुक्ति परीक्षा जल्द कराने का आदेश

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के लोगों को रोजगार की बड़ी सौगात दी है। सीएम नीतीश ने शिक्षकों की नियुक्ति के लिए जल्द से जल्द परीक्षा आयोजित कराने का आदेश जारी कर दिया है। सीएम नीतीश ने खुद एक्स पर इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि इस परीक्षा में महिलाओं को आरक्षण का लाभ भी मिलेगा। सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर बताया, 'हमने शिक्षा विभाग को कहा है कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की गणना तुरंत कर ली जाए और इस पर नियुक्ति के लिए TRE 4 की परीक्षा शीघ्र लेने की कार्रवाई की जाए। राज्य



सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नियुक्तियों में 35 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण का लाभ बिहार की निवासी महिलाओं को ही दिया जाएगा।' यहां आपको बता दें कि इसी साल जनवरी के महीने में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने एक्स पोस्ट में बताया था कि चौथे चरण में 80 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होने वाली है। उन्होंने बताया था कि यह नियुक्ति चुनाव से पहले कर ली जाएगी। यह भी जानकारी सामने आई थी कि टीआरई-3 में करीब 20 हजार से ज्यादा पद खाली रह गए थे। इन रिक्त पदों को भी टीआरई -4 में शामिल कर लिया जाएगा। यह भी बता दें कि बीपीएससी टीआरआई-4 में टीआरआई 1,2 और 3 जैसी ही योग्यता जरुरी मापदंड होगी। इसके तहत प्राथमिक शिक्षक बनने के लिए 12वीं पास होने के साथ डीएलडी होना जरूरी है। इसी तरह मिडिल स्कूल के लिए ग्रेजुएट होने के साथ-साथ उम्मीदवार का डीएलएड होना चाहिए। माध्यमिक शिक्षक के लिए ग्रेजुएशन के साथ-साथ डीएलडी/बीएड जरुरी है।

# भभुआ में सिविल कोर्ट के पुलिस गार्ड पर जानलेवा हमला

### एक बदमाश गिरफ्तार, बाइक बरामद

**कैमूर।** बिहार के कैमूर जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहाँ भभुआ सिविल कोर्ट के एक पुलिस जवान पर बाइक सवार बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने गार्ड से मारपीट की, पैसे और बाइक छीनकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में इस्तेमाल की गई एक बाइक बरामद कर ली है और एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जिला जज के गार्ड शेषनाथ चौबे, जो बक्सर जिले के निवासी हैं और भभुआ कोर्ट में तैनात हैं, मंगलवार



सुबह बक्सर से अपनी बाइक से भभुआ आ रहे थे। पीड़ित गार्ड शेषनाथ चौबे ने बताया कि आज सुबह मैं बक्सर से भभुआ अपनी बाइक से आ रहा था। भभुआ-मोहनिया रोड पर मंडलाकार जेल के पास पीछे से आ रहे बाइक सवारों ने मुझे टक्कर मार दी, जिससे मैं गिर गया और वे लोग भी गिर गए। इसके बाद दो बाइकों पर सवार करीब आठ लोगों ने शेषनाथ चौबे के साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने रास्ते से गुजर रहे लोगों से भी मदद की गुहार लगाई, लेकिन बदमाशों ने उन्हें भी धमकाकर भगा दिया।

# मुजफ्फरपुर समेत चार जिलों में रेड अलर्ट

### पटना में भी झमाझम बारिश, बिहार में झूम उठा मॉनसून

महानगर नेटवर्क

पटना

इस मॉनसून सीजन में बारिश की कमी झेल रहे बिहार के लोगों के लिए अच्छी खबर है। बुधवार 16 जुलाई से मॉनसून फिर से वेग में आ गया है। राज्य के अधिकांश जिलों को काले बादलों ने अपने आगोश में ले लिया है। दक्षिण बिहार में भारी बारिश का दौर शुरू हो गया है। पटना में भी झमाझम बरसात हो रही है। मौसम विभाग ने तात्कालिक रेड अलर्ट जारी कर मुजफ्फरपुर समेत 4 जिलों में ठनका और तेज बूंदाबांदी की चेतावनी जारी की है। कई जिलों में मंगलवार रात से ही लगातार पानी गिर रहा है, जिससे नदी-नाले उफान पर आ गए हैं।

मौसम विभाग ने सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली और नालंदा जिले में रेड अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में





बुधवार शाम तक तेज मेघगर्जन और आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहेगा। कुछ जगहों पर भारी बारिश की चेतावनी है। लोगों से घरों में ही रहने की अपील की गई है। इसके अलावा पटना, सीतामढ़ी, औरंगाबाद, अरवल, रोहतास, जहानाबाद, गयाजी, बांका, खगड़िया, दरभंगा और मधुबनी जिले में भी वज्रपात का तात्कालिक ऑरेंज अलर्ट है।

#### दक्षिण बिहार में भारी बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो पूरे बिहार में फिलहाल मॉनसून का सिस्टम सक्रिय हो चुका है। दक्षिण और पश्चिम बिहार में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। पटना सहित दक्षिण बिहार में अगले 24 घंटों के भीतर भारी बारिश के आसार हैं। पटना मौसम केंद्र ने पूर्वानुमान जारी कर बुधवार को गयाजी, रोहतास कैमूर और औरंगाबाद जिलों में अति भारी बारिश की आशंका जताई है।

#### गयाजी में भारी बारिश से आफत, कहीं पुल टूटे तो कहीं लोग बहे

जिले में रात भर से हो रही भारी बारिश की वजह से जनजीवन प्रभावित है। शेरघाटी में पलकिया शेरपुर और फतेहपुर को जोड़ने वाली सड़क पर बना पुल बह गया। मोरहर नदी उफान पर है। इमामगंज के पकरी गुरिया गांव के बधार में बाढ़ आई है।

# बांका में ग्राहकों को पंप पर मिलने लगा पेट्रोल की जगह पानी

### वाहन मालिक हैरान, SDM ने कही जांच की बात



**बांका।** पेट्रोल की जगह अगर वाहन में पानी चला जाए, तो क्या होगा? ऐसा ही एक मामला बांका जिले के अमरपुर के खेमीचक स्थित आनंद फ्यूल पेट्रोल पंप पर सामने आया है। यहां पेट्रोल भरवाने आए ग्राहकों को जब उनकी गाड़ियां थोड़ी दूर जाकर बंद होने लगीं, तो मामला खुलकर सामने आया कि पेट्रोल में पानी की मिलावट है। इसके बाद आक्रोशित ग्राहकों ने पेट्रोल पंप पर जमकर हंगामा किया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पेट्रोल भरवाने के बाद कई ग्राहकों के दोपहिया और चार पहिया वाहन बंद हो गए और उन्हें गैराज ले जाना पड़ा। जब मिस्त्री ने जांच की तो टंकी में पानी पाया गया। इसके बाद जब एक के बाद एक कई लोग इसी तरह की शिकायत लेकर पहुंचे तो मामले की गंभीरता बढ़ी और पेट्रोल पंप पर भीड़ जमा हो गई। पेट्रोल लेने आए ग्राहक आशुतोष कुमार ने बताया कि पेट्रोल में पहले भी पानी मिलने की शिकायत सामने आ चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जानबूझकर पानी मिलाया जा रहा है। पहले भी दर्जनों लोग शिकार हुए थे, अब फिर वही स्थिति है," उन्होंने कहा। कई लोगों का आरोप था कि पेट्रोल भरवाने के कुछ ही मिनट बाद गाड़ी बंद हो गई और गैराज में पता चला कि टंकी में पानी है।

# बिरयानी की खुशबू से बेकाबू हुए लोग

### • PK की रैली में भाषण छोड़ टूट पड़ी भीड़

भाषण सुनने के बजाय बिरयानी खाने में जुट गए। बहादुरगंज में जनसुराज पार्टी की 'बदलाव सभा' चल रही थी। लोग दाल-भात, सब्जी और बिरयानी पर टूट पड़े। ऐसा लग रहा था जैसे किसी शादी की दावत हो। दरअसल, PK की सभा में खाने की खुशबू फैलते ही भीड़ बेकाबू हो गई। लोगों को PK के भाषण से ज्यादा खाने में दिलचस्पी थी। पंडाल



में कुर्सियां खाली रह गईं। खाने के लिए लंबी कतारें लग गईं। ऐसा लग रहा था कि 'बदलाव सभा' में लोग बदलाव सुनने कम, दावत उड़ाने ज्यादा पहुंचे थे। जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की सभा में खाने पर ऐसी भीड़ उमड़ी कि जिसे संभालना मुश्किल हो गया। सभा स्थल पर बिरयानी की व्यवस्था की गई थी, जिसे खाने के लिए आपाधापी मच गई। बिहार के किशनगंज में प्रशांत किशोर की सभा में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जिसका अंदाजा तो खुद प्रशांत किशोर यानी पीके ने भी नहीं लगाया होगा। सभा में आने वाले के लिए बिरयानी की व्यवस्था की बात जैसे ही फैली, वैसे ही लोग बिरयानी के लिए लोग कूद पड़े। ना किसी ने जगह देखी ना किसी ने ये देखा कि इसमें किसी को चोट तो नहीं आ रही है। बिरयानी की चाहत में लोग तो दीवार पर भी खड़े हो गए। इस घटना का वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# खेमका मर्डर केस में पहली बार खाकी पर गिरी गाज

### • गांधी मैदान थाने के थानेदार सस्पेंड

**पटना।** पटना के चर्चित गोपाल खेमका मर्डर केस में पहली बार खाकी पर बड़ी कार्रवाई हुई है। व्यवसायी गोपाल खेमका मर्डर हत्याकांड मामले में लापरवाही बरतने पर गांधी मैदान थानेदार राजेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। आईजी पटना जितेंद्र राणा ने थानेदार के निलंबन की पुष्टि कर दी है। कहा जा रहा है कि एसएसपी की रिपोर्ट के बाद गांधी मैदान के थानेदार



पर यह कार्रवाई हुई है। इस मामले में एसएसपी ने चार पुलिस कर्मियों से स्पष्टीकरण भी मांगा है।

कहा जा रहा है कि एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने अपनी समीक्षा के दौरान गांधी मैदान थाने के एसएचओ राजेश कुमार को अपने कर्तव्यों में कई बिंदुओं पर लापरवाह पाया है।

# बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस का रोजगार वाला दांव

### पटना में जॉब फेयर लगाने का ऐलान

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव है। चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हैं। इसी कड़ी में अब महागठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी ने बड़ा ऐलान किया है। दरअसल कांग्रेस पार्टी की तरफ से बिहार में रोजगार मेला लगाने का ऐलान किया गया है। बता दें कि बिहार में रोजगार इस चुनाव में एक बड़ा मुद्दा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अक्सर युवाओं के लिए रोजगार के मुद्दे पर नीतीश सरकार को घेरते रहते हैं।

इस बीच अब कांग्रेस ने इस मुद्दे पर



बड़ा दांव चल दिया है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से जानकारी दी गई है कि पटना में महा रोजगार मेला लगाया जाएगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। राजेश कुमार ने एक्स पर लिखा, ;कांग्रेस का संकल्प — युवाओं को सम्मानजनक रोजगार! युवा कांग्रेस के तत्वधान में आयोजित महा रोजगार मेला में आ आ रही है 120 कंपनियां, हज़ारों अवसर। इस अवसर का लाभ उठाने वाले इच्छुक युवा आगामी 19 जुलाई को पटना के ज्ञान भवन में आएं और अपने हुनर को नई ऊंचाई दें।'

आपको बता दें कि इससे भागलपुर में युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रशांत बनर्जी की तरफ से जानकारी दी गई थी कि युवा कांग्रेस 19 जुलाई को पटना मे महा रोजगार मेले का आयोजन करेगी।

## व्यापार

# और घट सकती है आपकी लोन की किस्त

### आरबीआई गवर्नर ने दिया संकेत

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि अगर महंगाई और विकास दर दोनों में गिरावट जारी रहती है, तो केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती करने पर विचार कर सकता है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि महंगाई पूरे साल के अनुमान 3.7 प्रतिशत से भी नीचे जा सकती है। आरबीआई की मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी ने लगातार तीन बार रेपो रेट में कटौती की थी। एमपीसी की अगली द्विमासिक बैठक अगस्त में होनी है।

मल्होत्रा ने CNBC TV18 को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि मौद्रिक नीति समिति (MPC) का तटस्थ रुख परिस्थितियों के अनुसार प्रतिक्रिया करने की गुंजाइश देता है। उन्होंने कहा कि अगर महंगाई और विकास दर दोनों नीचे आते हैं, तो यह




नीतिगत ब्याज दर में कटौती को सही ठहरा सकता है। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करता है कि आंकड़े कैसे आते हैं। हम अभी भी अपने अनुमानों को अपडेट करने की प्रक्रिया में हैं। गवर्नर की यह टिप्पणी खुदरा महंगाई के आंकड़ों के आने के एक दिन बाद आई है। जून में खुदरा महंगाई 2.1% रही, जबकि अप्रैल से जून के बीच यह औसतन 2.7% रही, जबकि RBI का अनुमान 2.9% था। उम्मीद है कि जुलाई में महंगाई 2% से भी नीचे गिर जाएगी।

# सोना 500 रुपये फिसलकर 98870 रुपये पर

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की बिकवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ 500 रुपये घटकर 98,870 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 200 रुपए की गिरावट के साथ 99,370 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये गिरकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले बाजार सत्र में यह 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# TAFE की JFarm और ICRISAT के बीच साझेदारी

### हैदराबाद में होगी कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना




**मुंबई।** ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, विश्व का एक सबसे बड़ा और भारत का दूसरा सबसे बड़ा ट्रैक्टर निर्माता कंपनी ने 11 जुलाई को हैदराबाद के पटनचेरु स्थित ICRISAT परिसर में JFarm अनुकूली कृषि अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र स्थापित करने के लिए इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टिट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। TAFE ने 1964 में एक सीएसआर पहल के रूप में JFarm का उद्घाटन किया था जिसका उद्देश्य अनुसंधान-संचालित समाधानों और प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाना था। इस कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए, ग्रुप प्रेसिडेंट और TAFE बोर्ड के सदस्य डॉ. टी. आर. केसवन ने कहा कि हमारा लक्ष्य भूमि और जल संसाधनों को संरक्षित करते हुए परिशुद्ध कृषि को बढ़ावा देना है। हम अपने कृषक समुदाय की विविध आवश्यकताओं को भली-भाँति समझते हैं; हमारा मानना है कि ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से हम बड़े पैमाने पर किसानों को मशीनीकरण अपनाने के लिए प्रेरित कर सकेंगे। ICRISAT की विशेषज्ञता के साथ, हमें विश्वास है कि हम अंतिम मील के किसानों तक भी इन प्रौद्योगिकियों को प्रभावी ढंग से पहुँचा पाएँगे। ICRISAT के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने कहा कि आधुनिक कृषि में मशीनीकरण महत्वपूर्ण है और इस क्षेत्र में प्रगति के बिना, हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते।

# ड्रीम टेक्नोलॉजी ने भारत में ऑफलाइन किया विस्तार




**नई दिल्ली।** स्मार्ट होम अप्लायंसेज की वैश्विक लीडर, ड्रीम टेक्नोलॉजी ने क्रोमा के साथ साझेदारी करके भारत में ऑफलाइन खुदरा क्षेत्र में आधिकारिक रूप से कदम रखा है। यह कदम बाजार के लिए उनकी विकास रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अमेज़न इंडिया पर मजबूत मांग और लगातार सफलता के बाद यह ब्रांड अब अपने इंटेलिजेंट क्लीनिंग और ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स को सीधे फिजिकल स्टोर में ला रहा है। इससे भारतीय ग्राहकों के लिए इसके उत्पाद अब और भी सुलभ हो गए हैं, जिन्हें वे आसानी से देख और अनुभव कर सकते हैं। अपनी विस्तार योजना के तहत, ड्रीम के प्रोडक्ट्स 20 से अधिक शहरों में चुनिंदा क्रोमा स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के नुवा कलेक्शन का अनावरण

**मुंबई।** जिम्मेदार ज्वेलर और दुनिया के सबसे बड़े और भरोसेमंद खुदरा आभूषण विक्रेताओं (रिटेलर) में शुमार मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने शहर के जेडब्ल्यू मैरियट में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्राकृतिक हीरे (नेचुरल डायमंड) के अपने लेटेस्ट कलेक्शन - 'नुवा बाय माइन डायमंड्स का भव्य अनावरण किया। इस खूबसूरत शाम का मुख्य आकर्षण एक शानदार रनवे प्रजेंटेशन था। नुवा के आभूषणों से सुशोभित आठ मॉडल ने यह प्रस्तुति दी। इसमें सेलिब्रिटी शोटॉपर निमरत कौर ने कलेक्शन को बिल्कुल जीवंत बना दिया। जानी-मानी फैशन डिजाइनर निखिता टंडन के साथ क्रिएटिव पार्टनरशिप ने




शाम को और भी खास बना दिया। उन्होंने खास तौर पर ऐसे वेस्टर्न परिधान तैयार किए थे जो नुवा कलेक्शन को और भव्य बना रहे थे। नुवा अभियान आज के युग की महिला की ताकत, सुंदरता और बहुमुखी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का उत्सव है। बॉलीवुड आइकन और ब्रांड एंबेसडर करीना कपूर खान इस अभियान की अगुवाई कर रही हैं। 'साइनआउटलाउड' टैगलाइन के साथ यह अभियान महिलाओं को इन डिजाइन के जरिए उनकी निडर और अनोखी पहचान को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस कलेक्शन के लॉन्च पर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, "नए जमाने की महिलाओं की दृढ़ता और समकालीन एवं अमूर्त डिजाइनों की थीम को आगे बढ़ाते हुए पेश लेटेस्ट नुवा कलेक्शन हर मूड, अवसर और पहनावे पर बिल्कुल फिट बैठती है और वर्सटिलटी को नए सिरे से परिभाषित करती है। यह लग्जरी को भी नए सिरे से परिभाषित करती है क्योंकि इसका डिजाइन भव्य है लेकिन यह पहनने में हल्की लगती है।"

# हेमंत रूपाणी बने हिन्दुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस के नए सीईओ

**बेंगलुरु।** कोका-कोला कंपनी ने आज घोषणा की कि हेमंत रुपाणी को हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज़ प्रा. लि. (जो बेंगलुरु स्थित बॉटलिंग कंपनी है) का नया सीईओ नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति 8 सितंबर से प्रभावी होगी। गौरतलब है कि हेमंत रूपाणी एक जाने-माने बिजनेस लीडर हैं और उन्हें कई कंपनियों और उद्योगों में नेतृत्व का अनुभव है। एचसीसीबी से जुड़ने से पहले हेमंत रुपाणी मोंडेलीज़ इंटरनेशनल इंक. में नौ वर्षों तक विभिन्न महत्वपूर्ण भूमिकाओं में कार्यरत रहे। वर्तमान में वे दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र



(इंडोनेशिया, फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड) के लिए मोंडेलीज़ के बिजनेस यूनिट प्रेसिडेंट हैं। वे एचसीसीबी के मौजूदा सीईओ जुआन पाब्लो रोड्रिगेज की जगह लेंगे, जो कोका-कोला सिस्टम में नई भूमिका निभाने जा रहे हैं।

# 21 जुलाई को बंद होगा राजू इंजीनियर्स लिमिटेड का क्यूआईपी

**मुंबई।** राजू इंजीनियर्स लिमिटेड प्लास्टिक एक्सट्रूज़न मशीनरी का निर्माता है, जो ब्लोन फिल्म लाइन्स, शीट एक्सट्रूज़न लाइन्स, थर्मोफॉर्मिंग मशीन्स और पीवीसी पाइप एक्सट्रूज़न समाधानों में विशेषज्ञता रखता है। 38 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता के साथ, कंपनी की 70 से अधिक देशों में एक मजबूत वैश्विक उपस्थिति है और यह बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध है, जो इसकी बाजार विश्वसनीयता को मजबूत करता है। राजकोट, गुजरात से संचालित, राजू इंजीनियर्स छह क्षेत्रों में



26 से अधिक उत्पाद प्रदान करता है, प्लास्टिक प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देता है। कंपनी अपने योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से 18,000 लाख तक जुटाने की योजना बना रही है। राजू इंजीनियर्स लिमिटेड ने बताया कि उसके बोर्ड ने 114.42 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के न्यूनतम मूल्य के साथ इक्विटी शेयरों के योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के निर्गम को मंजूरी दे दी है। 14 जुलाई, 2025 को बीएसई पर इक्विटी शेयरों का समापन मूल्य 131.20 था एनएसई पर प्रति इक्विटी शेयर 131.15 था। कंपनी इस निर्गम के लिए निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर 5% से अधिक की छूट नहीं दे सकती। निर्गम मूल्य कंपनी द्वारा निर्गम के लिए नियुक्त बुक-रनिंग लीड मैनेजर के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# भारत-नेपाल सीमा पर परमिट की गड़बड़ी को लेकर सीएम योगी सख्त

## तीन जिलों में दर्ज कराई जाएगी FIR

महानगर संवाददाता
लखनऊ

भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र में इंटरनेशनल रूट पर जाली परमिट से चल रही प्राइवेट बसों को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सख्ती दिखाई है। सीएम के सख्त रुख को देखते हुए ऐक्शन में आए परिवहन विभाग कड़े कदम उठाए हैं। एफआरआरओ लखनऊ और एसएसबी से पता चला है कि कई बसों द्वारा नेपाल सीमा पर ऐसे परमिट प्रस्तुत किए गए थे, जो सतही रूप से संभागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी प्रतीत हो रहे थे लेकिन जांच में यह पूरी तरह जाली या वैधानिक अधिकार क्षेत्र से परे पाए गए। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि अब तक तीन जिलों (अलीगढ़, बागपत और महराजगंज) में स्पष्ट रूप से जाली परमिट की पुष्टि हो चुकी है। यहां के संबंधित एआरटीओ ने प्रमाणित किया कि ऐसा कोई परमिट कार्यालय से जारी नहीं किया गया। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश किया गया है।



इसके अलावा गोरखपुर, इटावा और औरैया जैसे जिलों में भी ऐसे परमिट प्रस्तुत किए गए हैं, जो प्रथम दृष्टया भारत–नेपाल यात्री परिवहन समझौता, 2014 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने बताया कि गोरखपुर के मामले में विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिवहन आयुक्त ने पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को पत्र भेजा है, जिसमें तीन जिलों में दर्ज प्रकरणों की एसटीएफ से जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है। परिवहन आयुक्त ने बताया कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 88(8) एवं भारत–नेपाल समझौते के अनुच्छेद III(5) एवं III(11) के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर संचालन के लिए सिर्फ गंतव्य देश की दूतावास/कांसुलेट द्वारा Form-C में निर्गत परमिट ही वैध होता है। ऐसे में राज्य स्तर पर SR-30 अथवा SR-31 फॉर्म में जारी परमिट भारत–नेपाल मार्ग हेतु वैधानिक नहीं हैं।

भारत–नेपाल यात्री यातायात समझौता, 2014 के अनुच्छेद III(5) एवं Form-C के Note-4 के अनुसार नेपाल के लिए यात्रियों के साथ निजी बस संचालन हेतु परमिट केवल गंतव्य देश की दूतावास/कांसुलेट द्वारा ही Form-C में जारी किया जाना वैध है। इस परिप्रेक्ष्य में (RTO/ARTO) अथवा RTA द्वारा SR-30 अथवा SR-31 फॉर्म में जारी कोई भी परमिट अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने हेतु वैधानिक रूप से अमान्य (Ultra Vires) है। यह स्पष्टता इसलिए आवश्यक है ताकि कोई भ्रम की स्थिति न रहे और सभी संबंधित एजेंसियां नियमों की सही व्याख्या करें।

गौरतलब है कि इन मामलों में कुछ परमिट ऐसे भी हैं जो VAHAN 4.0 पोर्टल की ऑटो अप्रूवल प्रणाली के माध्यम से जारी हुए प्रतीत होते हैं, जिसमें 'वाया' कॉलम को मैन्युअली भरने की छूट होने से नेपाल जैसे स्थान दर्ज किए गए हैं। परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पूर्व में NIC को स्पष्ट वर्कफ़्लो भेजा गया था, जिसमें निर्देश दिया गया था कि ऐसे कॉलम में केवल पूर्व-निर्धारित ड्रॉप डाउन सूची के विकल्प ही चयनित हो सकें।

# दुनिया के सबसे एडवांस कैमरों से होगी विधानसभा की निगरानी

## शीतकालीन सत्र तक लग जाएगा AI सिस्टम

महानगर संवाददाता
लखनऊ



यूपी विधानसभा जल्द ही दुनिया के सबसे एडवांस कैमरों से लैस होगी। ये कैमरे न केवल चेहरों की पहचान करेंगे बल्कि एक-एक विधायक के क्रियाकलापों की निगरानी भी रखेंगे। इन कैमरों की खासियत दर्जनों की भीड़ में भी चेहरे पहचानने, उनके कामकाज से लेकर गतिविधियों की ऑटोमेटिक रिपोर्ट तैयार करने की होगी।

इस काम के लिए विधानसभा सचिवालय ने ई टेंडर जारी किया है। इसके फाइनल होने के 45 दिन के अंदर कैमरे लगाने होंगे। विधानसभा के बजट सत्र में अध्यक्ष सतीश महाना ने इस पहल की जानकारी दी थी। उम्मीद की जा रही है कि शीतकालीन सत्र नए एआई सिस्टम की निगरानी में होगा।

### सभी विधायकों का पूरा ब्योरा दर्ज होगा

काली सूची में दर्ज नाम और चेहरों को पहचान कर अलर्ट करने की तकनीक भी नए सिस्टम में होगी। डीप लर्निंग डाटा के जरिये सभी विधायकों का पूरा ब्योरा सिस्टम में दर्ज होगा। डिवाइस नाम, वाचलिस्ट, लिंग, तारीख, समय और लोकेशन से भी चेहरों को ढूंढ निकालेगी। पूरा एआई सिस्टम करीब 42 डिवाइस से लैस होगा। नए एआई सिस्टम को विधानसभा मंडप में पहले से स्थापित ऑडियो–वीडियो सिस्टम के साथ तालमेल बैठाना भी आवश्यक होगा। जिस कंपनी का चयन किया जाएगा, उसे पहले से स्थापित उपकरणों के साथ सामंजस्यता का प्रमाण पत्र लेना होगा।

# जमालुद्दीन के करीबियों ने एटीएस के गवाह को धमकाया, तीन पर मुकदमा दर्ज

महानगर संवाददाता
बलरामपुर



अवैध धर्मांतरण व देश विरोधी गतिविधियों के सरगना जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के करीबी अभी भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। एटीएस की जांच और कार्रवाई के बाद भी छांगुर के सहयोगी लोगों को धमका रहे हैं। एटीएस की जांच में गवाही देने वाले हरजीत कश्यप को कुछ लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। हरजीत की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। हरजीत का आरोप है कि तीनों छांगुर के खास लोग हैं और उन पर बयान बदलने का दबाव बना रहे हैं, मना करने पर जान से मारने की धमकी दी है।

धानेपुर क्षेत्र के रेतवागाड़ा में रमजान का नाम छांगुर के करीबी में जुड़ा था। एफआईआर में छांगुर के साथ रमजान आरोपी है। वह एक मदरसे में शिक्षक के रूप में काम कर रहा था। स्थानीय लोग बता रहे थे कि रमजान की मृत्यु हो चुकी थी। सूत्रों का कहना है कि रमजान तक एटीएस पहुंच गई है। छांगुर नेपाल से सटे गांवों में धर्मांतरण का अड्डा स्थापित करने में जुटा था। इसके लिए उसने टीम तैयार की थी। यहीं से वह नेपाल में पैठ बनाने के प्रयास में था। इसके लिए 46 गांवों के युवाओं पर उसकी नजर थी। तकरीर के बहाने वह जलसों में परचे बांटकर यह जानने की कोशिश करता था कि सीमावर्ती युवाओं की सोच कैसी है। जिहाद के प्रति उनका नजरिया कैसा है। चिह्नित युवाओं को छांगुर धन देकर मजबूत बनाना चाहता था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार सीमा पर इस्लामिक मूवमेंट के लिए करीब 10 करोड़ की रकम खर्च करने की तैयारी थी।

# कानपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. उदय नाथ हटाए गए

**लखनऊ।** कानपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी रहे डॉ. हरिदत्त नेमी के निलंबन पर हाईकोर्ट द्वारा स्टे लगा देने के बाद शासन ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. उदयनाथ को हटा दिया है। वह पहले की ही तरह श्रावस्ती जिले के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी बने रहेंगे। बता दें कि डॉ. हरिदत्त नेमी को कानपुर नगर के मुख्य चिकित्साधिकारी पद से निलंबित कर दिया गया था जिसके बाद वो हाईकोर्ट चले गए। जहां उनके निलंबन पर रोक लगा दी गई थी। डॉ. नेमी की राज्य सरकार ने डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह से विवाद के बाद बीती 19 जून को निलंबित कर दिया था।

# घूसकांड में घिरे निलंबित IAS अभिषेक प्रकाश को चार्जशीट

महानगर संवाददाता
लखनऊ



## पांच फीसदी रिश्वत देने की मांग की

उत्तर प्रदेश कैडर के निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश पर घूसखोरी के मामले में शिकंजा कसता जा रहा है। सरकार ने उन्हें आधिकारिक रूप से चार्जशीट थमा दी है। यह कार्रवाई उस प्रकरण से जुड़ी है जब वे इन्वेस्ट यूपी के सीईओ के पद पर तैनात थे। जिसके बाद अब अधिकारी की मुश्किलें बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अभिषेक प्रकाश पर आरोप है कि इन्वेस्ट यूपी के सीईओ रहते हुए उन्होंने एक सोलर एनर्जी कंपनी से दलाल के माध्यम से रिश्वत की मांग की थी। इसी गंभीर मामले में उन्हें पहले ही निलंबित किया जा चुका है और अब चार्जशीट में आरोपों का विस्तृत विवरण दिया गया है। चार्जशीट के माध्यम से उनसे प्रत्येक आरोप पर स्पष्ट जवाब मांगा है।

### 15 दिन में अभिषेक प्रकाश से मांगा जवाब

निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश को तमाम आरोपों पर अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। उन्हें 15 दिन के भीतर अपना जवाब दाखिल करना होगा। उनके जवाब दाखिल करने के बाद एक जांच अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जो इस मामले की जांच को आगे बढ़ाएगा। बता दें कि आईएएस अभिषेक प्रकाश साल 2006 बैच के अफसर हैं। सोलर एनर्जी कंपनी से रिश्वत मांगने का मामला सामने आने के बाद योगी सरकार ने कार्रवाई करते हुए उन्हें 20 मार्च को निलंबित कर दिया था। आरोप है कि इस सोलर कंपनी ने इन्वेस्ट यूपी में ऑनलाइन आवेदन दिया था, जिसमें यूपी में सोलर एनर्जी संयंत्र लगाने के एवज में कुल लागत की पांच फीसदी रिश्वत देने की मांग की गई थी। जिसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी।

# चीफ सेक्रेटरी के रिटायरमेंट से पहले यूपी ने केंद्र को भेजा पत्र



**लखनऊ।** यूपी के चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार सिंह को उनके पद पर एक साल का सेवा विस्तार देने के लिए यूपी से केंद्र सरकार को पत्र भेज दिया गया है। पत्र के साथ उनके द्वारा उत्तर प्रदेश के हित में किए गए कामों का जिक्र भी किया गया है। इसमें बताया गया है कि उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाने के साथ ही अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए हैं। मनोज कुमार सिंह 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनके पास आईआईडीसी और अध्यक्ष पिकप का भी चार्ज है। डीएस मिश्र के सेवा विस्तार के बाद उन्हें 30 जून 2024 को मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। मनोज कुमार सिंह सीएम योगी की सरकार में नगर विकास, पंचायती राज, ग्राम विकास विभाग और कृषि उत्पादन आयुक्त रह चुके हैं। वह 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# रेप पीड़ित नाबालिग से गंदी बातें करने लगा दरोगा

## शिकायत पर डिलीट की चैट

महानगर संवाददाता
रामपुर

यूपी के रामपुर में हैरान कर देने वाला एक मामला सामने आया है। यहां मिलक कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विधवा महिला ने पुलिस के एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगाते हुए डीआईजी और एडीजी को शिकायत भेजी है। महिला का कहना है कि उसकी नाबालिग बेटी कुछ दिन पहले दुष्कर्म का शिकार हुई थी। कथित रूप से उसी थाने के एक दरोगा ने वीडियो कॉल कर उससे अश्लील बातें कीं और फिर बाद में व्हाट्सऐप पर आपत्तिजनक मैसेज भी भेजे। पीड़ित लड़की की मां ने डीआईजी और एडीजी से इस मामले की शिकायत कर दी। आरोप है कि इसके बाद एक सिपाही पीड़िता के घर पहुंचा और जबरन लड़की का फोन लेकर वह चैट डिलीट कर दी।



महिला ने आरोप लगाया कि जब वह अपनी बेटी के साथ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने पहुंची थी, तो वहां के हल्का दरोगा ने उसकी बेटी का फोन नंबर ले लिया। उसी रात दरोगा के नंबर से उसकी बेटी के मोबाइल पर वीडियो कॉल और अशोभनीय मैसेज आने लगे। महिला का आरोप है कि जब उन्होंने कॉल काट दी, तो दरोगा ने फिर व्हाट्सऐप पर संदेश भेजकर मिलने और अनुचित प्रस्ताव देने शुरू कर दिए।

इस घटना से आहत परिजनों ने जब उच्च अधिकारियों को शिकायत दी, तो अगले ही दिन एक सिपाही उनके घर पहुंचा और लड़की का फोन जबरन ले लिया। आरोप है कि सिपाही ने मोबाइल से वह चैट डिलीट कर दी और धमकी दी कि अगर परिवार ने पुलिस के खिलाफ आवाज उठाई, तो उन्हें झूठे मामलों में फंसा कर जेल भेज दिया जाएगा। वहीं रामपुर के ही एक अन्य मामले में एक दलित बालिका से दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान आरोपी दान सिंह वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश हुआ। वहीं अभियोजन पक्ष की ओर से धमोरा चौकी प्रभारी एसआई महेंद्र पाल सिंह को कोर्ट में पेश किया गया। जहां बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने उनसे जिरह की, जो पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।

### मौलाना कौसर हयात ने अमित शाह को लिखा पत्र

# 'मीट की दुकानों से प्रतिबंध हटाएं'

महानगर संवाददाता
लखनऊ



इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौलाना कौसर हयात खान ने कांवड़ यात्रा को लेकर गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने कांवड़ यात्रा से आम लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर गृह मंत्री को यह पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि कांवड़ यात्रा अत्यधिक धार्मिक उन्माद की वजह बन रही है। छोटी-छोटी सी बात पर गाड़ियों और रिक्शाओं और ढाबों और होटलों को निशाना बनाया जा रहा है। मौलाना कौसर हयात ने कहा कि पुलिस की मौजूदगी में कांवड़िए लोगों को निशाना बना रहे हैं। मौलाना कौसर हयात खान ने गृहमंत्री अमित शाह को भेजे लेटर में लिखा-"कांवड़ यात्रा एक धार्मिक आयोजन है परन्तु इसको एक खास मानसिकता के तहत उत्पात आयोजन बना दिया गया है। जब से कांवड़ यात्रा शुरू हुई है तब से लगातार उत्पात और हिंसा का माहौल बन गया है।" अत्यधिक धार्मिक उन्माद की वजह से छोटी छोटी मामूली बातों को लेकर कांवड़ियों द्वारा मारपीट करना और कार, मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा व अन्य वाहनों को क्षतिग्रस्त करना और ढाबों व खानों की दुकानों पर उत्पात मचाना एक आम बात हो गई है।

# अयोध्या में छुट्टा मवेशियों का आतंक

महानगर संवाददाता
अयोध्या

नगर पंचायतों, नगर पालिका और नगर निगम द्वारा छुट्टा मवेशियों को अभियान चलाकर पकड़ने के बावजूद शहरों में सड़कों-चौराहों पर खड़े इनके झुंड की वजह से हादसे होते हैं। जिले में शहर से लेकर गांव तक लगभग 5000 छुट्टा मवेशी खेतों, जिले ग्रामीण बाजार और सब्जी मंडियों के आसपास हर समय विचरण करते रहते हैं। हालांकि छुट्टा मवेशियों के संरक्षण के लिए जनपद में 76 गौशालाएं स्थायी और अस्थायी बनायी गयी हैं। नगर निगम अयोध्या की अपनी बैसिंह गौशाला में 3500 से अधिक छुट्टा मवेशियों को पकड़कर संरक्षित किया गया है। लेकिन इसके बाद भी शहर की सड़कों पर 500 से अधिक छुट्टा मवेशी हर समय अलग-अलग स्थानों पर दिखाई पड़ते हैं।



छुट्टा मवेशियों से ही नहीं, शहर के लोग आवारा कुत्तों से भी त्रस्त हैं। शहर का कोई ऐसा गली मोहल्ला न हो, जहां आवारा कुत्ते झुंड में रात दिन न दिखते हों। अयोध्या। नगर निगम की बैसिंह गौशाला में करीब 3600 पशु रखने की क्षमता है। तीन काऊ कैचर के माध्यम से इनको पकड़ने की व्यवस्था है।

# नदी में नहाने गए दो युवक डूबे, एक लापता

**गोरखपुर।** डोमिनगढ़ इलाके में मंगलवार की शाम चार बजे के करीब राप्ती नदी में नहाने गए दो युवक डूब गए। एक युवक का शव बुधवार की सुबह बरामद हुआ है। दूसरे की तलाश पुलिस और एसडीआरएफ की टीम के रही है। जानकारी के अनुसार, राजघाट थाना क्षेत्र के हनुमान गढ़ी का रहने वाला अभिषेक (26) पुत्र लक्ष्मण और संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के बामनौली निवासी शैलेंद्र (19) पुत्र श्रीकांत दोस्तों संग नदी में नहाने गए थे। शाम को अचानक डूबने लगे। उनकी तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार की सुबह एसडीआरएफ ने शैलेंद्र का शव बरामद कर लिया।

# किशोर पर केस दर्ज कराने गई महिला निकली यौन शोषण की आरोपी, केस दर्ज

महानगर संवाददाता
गोरखपुर

तिवारीपुर थाने में एक युवती के खिलाफ यौन शोषण का केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि उसने एक किशोर (17) का यौन शोषण किया है। साथ ही किशोर के साथ फोटो लेकर धनउगाही की भी कोशिश की। युवती किशोर के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराने के लिए थाने पहुंची थी, लेकिन पुलिस की जांच में किशोर ही पीड़ित निकला। इसके बाद किशोर के पिता ने युवती पर केस दर्ज कराया है। किशोर के पिता ने तिवारीपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मूलरूप से बांसगांव इलाके के रहने वाले हैं। उनका बेटा शहर के एक कॉलेज में 11वीं में पढ़ता है। इसी बीच माधोपुर की रहने वाली एक युवती से उसकी मुलाकात हो गई। आरोप है कि युवती ने किशोर को बहला-फुसलाकर प्रेमजाल में फंसा लिया और फिर उसके साथ रील बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। इसके बाद किशोर पर अपने आने के लिए दबाव बनाने लगी।



आरोप है कि 10 जून को युवती ने किशोर को घर बुलाया और अपनी मां की मौजूदगी में डरा कर रुपये मांगे। रुपये देने और शादी करने के लिए दबाव बनाते हुए बात नहीं मानने पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराने की धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद युवती ने किशोर का शारीरिक शोषण किया। किसी तरह युवती के घर से निकलने के बाद घर लौटकर किशोर ने परिवार के लोगों को पूरी जानकारी दी।

# नकली गुटखा फैक्ट्री पर छापा

## लाखों का माल बरामद

**सुल्तानपुर/अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर और अंबेडकरनगर से नकली गुटखा फैक्ट्री पर छापा की खबर है। सुल्तानपुर के दोस्तपुर में पुलिस ने मंगलवार को नकली गुटखा फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। वहीं, अम्बेडकरनगर के अकबरपुर थाना क्षेत्र से भी नकली गुटखा फैक्ट्री के पकड़े जाने की खबर सामने आई है। सुल्तानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को नकली गुटखा बनाने वाली एक फैक्ट्री का खुलासा किया है। यह फैक्ट्री थाना दोस्तपुर अंतर्गत दुल्हापुर खौदा गांव में संचालित हो रही थी। पुलिस ने मौके से एक पिकअप भर नकली गुटखा, उपकरण, नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। सुल्तानपुर में कार्रवाई 'कमला पसंद', 'कारतूस तंबाकू' और 'बनारसी आशिक' जैसे प्रचलित ब्रांडों की शिकायत पर की गई। इन ब्रांडों के अधिकारियों को नकली उत्पादों की बिक्री की सूचना मिली थी। शिकायत पर गुटखा कंपनी 'कमला पसंद' के अधिकारियों शिवम दुबे, फहीम कुरैशी और दुर्गेश मिश्रा ने दोस्तपुर थाने में मामला दर्ज कराया।

# कैराना की सपा सांसद इकरा हसन से भिड़े एडीएम

## कमिश्नर ने डीएम को सौंपी जांच

महानगर संवाददाता
कैराना

कैराना सांसद इकरा हसन से सहारनपुर के एडीएम संतोष बहादुर भिड़ गए हैं। इकरा ने एडीएम पर उनका अपमान करने और नगर पंचायत चेयरपर्सन शमा परवीन को डांटने का आरोप लगाया है। यह भी आरोप लगाया कि एडीएम ने उन दोनों को अपने कक्ष से जाने तक को बोल दिया। मामले की शिकायत कमिश्नर से लेकर शासन तक की गई। कमिश्नर ने डीएम सहारनपुर को जांच कर रिपोर्ट सौपने को निर्देश दिया है। घटना एक जुलाई की है। छुटमलपुर नगर पंचायत चेयरपर्सन के साथ इकरा हसन समस्याएं लेकर उनसे मिलने गई थीं।



कैराना सांसद इकरा ने प्रमुख सचिव नियुक्ति, कमिश्नर सहारनपुर समेत अन्य अफसरों को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की है। पत्र में विस्तार से बताया है उनके साथ क्या हुआ था। जिसमें उन्होंने बताया कि वह एक जुलाई को छुटमलपुर नगर पालिका की चेयरपर्सन के साथ सहारनपुर में अपर जिलाधिकारी प्रशासन से मिलने गई थीं। वह पहुंचीं तो पता चला कि एडीएम लंच करने के लिए गये हुए हैं। कार्यालय में कहा गया कि जो भी समस्या है, वह पत्राचार के माध्यम से दे दें। कुछ देर बाद लंच करके एडीएम वापस लौटे तो सांसद और चेयरपर्सन उनसे मिलने कक्ष में गए। आरोप है कि मुलाकात के दौरान एडीएम का व्यवहार अपमानजनक रहा। उन्होंने सांसद व चेयरपर्सन के साथ अभद्र व्यवहार किया। इतना ही नहीं सांसद को कार्यालय से बाहर जाने तक को बोल दिया। सांसद की ओर से शिकायत के बाद अब मंडलायुक्त ने डीएम सहारनपुर को मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं।

मंडलायुक्त अटल कुमार राय के अनुसार कैराना सांसद इकरा हसन ने एडीएम पर अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को जांच करने के आदेश दिए गए हैं।

# डराने लगी नदी: काशी- प्रयागराज में उफान पर गंगा

महानगर संवाददाता
गोरखपुर

प्रदेश के विभिन्न जिलों में गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को जहां वाराणसी में गंगा का पानी लगातार बढ़ रहा है जिससे तट के कई मंदिर डूब गए हैं। गंगा के जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस ने मोटरबोट पर आरती देखने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। दशाश्वमेध घाट पर जल पुलिस चौकी तक पानी पहुंच चुका है। वहीं प्रयागराज में भी गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जबकि यमुना के जलस्तर में जरूर कमी दर्ज की गई है।



मंगलवार को केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी बाढ़ बुलेटिन के अनुसार सुबह आठ बजे गंगा का जलस्तर 68.42 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जलस्तर में चार सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ोतरी हो रही थी। जबकि दोपहर बाद दो सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से जलस्तर बढ़ा। शाम सात बजे गंगा का जलस्तर 68.70 मीटर रिकॉर्ड किया गया जो चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर से 1.56 मीटर नीचे है। अस्सी घाट पर सुबह-ए-बनारस के मंच तक पानी पहुंच गया।

दशाश्वमेध घाट पर स्थित शीतला माता मंदिर में बीते देर रात पानी प्रवेश कर चुका था और शाम तक मंदिन डूब गया। मंदिर का सिर्फ ऊपरी हिस्सा ही पानी से बाहर दिख रहा है। गंगा के मंदिर में प्रवेश के चलते मां शीतला का मुखौटा बीती रात ही आरती के बाद अहिल्याबाई स्टेट में अहिलेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित कर दिया गया। मंगलवार से नित्य का राग-भोग व दर्शन-पूजन शुरू हो गया है। वहीं, नमो घाट पर नमस्ते स्कल्पचर का निचला हिस्सा भी डूब गया है। अस्सी से राजघाट के बीच घाट के सभी मंदिर जलमग्न हो चुके हैं। कई मंदिरों के तो सिर्फ शिखर ही नजर आ रहे हैं। जल पुलिस प्रभारी ने राजकिशोर पांडेय ने बताया कि दशाश्वमेघ घाट पर होने वाली गंगा आरती अब सांकेतिक रूप से होगी।

### चंबल नदी में उफान से कई गांवों में अलर्ट

आगरा। कोटा बैराज से छोड़े गए 2 लाख क्यूसेक पानी के चलते चंबल नदी में आए उफान से क्षेत्र के 38 गांवों को अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को नदी किनारे न जाने की हिदायत के साथ बचाव और राहत के लिए 8 बाढ़ चौकियां बनाई गईं हैं। वहीं, चंबल नदी में आए उफान के मद्देनजर प्रशासन ने पिनाहट और कैंजरा घाट पर मोटरबोट का संचालन बंद करा दिया है। नदी से जुड़ने वाले कच्चे रास्ते और खादरों में नदी का पानी भर गया है। 24 घंटे में नदी का जलस्तर 7 मीटर बढ़कर 114 मीटर से 121 मीटर पर पहुंच गया, जो चेतावनी स्तर 127 मीटर से 6 मीटर नीचे है। खतरे का निशान 130 मीटर पर है। चंबल नदी में आए उफान के चलते निचले इलाके के रानीपुरा, भटपुरा, गोहरा, मऊ की मढ़ैया, रेहा, डगोरा, पुरा शिवलाल, झरनापुरा, भगवानपुरा, उमरैठा पुरा, क्योरी बीच का पुरा गांवों में रतजगा के हालात पैदा हो गए हैं।

# जरीन खान ने बताया क्यों ठुकराया बिग बॉस का ऑफर



जरीन खान ने वीर फिल्म से डेब्यू किया तब उनकी तुलना कटरीना कैफ से की जा रही थी। हालांकि फिल्मों में वह अपनी कुछ खास जगह नहीं बना पाईं। बिग बॉस मेकर्स उन्हें शो के लिए अप्रोच कर चुके हैं। होस्ट सलमान भी उनके परिचित हैं। हालांकि जरीन शो नहीं करना चाहतीं। उनका कहना है कि वह गलत बात बर्दाश्त नहीं कर पाती हैं। शो में उनका हाथ उठ जाएगा। जरीन खान हिंदी रश से बात कर रही थीं। उन्होंने बिग बॉस ऑफर के बारे में बताया, 'मुझे वो शो पसंद है। मैंने इस बीच दो या तीन सीजन मिस किए होंगे बाकी सब देखे हैं।' जरीन को ये शो ऑफर हुआ था और उन्होंने मना कर दिया। इस पर वह बोलीं, 'सबसे पहली बात, मेरे ऊपर बहुत सारी जिम्मेदारियां हैं इसलिए मैं कहीं और जाकर कुछ महीने रुकने के बारे में नहीं सोच सकती। मुझे नहीं लगता कि मेरा घर मेरे बिना चल पाएगा, मैं पैसों की बात नहीं कर रही। 10 हजार चीजें हैं जो मुझे देखनी होती हैं। अगर मैं एक दिन के लिए ट्रैवल करूं तो अपनी मां को पांच से सात बार फोन करके उनकी हेल्थ और बाकी चीजों के बारे में पूछती हूं। यह सबसे बड़ी वजह है।' जरीन आगे बोलती हैं, 'दूसरी चीज मुझे ये भी लगती है कि बहुत सारे लोगों के साथ मैं एक घर में नहीं रह पाऊंगी। मुझे दोस्त बनाने में वक्त नहीं लगता लेकिन पता नहीं मैं कितनी सहज हो पाऊंगी। दूसरी बड़ी वजह है कि उलटी बात मुझे बर्दाश्त नहीं होती। मैं गलत व्यवहार बर्दाश्त नहीं करती। हाथ उठ जाएगा मेरा, फिर मुझे बाहर ही फेंक देंगे तो बेहतर है कि मैं ना जाऊं। मैं 100 परसेंट जानती हूं कि मेरा हाथ उठ जाएगा।'

**बोलीं- मेरा हाथ उठ जाएगा...**

# 'वॉर 2' का धमाकेदार पोस्टर हुआ रिलीज



यशराज फिल्म्स की मोस्ट अवेटेड एक्शन फिल्म 'वॉर 2' को रिलीज होने में अब महज 30 दिन बचे हैं! वाईआरएफ ने अपनी इस स्पाई यूनिवर्स फिल्म का यह धमाकेदार पोस्टर जारी किया है। फिल्म को लेकर मेकर्स का कहना है कि ये इस साल की सबसे बड़ी एक्शन फिल्मों में से एक साबित होगी। अयान मुखर्जी निर्देशित इस मेगा-प्रोजेक्ट में ऋतिक रोशन के अलावा लीड रोल में एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी भी हैं। बता दें कि सितारों की ये तिकड़ी पहली बार एक साथ नजर आएगी।ये फिल्म 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। वाईआरएफ ने अपनी इस अपकमिंग फिल्म 'वॉर 2' का नया पोस्टर आज बुधवार को जारी किया है जिसमें तीनों लीड स्टार्स का दमदार लुक नजर आ रहा है। इस पोस्टर के साथ ही फिल्म को लेकर काउंटडाउन शुरू हो चुका है और फैंस भी काफी उत्साहित दिख रहे हैं।

# ईशा से जुड़ा सवाल सुन भड़के अभिषेक





अभिषेक कुमार के कुकिंग रिएलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 2' में उनकी एक्स गर्लफ्रेंड ईशा मालवीय आईं। अभी तक अभिषेक और ईशा वाला एपिसोड ऑन एयर नहीं हुआ है, लेकिन प्रोमो सामने आ गया है। प्रोमो में ईशा के आते ही 'लाफ्टर शेफ 2' के कंटेस्टेंट्स अभिषेक और समर्थ को चिढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में प्रोमो देखने के बाद कुछ लोग अभिषेक और समर्थ की तारीफ कर रहे हैं, वहीं कुछ का कहना है की अभिषेक अब भी कहीं-न-कहीं ईशा को पसंद करते हैं तभी उनके आते ही अभिषेक के गाल लाल हो गए हैं। इंटरव्यू के दौरान टेली चक्कर ने अभिषेक से ईशा से जुड़ा सवाल पूछा। पत्रकार ने कहा, "शो में ईशा भी आई थीं। प्रोमो देखने के बाद फैन्स कह रहे हैं कि ईशा के आने पर आप ब्लश कर रहे थे।" इस पर अभिषेक भड़क गए। अभिषेक ने कहा, "कहां हैं वो फैन्स? मेरे पास ऐसा कोई कमेंट नहीं आया। ऐसा कुछ है भी नहीं। हो गया भाई, बहुत हो गया। बस करो। बस कर दो अब। हाथ जोड़कर विनती है। बस कर दो। इसको (समर्थ) भी बस कर दो और मुझे भी बस कर दो। तीन साल हो गए हैं यार।"फिर अभिषेक ने इंटरव्यू के खत्म होने के बाद दोबारा कहा, "हम आगे बढ़ चुके हैं, प्लीज। हमसे ईशा से जुड़ा कोई क्वेश्चन मत पूछा करो। वो भी आगे बढ़ चुकी है। उससे भी मत पूछा करो और ये मैं सीरियस होकर बोल रहा हूं।"

# फिल्म 'अबीर गुलाल' विवाद पर बोलीं वाणी कपूर!



बॉलीवुड अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' से चर्चा में हैं, जिसका बीते मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ। बहुत जल्द यह ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिनेत्री ने अपनी पिछली फिल्म 'अबीर गुलाल' को लेकर हुई आलोचनाओं पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान नजर आए थे। हालांकि, आपको बताते चलें कि उन्होंने किसी फिल्म का नाम नहीं लिया। चलिए जानते हैं एक्ट्रेस ने क्या कहा। मंगलवार को अपने आगामी वेब सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में वाणी कपूर ने अपनी पिछली फिल्म विवाद का नाम लिए बिना प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ महीनों सोशल मीडिया पर सब कुछ बड़ा अजीब हो गया था। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि कोई नफरत को शांत कर सकता है, प्यार और दया के लिए जगह बना सकता है। मुझे पता है कि यह बहुत दिलचस्प नहीं लगता है, लेकिन आप जो करते हैं वह आपके पास वापस जरूर आता है। यदि आप किसी से नफरत करते हैं या उसे ट्रोल करते हैं, तो यह किसी दिन आपके पास वापस आ जाएगा और यह आपको बहुत सताने वाला होगा।'आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'बस अच्छे और दयालु बनें और इंसान की तरह रहने की कोशिश करें। मैं चाहती हूं कि हम एक खुशहाल जगह पर रहें और एक-दूसरे के प्रति और खुद के प्रति दयालु बनें।'वाणी कपूर की यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 25 जुलाई को स्ट्रीम होगी। 'मंडला मर्डर्स' के जरिए वाणी कपूर ओटीटी सीरीज की दुनिया में डेब्यू कर रही हैं। इस सीरीज में सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा 'पंचायत' फेम प्रधानजी यानी एक्टर रघुबीर यादव भी इस सीरीज में दिखाई देंगे। इस सीरीज के निर्देशन की कमान गोपी पुरथन ने संभाली है।

# बदहाल हालत में सड़कों पर भटक रही थीं नसीरुद्दीन शाह की को-एक्ट्रेस



फिल्म इंडस्ट्री अगर किसी को सड़क से उठाकर महलों तक ले जाने का दम रखती है तो कई बार ये उल्टा भी साबित होती है। इस इंडस्ट्री में कई ऐसे बड़े-बड़े कलाकार भी रहे जिसने अर्श से फर्श तक की दुनिया रातों-रात देखी है। एक ऐसा ही किस्सा सच होते हुए फिर नजर आया है। बंगाली फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस सुमी हर चौधरी को बदहाल हालत में सड़कों पर भटकते हुए पाया गया, जसके बाद उन्हें रेस्क्यू किया गया है। फिल्म इंडस्ट्री से हैरान करने वाला ये मामला पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्दवान जिले से सामने आया है जहां सड़क किनारे भटकती हुईं वो नजर आईं। हालांकि, उनके हालात ऐसे थे कि उन्हें पहचान पाना मुश्किल था। बताया जाता है कि सुमी को लोगों ने पहली बार तब देखा जब वो जिले के खंडघोष इलाके में सड़क किनारे बनी जगह पर बारिश से बचने के लिए जगह तलाश रही थीं। बताया जा रहा है कि शॉर्ट्स और काली शर्ट में एक कागज पर वो कुछ लिखती हुई और बांग्ला और अंग्रेजी में कुछ कह भी रही थीं। हालांकि, वो साफ-साफ कुछ नहीं बोल पा रही थीं, इसलिए लोग समझ भी नहीं पा रहे थे। जब वहां के लोक लोग उनके पास पहुंचे तो उन्होंने टूटे-फूटे शब्दों में कहा, 'मैं सुमी हर चौधरी, एक एक्ट्रेस हूं।' बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ लग रही थीं और बार-बार यही बता रही थीं कि उन्होंने धारावाहिकों में काम किया है। बर्दवान जिले के अमिला बाजार इलाके में लोगों ने जब उन्हें भटकते हुए देखा तो उन्हें वो आम महिला की तरह लगीं इसलिए सबने उन्हें नजरअंदाज किया। लेकिन वो बार-बार यही कह रही थीं- मैं एक्ट्रेस हूं, जिसके बाद लोगों ने उन्हें इंटरनेट पर खोजना शुरू किया। उनकी फिल्मों और तस्वीरों से लोगों को समझ आया कि वो वाकई एक एक्ट्रेस हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह कहां से आई हैं, तो वो कभी कुछ कभी कुछ कहती रहीं। उन्हों अलग-अलग बातें बताईं और कहा कि वह कोलकाता से आई हैं। कभी बीरभूम जिले के भोलपुर का नाम लिया।

# फिल्म आराध्य दर्शकों के बीच जल्द



अर्धनारीश्वर क्रिएशंस के बैनर तले बनी फीचर फिल्म 'आराध्य' आगामी 18 जुलाई को सिनेमा हॉलो मे रिलीज होने जा रही है। जिसके निर्माता प्रोफेसर अमरनाथ शर्मा (डैडी) व सह निर्माता तुषार शर्मा हैं। फिल्म के लेखन और निर्देशन का दायित्व मुझे यानि सुजीत गोस्वामी को दिया गया था। फिल्म की पूरी शूटिंग चुनार मिर्जापुर में हुई है। इसका टीजर व ट्रेलर गत दिनो सोशल मीडिया रिलीज हो चुकी है जिसे सोशल मीडिया पर देखा जा सकता है। सुजीत गोस्वामी बनारस के रहने वाले हैं उनके लेखन व निर्देशन मे यह दूसरी फिचर फिल्म आराध्य है। इसके पहले इन्हों ने मंच पर नाटक, कई चैनलों के सीरियलो में अभिनय, निर्देशन व लेखन किया है। बाद उसके फिल्मों मे कई बड़े बैनर मे जैसे कि यश राज प्रोडक्शन हाउस, धर्मा, फैंटम आदि अभिनय व लाईन प्रोड्यूसर के तौर पर सक्रिय रहें हैं। आज वह हिंदी फिल्मों मे लेखन निर्देशन मे तेजी से स्थापित होते जा रहे हैं। उन्होंने सिनेमा को एक समय अलविदा कहा दिया था। अब बात अगर इनके आगामी फिल्म के बारे मे की जाए तो निर्माता प्रोफेसर अमरनाथ शर्मा (डैडी) के मन मे सत्य नारायण भगवान पर सिनेमा बनाने का विचार आया तो वह डायरेक्टर की तलाश करने लगे इसी कड़ी मे उन्होने सुजीत गोस्वामी से मीटिंग किया। मगर प्रोड्यूसर के विचार सुनने के बाद सुजीत ने बोला मैं नहीं कर सकता आपकी फिल्म, आप किसी और से करवा लीजिए। बाद इसके उन्होंने कई मीटिंग किया कई मीटिंग करने के बाद प्रोड्यूसर साहब ने बड़े उदास मन होकर बोला मेरी आखिरी इच्छा है इसे पूरा करोगे तो सिर्फ तुम करोगे... तुम्हे यह करना ही पड़ेगा।

# पूर्व क्रिकेट का विराट कोहली से आग्रह

## 'मेरी इच्छा है कि वह संन्यास के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करें'



**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के एक दिन बाद 1983 विश्व कप विजेता और भारत के पूर्व ऑलराउंडर मदन लाल ने विराट कोहली से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से वापसी का आग्रह किया। व्यापक रूप से खेल के आधुनिक महान खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले कोहली ने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। कोहली ने 123 मैचों में 46.85 की प्रभावशाली औसत से 30 शतकों और 31 अर्धशतकों के साथ 9230 रन बनाकर अपने 14 साल के करियर को अलविदा कह दिया।

उन्होंने ग्रीम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48 जीत) और स्टीव वॉ (41 जीत) के बाद चौथे सबसे सफल टेस्ट कप्तान के रूप में संन्यास ले लिया। मदन लाल ने कहा, 'विराट कोहली का भारतीय क्रिकेट के प्रति जुनून बेजोड़ था। मेरी इच्छा है कि वह संन्यास के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करें। वापसी में कोई बुराई नहीं है। अगर इस सीरीज में नहीं, तो उन्हें अगली सीरीज में वापसी करनी चाहिए।'

कोहली के 30 टेस्ट शतक उन्हें सचिन तेंदुलकर (51 शतक), राहुल द्रविड़ (36) और सुनील गावस्कर (34) के बाद भारत के चौथे सबसे सफल बल्लेबाज हैं। कोहली ने 7 टेस्ट दोहरे शतक भी लगाए, जो किसी भी भारतीय द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे ज़्यादा शतक है। मौजूदा इंग्लैंड दौरे पर लीड्स में सीरीज के पहले मैच में 5 विकेट से हार के बाद भारत ने दूसरे टेस्ट में प्रभावशाली वापसी की।

# पीवी सिंधू जापान ओपन के पहले दौर में बाहर

## सात्विक-चिराग और लक्ष्य दूसरे दौर में





तोक्यो : दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को यहां जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए। पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू को इस सुपर 750 टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई। सिंधू ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधू जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गईं। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की।

इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों में पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया।

# गांगुली तीसरे टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी से निराश और जडेजा के धैर्य की सराहना की



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों भारत की मामूली हार पर निराशा व्यक्त की, जहां मेहमान टीम एक तनावपूर्ण अंत में केवल 22 रनों से हार गई। इस हार के साथ इंग्लैंड ने 5 मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली, क्योंकि भारत अंतिम दिन 193 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा नहीं कर सका।

गांगुली ने इंडियन रेसिंग लीग और एफ4 इंडिया चैंपियनशिप में बोलते हुए कहा कि श्रृंखला की शुरुआत में भारतीय बल्लेबाजी इकाई के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें उनसे और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। गांगुली ने कहा, 'इस श्रृंखला में भारत की बल्लेबाजी से मैं थोड़ा निराश हूं, उन्हें 190 रन बनाने चाहिए थे।' उन्होंने कहा, 'जब आपने रविंद्र जडेजा को संघर्ष करते और रन बनाते देखा, तो इस टीम की बल्लेबाजी की गुणवत्ता देखकर वे मुझसे ज़्यादा निराश होंगे क्योंकि यह इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में 2-1 से आगे होने का एक अच्छा मौका था।'

# पूर्व मुख्य कोच शास्त्री ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत की हार पर की बात

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन भारत की करीबी हार के कुछ अहम पलों पर चर्चा की। उन्होंने पहली पारी में ऋषभ पंत के रन आउट होने और दूसरी पारी में करुण नायर के विकेट को ऐसे अहम पल बताया जिन्होंने उस समय पलड़ा इंग्लैंड के पक्ष में झुका दिया। जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने चौथे दिन के आखिरी और पांचवें दिन के शुरुआती सत्र में नाटकीय ढंग से भारत के पतन का

**बताया मैच का टर्निंग प्वाइंट**



कारण बने और आईसीसी के नंबर 1 टेस्ट ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की शानदार वापसी के बावजूद भारत को 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 170 रनों पर आउट कर दिया।

रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के नए संस्करण में कहा, 'इस टेस्ट मैच में मेरे लिए निर्णायक मोड़, सबसे पहले ऋषभ पंत का आउट होना (पहली पारी में) था।' भारतीय उप-कप्तान पंत 74 रन बनाकर खेल रहे थे जब उन्होंने शोएब बशीर की गेंद पर ऑफ-साइड में डिफेंस किया और कवर पॉइंट पर खड़े इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने गेंद उठाकर नॉन-स्ट्राइकर एंड की ओर थ्रो कर दी, यह सब एक ही झटके में हुआ। उस डायरेक्ट हिट ने पंत को 74 रन पर आउट होने के लिए मजबूर किया। शास्त्री ने कहा, 'बेन स्टोक्स, लंच के समय दाहिने छोर पर हिट करने और उसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए अद्भुत सूझबूझ का परिचय देते हैं। क्योंकि भारत बढ़त बना लेता और वे जीत की स्थिति में होते।' उन्होंने कहा, 'यह कहने के बाद, [दूसरी पारी में] 40/1 के स्कोर पर, मुझे लगा कि करुण नायर की एकाग्रता में बहुत बड़ी चूक थी, एक सीधी गेंद, एक नथिंग बॉल, को छोड़कर इंग्लैंड के लिए रास्ता बनाना।